



दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी... 12
मौंदा मेला मैदान से डिघिया गाँव, भरोसा पुलिया तक...03




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 152
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
गुरुवार | 14 मार्च, 2024


प्रधानमंत्री मोदी ने 3 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी, 1.25 लाख करोड़ का यह प्रोजेक्ट, पीएम बोले

## आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाएगी मेड इन इंडिया चिप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में सेमीकंडक्टर उत्पादन के लिए इको-सिस्टम मजबूत बनाने के लिए इकाइयां स्थापित करने का प्रयास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इंडियाज टेकेड में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली तीन परियोजनाओं की सौगात दी। सेमीकंडक्टर उद्योग पर फोकस की नीति से देश के हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार सृजन होगा। विकसित भारत बनाने के आह्वान के साथ पीएम मोदी ने वर्चुअली जिस कार्यक्रम में शिरकत की, इसमें गुजरात के अलावा पूर्वोत्तर भारतीय राज्य असम के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत गुजरात के धोलेरा, साणंद और असम के मोरीगांव में सेमीकंडक्टर बनाने की इकाईयां स्थापित की जाएंगी।



### प्रधानमंत्री बोले, आज का ये दिन ऐतिहासिक, हम इतिहास रच रहे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज का ये दिन ऐतिहासिक है आज हम इतिहास रच रहे हैं और उज्जवल भविष्य की तरफ बहुत बड़ा मजबूत कदम भी उठा रहे हैं। आज सेमीकंडक्टर उत्पादन से जुड़े करीब सवा लाख करोड़ रुपए के तीन परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ये भारत को सेमीकंडक्टर उत्पादन का एक ग्लोबल हब बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, आज युवा देख रहे हैं कि भारत किस तरह प्रगति के लिए, आत्मनिर्भरता के लिए, ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी उपस्थिति के लिए चौतरफा काम कर रहा है। इन प्रयासों से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और आत्मविश्वास से भरा युवा कहीं भी हो, वो अपने देश का भाग्य बदल देता है।

### मेड इन इंडिया चिप भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की तरफ ले जाएगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 21वीं सदी टेक्नोलॉजी ड्रिवेन सेंचुरी है और इलेक्ट्रॉनिक चिप के बिना उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। मेड इन इंडिया चिप, भारत में डिजाइन किया गया चिप, भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की तरफ ले जाएगी। चिप मैन्युफेक्चरिंग सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं है, ये विकास का वो दरवाजा खोलती है, जो असीम संभावनाओं से भरा हुआ है। इस सेक्टर से न सिर्फ भारत में रोजगार के नए अवसर बनने वाले हैं, बल्कि तकनीकी उन्नति के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होने वाली है।

### एन चंद्रशेखर बोले, इसका देश पर बहुत दूरगामी असर होगा

टाटा ग्रुप के एन चंद्रशेखर चेयरमैन ने कहा, मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप्स पीएम मोदी के विजन के चलते यह पूरा हो रहा है। आज हमारे तीन प्लांट का शिलान्यास हो रहा है। पूरब और पश्चिम दोनों 2500 किलोमीटर दूर। इसका देश पर बहुत दूरगामी असर होगा। कोरोना के समय हमने इसके कमी को ज्यादा महसूस किया और दुनिया की साइबर वारफेयर ने इसे ज्यादा जोर दिया। यह सभी इंडस्ट्रीज के लिए बेसिक इक्विपमेंट हो गया है।

### 27 हजार करोड़ रुपए के निवेश से तैयार होगा प्लांट

इसके अलावा टाटा ग्रुप की टाटा सेमीकंडक्टर एसेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्लांट बनाएगी। इसकी क्षमता हर दिन 4.8 करोड़ चिप बनाने की होगी।

### 7600 करोड़ के निवेश से प्लांट लगाएगी

टाटा ग्रुप के अलावा सीजी पावर गुजरात के साणंद में एक प्लांट जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन और थाईलैंड की स्टार माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर तैयार करेगी। यह सेमीकंडक्टर प्लांट 7,600 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। यहां हर दिन 1.5 करोड़ चिप बन सकेंगी। इनसे सीधे 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा और इनडायरेक्ट रूप से करीब 60 हजार लोगों को नौकरी मिलेगी।

### युवाओं से मुखातिब पीएम मोदी ने समझाई उनकी अहमियत

प्रधानमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, सरकार टेक्नोलॉजी को एडवांस बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि देश के युवा तकनीक के मामले में बेहद प्रतिभा संपन्न हैं। इसलिए इनकी भूमिका अहम है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बेहद ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार मजबूत कदम उठा रही है।

### देश का भाग्य बदल डालता है आत्मविश्वास से लबरेज युवा

बकौल पीएम मोदी, इस अभूतपूर्व अवसर पर हमारे साथ देश के 60 हजार से ज्यादा कॉलेज, यूनिवर्सिटी और एजुकेशन इंस्टीट्यूट भी जुड़े हुए हैं। ये भी अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा, आज युवा देख रहे हैं कि भारत किस तरह प्रगति के लिए, आत्मनिर्भरता के लिए, ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आतुर है। युवा चौतरफा काम कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि सेमीकंडक्टर वर्ल्ड में सरकार के प्रयासों से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आत्मविश्वास से भरा युवा कहीं भी हो, वो अपने देश का भाग्य बदल ही डालता है।

### टाटा का जॉइंट वेंचर देश का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट बनाएगा

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि टाटा का जॉइंट वेंचर देश का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट बनाएगा। धोलेरा में माइक्रोन के सेमीकंडक्टर प्लांट के बाद यहां फैब्रिकेशन प्लांट बनेगा। अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन धोलेरा में 22,516 करोड़ रुपए की लागत से चिप एसेंबली प्लांट बना रही है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और ताइवान की पावर चिप सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग कॉरपोरेशन का जॉइंट वेंचर गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपए के निवेश से चिप फैब्रिकेशन प्लांट बनाएगा। पीएसएमसी की ताइवान में 6 चिप फाउंड्रीज हैं। गुजरात में जब प्लांट बन जाएगा तो इसकी क्षमता हर महीने 50 हजार वेफर्स बनाने की होगी।

### पीएम मोदी का दावा, खुलेंगे विकास के नए दरवाजे

बदलते समय के साथ चिप मैनुफैक्चरिंग की भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं है। ये विकास के वैसे दरवाजे खोलती है, जहां असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सेक्टर से न सिर्फ भारत में रोजगार के नए अवसर बनेंगे, बल्कि तकनीक के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होने वाली है। उन्होंने कहा कि हम एक तरफ देश में तेजी से गरीबी कम कर रहे हैं और दूसरी तरफ भारत में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण भी हो रहा है। देश आत्मनिर्भर बन रहा है। सिर्फ 2024 में ही अब तक 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की योजना का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है।

## एमएसएमई रोजगार देने वाला सेक्टर : सीएम योगी

सीएम बोले, आज यूपी में निवेश का बेहतर माहौल, भूखंड आवंटन पोर्टल का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश सरकार की ओर से 30826 करोड़ के मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी का अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद ने रामायण पर आधारित पुस्तक भेंट करके स्वागत किया। इस दौरान सीएम ने भूखंड आवंटन पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही टूल किट भी बांटे। सीएम योगी ने कहा, एमएसएमई रोजगार देने वाला सेक्टर है। यूपी में निवेश आ रहा, रोजगार मिल रहा है। आत्मनिर्भर भारत में एमएसएमई सेक्टर अहम है। एमएसएमई सेक्टर को आगे बढ़ाने की कोशिश निरंतर की जानी चाहिए। पहले कोई यूपी में निवेश नहीं करना चाहता था। सुरक्षा का माहौल देना सरकार का कर्तव्य है। आज प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर माहौल है। सीएम योगी ने कहा, पीएम मोदी के दिशा-निर्देश में काम कर रही प्रदेश सरकार अब हर सवाल का जवाब अपने काम से उत्तर देती है। नोएडा में एक बार फिर से एमएसएमई सेक्टर का मेगा इवेंट सितंबर में होगा। ढाई लाख के करीब उद्यमी लाभार्थियों को 30.826 करोड़ का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, यूपी सबसे ज्यादा लोन देने वाला राज्य बन गया है। एमएसएमई यूनिट के लिए 5 लाख का सुरक्षा बीमा दिया गया है। प्रदेश के 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स में से 40 लाख का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। हमारा लक्ष्य जल्द से जल्द सभी 96 लाख यूनिट्स को रजिस्टर्ड कराना है।

### मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराए विभाग

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, एमएसएमई विभाग को मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। अगर हमने ये काम कर लिया तो प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को पूरे देश में छाने में बहुत देर नहीं लगेगी। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील है कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

### यूपी में बड़े उद्योगों के लिए बेहतर माहौल है

सीएम ने कहा, हमारे पास मजबूत एमएसएमई बेस है, सुरक्षा का माहौल है और पर्याप्त लैंड बैंक है। ऐसे में यहां बड़े उद्योग के लिए बेहतर माहौल बन चुका है। इसकी झलक हमें यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए यूपी को मिले ?40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव में दिखता है। यही नहीं हाल ही में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश को हमने ग्राउंड पर उतारा है। साथ ही सीएम ने प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए डिस्ट्रिक्ट लेवल और स्टेट लेवल बैंकर्स की भी सराहना की।

### मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को और अधिक मजबूती प्रदान करना होगा

सीएम ने कहा, जिस स्पीड से यूपी चल रहा है उसे थोड़ा और पुशअप कर दें तो आने वाले पांच साल में हमें 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने में कोई रोक नहीं सकता। हमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को और अधिक मजबूती प्रदान करना होगा। कहा, पहले निवेश एनसीआर में होता था। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ और हापुड़ में निवेश होता था। अब यह काम उन्नाव, हरदोई जैसे छोटे जिलों में बड़ी संख्या में निवेश हो रहे हैं। ये दिखाता है कि हमारे पास पहले भी पोटेंशियल था, मगर उसका उपयोग नहीं किया गया।

### लाभार्थियों ने किया सीएम का शुक्रिया अदा

मुख्यमंत्री के हाथों ऋण प्राप्त करने वाले लखनऊ के हामिद अली अंसारी ने बताया, उन्हें प्लास्टिक मैनेजमेंट के लिए ऋण मिला है। उन्होंने सीएम योगी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी वजह से मुझे अपना बिजनेस बढ़ाने में मदद मिली है। बाराबंकी के मोहम्मद इज़हार ने कहा, मुझे कोल्ड स्टोर के लिए लोन बिना किसी परेशानी के मिला है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी का शुक्रगुजार हूं। सिलाई मशीन टूलकिट प्राप्त करने वाली आशा कुमारी ने भी मुख्यमंत्री का विशेष आभार जताया। सुल्तानपुर रोड के मनोज कुमार ने कहा कि बिना किसी को एक भी पैसा खिलाए उन्हें 47 लाख रुपए का ऋण मिला है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी का बहुत बहुत आभार।

## पूर्व डीजीपी आर के विश्वकर्मा बने मुख्य सूचना आयुक्त, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

- शपथ ग्रहण के बाद सभी औपचारिक रूप से सूचना आयोग में कामकाज शुरू करेंगे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राज्य सूचना आयोग के लिए चयनित मुख्य सूचना आयुक्त व 10 राज्य सूचना आयुक्तों का शपथ ग्रहण बुधवार को सुबह राजभवन में हो गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पूर्व डीजीपी आर के विश्वकर्मा को मुख्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। इसी तरह मो. नदीम, वीरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, दिलीप अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुमार सिंह, पदम द्विवेदी, शकुंतला गौतम, गिरजेश कुमार चौधरी और स्वतंत्र प्रकाश को सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई गई। शासन ने हाल में पूर्व डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा को मुख्य सूचना आयुक्त व इनके साथ ही पत्रकार, अधिवक्ता व समाज के विभिन्न क्षेत्र के दस लोगों को राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया था। शपथ ग्रहण के बाद सभी औपचारिक रूप से सूचना आयोग में कामकाज शुरू करेंगे।



## रियल एस्टेट कारोबार में भी उतर रहा लोहिया समूह

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

- कंपनी का पहला प्रोजेक्ट लोहिया वन मुरादाबाद में 10 एकड़ में विकसित किया जाएगा
- इस परियोजना के विकास में 150 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है
- लोहिया समूह का पहले से हस्तशिल्प निर्यात, ऑटोमोबाइल और नवीकरणीय ऊर्जा का कारोबार है

**लखनऊ।** लोहिया समूह ने रियल एस्टेट क्षेत्र में भी एंट्री कर ली है। इस ग्रुप ने जिन शहरों को रियल एस्टेट कारोबार के लिए चुना है उनमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत मुरादाबाद और दिल्ली शामिल हैं। लोहिया समूह का पहले से हस्तशिल्प निर्यात, ऑटोमोबाइल और नवीकरणीय ऊर्जा का कारोबार है। इस समूह ने अब मुरादाबाद, लखनऊ और दिल्ली में चुनिंदा परियोजनाओं के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रवेश किया है।



कंपनी के पास कई शहरों में भूमि बैंक है और वह इसका उपयोग रियल एस्टेट विकास के लिए करने की योजना बना रही है। कंपनी का पहला प्रोजेक्ट लोहिया वन मुरादाबाद में 10 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के विकास में 150 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है।

### मुरादाबाद परियोजना का और विस्तार करने की क्षमता है

लोहिया ग्लोबल के निदेशक पीयूष लोहिया के अनुसार मुरादाबाद हमारा पहला प्रोजेक्ट होगा और फिर हम अन्य शहरों की भी खोज कर रहे हैं। हमारे पास मुरादाबाद परियोजना का और विस्तार करने की क्षमता है।

### 4 साल में पूरा होगा पहला प्रोजेक्ट

लोहिया समूह का वार्षिक कारोबार लगभग 1,200 करोड़ रुपये है और रियल एस्टेट वर्टिकल को लोहिया वर्ल्डस्पेस कहा जाएगा। कंपनी को उम्मीद है कि पहला प्रोजेक्ट मई 2024 तक शुरू हो जाएगा और लॉन्च के 4 साल के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से समूह को 250 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 05 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## मुख्तार अंसारी को फर्जी शस्त्र लाइसेंस केस में उम्रकैद की सजा

- फैसले के दौरान सफेद टोपी और सदरी पहने मुख्तार मुंह लटकाए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बांदा जेल से पेश हुआ

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

माफिया मुख्तार अंसारी को 33 वर्ष 3 महीने 9 दिन पुराने गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मामले में उस पर दो लाख दो हजार का जुर्माना लगा है। माफिया मुख्तार की सजा को लेकर 54 पेज का फैसला आया है। फैसले के दौरान सफेद टोपी और सदरी पहने मुख्तार मुंह लटकाए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बांदा जेल से पेश हुआ। बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) का सरगना और माफिया मुख्तार को आठवीं बार सजा हुई है। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट अवनीश गौतम की अदालत ने बुधवार को मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई। इस दौरान मुख्तार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। इसी अदालत ने ही 5 जून 2023 को अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मुख्तार को अब तक सात मामलों में सजा मिल चुकी है। आठवें मामले में दोषी करार दिया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मुख्तार अंसारी ने 10 जून 1987 को दोनाली बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि गाजीपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर से संस्तुति प्राप्त कर उसने शस्त्र लाइसेंस प्राप्त किया था। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद सीबीसीआईडी ने 4 दिसंबर 1990 को गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुख्तार अंसारी, तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर समेत पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।



### ये हुई सजा

- आईपीसी 467/120 बी में उम्रकैद व एक लाख जुर्माना।
- 420/120 बी में 7 वर्ष सजा व 50 हजार जुर्माना।
- 468/120 बी में 7 वर्ष की सजा व 50 हजार जुर्माना।
- आर्म्स एक्ट में 6 माह सजा व दो हजार जुर्माना।

### भियोजन अधिकारी उदय राज शुक्ला ने पक्ष रखा

जांच के बाद तत्कालीन आयुध लिपिक गौरीशंकर श्रीवास्तव और मुख्तार अंसारी के विरुद्ध 1997 में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान गौरीशंकर श्रीवास्तव की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विरुद्ध 18 अगस्त 2021 को मुकदमा समाप्त कर दिया गया। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी विनय कुमार सिंह और अभियोजन अधिकारी उदय राज शुक्ला ने पक्ष रखा।

### इन धाराओं के तहत हुई सजा

माफिया मुख्तार अंसारी को अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 420 यानी धोखाधड़ी, 467 यानी बहुमूल्य सुरक्षा, वसीयत आदि की जालसाजी और 468 यानी ठगी के मकसद से जालसाजी का दोषी पाया गया, जिसमें सजा सुनाई गई है। भारतीय दंड संहिता की इन धाराओं के तहत अधिकतम दस साल तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा मुख्तार अंसारी को आयुध अधिनियम की धारा 30 के तहत दोषी पाया गया है। इसके तहत अधिकतम छह माह की सजा या जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है।

## यूसीसी को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी, नियम बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तराखंड के समान नागरिक संहिता बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब समान नागरिक संहिता पर कानून बन गया है। उत्तराखंड सरकार ने सामान नागरिक संहिता लागू करने के लिए नियमों/उपनियमों को बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। नियमावली बनने के बाद उत्तराखंड सरकार द्वारा इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया जायेगा। राम मंदिर निर्माण और सीएए कानून लागू होने के बाद समान नागरिक संहिता को लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा का बड़ा दांव माना जा रहा है। पार्टी को इसका लाभ मिल सकता है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर शिक्षिका द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय की अगुवाई में बुधवार को कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधीक्षक एके सिंह को ज्ञापन सौंपकर बताया कि अशोक पब्लिक स्कूल की एक शिक्षिका ने विद्यालय के निदेशक के विरूद्ध छेडखानी व धमकी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में विद्यालय के विरुद्ध निरंतर अभिभावकों व विद्यार्थियों में आक्रोश पनप रहा है। अभाविप हमेशा छात्र हित, समाजहित और राष्ट्रहित के लिए प्राथमिकता से कार्य करता है। ऐसे में चित्रकूट के इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर परिषद ने यह प्रदर्शन किया है। ऐसे में महिला शिक्षक द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही अशोक पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत अन्य विद्यार्थियों के भी बयान दर्ज कराए जाएं और यदि शोषण का कोई प्रकरण सामने आता है।

# जिलाधिकारी ने ली सीएम डैशबोर्ड से विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में बुधवार को सीएम डैशबोर्ड से विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अटल भूजल योजना के अंतर्गत जो कार्य कराए जाने हैं, उसमें अगर धनराशि नहीं है तो शासन से मांग की जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत बिल सम्बन्धी काफी समस्याएं प्राप्त होती हैं। इसमें सुधार कराया जाए। जिन विद्युत कनेक्शन धारकों के मीटर नहीं लगे हैं, उनके यहां मीटर लगवाया जाए और समय से रीडिंग कराए ताकि उपभोक्ता अपना समय से विद्युत बिल अदा कर सके। उपनिदेशक कृषि से कहा कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत कृषकों को अधिक से अधिक आवेदन कराकर लाभ दिलाया जाए। डीसीएनआरएलएम को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यों में प्रगति कराए। जिला विकास अधिकारी से कहा कि प्रधानमंत्री आवास तथा जो मुख्यमंत्री आवास अधूरे हैं, उनमें तेजी से कार्य कराया जाए। विकासखंड रामनगर की प्रगति आवासों के निर्माण में अत्यंत खराब होने पर खंड विकास अधिकारी रामनगर को कारण बताओं नोटिस जारी कराए जाने के निर्देश भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से कहा कि डायलिसिस सेंटर की अच्छी तरह से साफ सफाई प्रतिदिन रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जो पेंशन सम्बन्धी आवेदन पत्र सत्यापन के लिए लंबित हैं, उनको तत्काल कराकर शासन को भेज कर लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि 15वां वित्त व राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत जो कार्य गांव में कराए गए हैं, उनका मौके पर सत्यापन कराकर भुगतान किया जाए, अगर समय से जिन गांवों में कार्यों का भुगतान न हो तो सम्बन्धित सचिव के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम रहती है, उन विद्यालयों के शिक्षकों को लगाकर उपस्थिति सुनिश्चित करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों की पत्रावलियां गोवंशों के भरण पोषण की भुगतान के लिए पूर्ण है, उनका तत्काल भुगतान कराया जाए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि माह अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक कितने लोगों की मृत्यु हुई है, उनमें से कितने लाभार्थियों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना व पेंशन योजना का लाभ दिया गया है, उसकी सूची अगली बैठक में प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र नाथ से कहा कि पटेल तिराहा कर्वी से देवांगना मार्ग के चैड़ीकरण के कार्य को तेजी से कराया जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत लाइन इस सड़क के तत्काल शिफ्ट कराई जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत कहा कि जिन बैंकों में आवेदन पत्र लंबित है, इसमें अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक एवं उपायुक्त उद्योग केन्द्र सम्बन्धित बैंकों से संपर्क स्थापित कर लोगों को ऋण वितरित करायें।

उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जिन विभागीय योजनाओं पर कार्य हो रहे हैं, उनको समय से कराया जाए ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओम प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### खाटू श्याम मंदिर की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** महेश्वरी देवी मंदिर गुलर नाका अलीगंज श्री हनुमान मंदिर अवंती बाई कालु कुआं चैकी से होते हुए तिंदह्यवारी रोड़ स्थित मां पीतांबरा माई मंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चना भंडारे का आयोजन हुआ। तिंदवारी रोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने हाथों में खाटू श्याम का रंग बिरंगे झंडा लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु डीजे पर बज रहे हारे के सहारा खाटू श्याम हमारा, खाटू नरेश की जयकारे व श्याम बाबा के भजनों पर झूमते हुए व रंग-गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। इससे पूरा शहर/गांव श्याम की भक्ति के रंग में डूब गया। शोभायात्रा महेश्वरी मंदिर प्रांगण गूलर नाका अलीगंज चैकी, हनुमान मंदिर कालूकुआं से चुन्ना का पुरवा होते हुए भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ प्रारंभ किया गया। शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ झांकी भी निकाली गई। आयोजन समिति के पप्पू शिवहरे ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। दूर दूर से भक्तों ने मंदिर में स्थापित भगवान शिव, साई बाबा मां पीतांबरा माई और खाटूश्यामजी दर्शन किए। भक्तों को खाटूश्यामजी मंडलीय द्वारा भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल के संरक्षक राम बहोरी पप्पू, राकेश गुप्ता, मोंटू गुप्ता वीरेंद्र गुप्ता, रवि शिवहरे, सुनील सक्सेना, बड़कू भइया, राजू त्रिपाठी, संगीता, विमल, शैली, सुमन यादव, प्रियंका, रुबी गुप्ता, बिनीता त्रिपाठी आदि भक्ति गण उपस्थित रहे।

### धूम्रपान व तम्बाकू का सेवन न करने की पुलिस ने ली शपथ



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बुधवार को नो स्मोकिंग डे पर पुलिस कर्मियों को तम्बाकू का सेवन न करने तथा अन्य लोगों को भी तम्बाकू का सेवन न करने के लिए जागरुक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पुलिस पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र द्वारा पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते हुए सभी से अपने कार्यालय परिसर, गांव व शहर को धूम्रपान व तम्बाकू से मुक्त कराने हेतु सक्रिय प्रयास करने की अपील की गई। नो स्मोकिंग डे पर पुलिस लाइन पुलिस लाइन में क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह द्वारा एवं थानों पर थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस कर्मियों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई।

### अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने थानाध्यक्ष पैलानी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 11 मार्च को सुबह 4 बजे मेरी पुत्री जिसकी उम्र 16 वर्ष है घर से कहीं चली गई है पता लगाया लेकिन नहीं मिली। वहीं अज्ञात लड़के का नंबर मेरी लड़की के फोन पर आता रहता था मुझे शंका है कि यह लड़का मेरी लड़की को बहला फुसलाकर लिवा जा सकता है तथा एक दूसरा लड़का जो मेरे घर के विषय में ज्यादा नजदीक था और रिश्तेदारी में गांव के ही कामता के यहां आया था। थाना अध्यक्ष पैलानी संदीप सिंह पटेल ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के सोलह वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर जाने की प्राथमिक की दर्ज कर ली है।

### योजना बना रहे तीन लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी व लूट की योजना बनाते समय 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार कर लिया गया। बुधवार को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि होमगार्ड ऑफिस के पास 03 लोग कई प्रकार के औजार लेकर चोरी व लूट की योजना बना रहे हैं तथा उनके द्वारा कई चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दिया गया था। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 02 अदद् मोबाइल, अवैध तमंचा, कारतूस, बेल्चा, व छेनी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में नीरज खंगार पुत्र जगरुप निवासी भूरागढ़ थाना मटौन्ध, एहतिशाम पुत्र वकील निवासी मर्दननाका थाना कोतवाली नगर व रिषभ धूरिया पुत्र विमल धूरिया निवासी कालूकुआं थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा शामिल हैं।

### जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने न्याय की लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पीड़ित ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाते हुए बताया कि हम पीड़ितगण मौजा खरेई ब्लाक तिन्दवारी तह0 पैलानी के निवासी है। वर्तमान समय में पीडित गणों के ग्राम पंचायत खरेई में गोरेलाल पुत्र झण्डू निषाद ग्रामप्रधान है जो बहुत ही गुण्डा दबंग व गिरोह बन्द किस्म का पैसे से सम्पन्न प्रभावशाली व्यक्ति है जो समय-समय पर शासन द्वारा जारी की जा रही योजनाओ का पैसा सम्बन्धित सचिव की साजिश से निकाल लेता है और मौके पर कोई कार्य नही करवाता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये गम्भीर मुकदमों मे फंसाकर जेल मे सडा डालने की धमकी देता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त ग्राम प्रधान कहता है कि मेरे रिस्तेदार मंत्री है तुम चाहे जंहा जितने आवेदन दो मेरे खिलाफ कोई कार्यवाही नही होगी। इसके पहले पीडितो द्वारा सम्बन्धित ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये अवैध कार्य के सम्बन्ध में होने को आवेदन पत्र दिये जा चुके है, जिनके तहत जिलाधिकारी बांदा द्वारा जांच समितियां गठित करने का निर्देश दिया जा चुका है। इसके बावजूद न तो जांच समितियों द्वारा आजतक कोई जांच रिपोर्ट दी गयी और न ही उक्त ग्राम प्रधान के उसके द्वारा किये गये असवैधानिक कार्यों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिसकी वजह से सम्पूर्ण ग्रामवासियों में आक्रोश व असन्तोष पैदा हो गया है।

# प्रोजेक्ट टेली लॉ में प्रदेश में टॉप 3 में चित्रकूट के पंहुचने पर किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




न्याय विभाग भारत सरकार के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में टाप 3 स्थान पर पंहुच बनाकर जनपद का नाम रोशन किया। भारत के गणतंत्र के 75वें वर्ष को मनाने के लिय इन्द्रिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में राज्य स्तरीय हमारा सम्मान अभियान के कैम्पेन के तहत पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार अजीत सिंह पाल तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ के वरिष्ठ न्यायमूर्ति अताउरहमान मसूदी उपस्थित रहे। समारोह में जनपद के सीएससी ई-गवर्नेंस के जिला समन्वयक बदरूददीन खान में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व कार्य करते हुये जनपद को शीर्ष 3 स्थान पर पहुंचाकर शीर्ष सम्मान प्राप्त किया।

जिला समन्वयक बदरूददीन खान ने बताया कि सीएससी केन्द्रों द्वारा आम जनमानस को शासकीय व अशासकीय सेवाओं का लाभ दिलाने के लिये उन्होंने हमेशा अभूतपूर्व कार्य किये। इसी क्रम में उन्होंने जनपद में न्याय विभाग के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को प्रत्येक ग्राम पंचायत में लागू करने के लिये भरसक प्रयास किये। ग्रामीण स्तर पर कई बार केन्द्र संचालकों के साथ टेली ला कैम्पों का आयोजन किया। साथ ही ग्रामीण स्तर पर सेन्टरों में विशेष रजिस्ट्रेशन अभियान चलाकर शत-प्रतिशत निःशुल्क रजिस्ट्रेशन का कार्य पूर्ण कराया। जिससें उत्तर प्रदेश में जनपद से टेली ला प्रोजेक्ट में एचीवमेंट का ग्राफ लगभग अस्सी प्रतिशत रहा।

इससे जनपद प्रोजेक्ट में शीर्ष 3 स्थान पर पंहुचकर सर्वोच्च सम्मान पाने का हकदार बना। उन्होंने बताया कि उन्हें राज्यमंत्री विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ वरिष्ठ न्यायमूर्ति अताउरहमान मसूदी, डीडीजी यूआइडीआइए प्रशांत कुमार सिंह, सचिव राज्य विधिक सेवा प्रोधिकरण उत्तर प्रदेश संतोष कुमार, स्टेट हेड सीएससी इ0-गवर्नेंस सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड राजेश मिश्रा, स्टेट को-आर्डिनेटर टेली ला वागीश कुमार सिंह की उपस्थिति में शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने इसका श्रेय जनपद के सीएससी केन्द्र संचालको को दिया।

### बकरी चराने गये नाबालिग के हाथ-पैर बांधकर जंगल में फेंका

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के एकडला गांव में बकरी चराने गये नाबालिक बच्चे को अज्ञात लोगों द्वारा अगवा कर लिया और बेहोश कर हाथ-पैर बांधकर जंगल की झाड़ियों में हत्या करने की नीयत फेंक दिया। राहगीरों ने उसकी चीखें सुनकर ग्रामीणों को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणो बच्चो को बन्धक मुक्त करके जान बचा लिया और थाना पुलिस को घटना की सूचना दिया। सूचना पर मैके पर पहुँची पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते बच्चे का अपहरण किया था और उसे रात में मार डालने की योजना बनाई थी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश जारी है। इस घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है। स्थानीय पुलिस इस मामले पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

# चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन का डीएम ने किया शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव के उत्सव की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं उच्चतम मतदान प्रतिशत के लिए शासन व अधिकारी दृढ़ संकल्पित हैं। लोकतंत्र के इस महानतम् उत्सव में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के अभियान में जिले के सभी दवा व्यापारी शासन एवं प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। दवा व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात किया। चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन लिखे बैनर का जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इन्दुमती ने शुभारंभ किया। जिले के सभी दवा व्यापारी आम जनमानस के बीच जागरूकता लाने के लिए अपने प्रतिष्ठान में ऐसा एक बैनर लगाएंगे व अपने ग्राहकों को जागरूक करेंगे। भेंट वार्ता में जिलाधिकारी ने सभी को वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करवाया। यह एप्प चुनाव और मतदाताओं के लिए बहुत मददगार सिद्ध होगा। प्रतिनिधि मंडल में चेयरमैन राम प्रसाद गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी, महामंत्री राजेश सोनी, जिला कोषाध्यक्ष विवेक सिंह, राजीव गुप्ता, सुमित रस्तोगी के साथ अन्य दवा व्यापारी भी मौजूद रहे।

# पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लांचिंग का देखा सीधा प्रसारण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वंचित वर्गों के लिए आउटरिच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम सूरज -राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया गया। इसी क्रम में जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल, सीनियर अधिकारी नोडल प्रभारी भारत सरकार दलबीर सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन शिवा जाटव की उपस्थित में लाभार्थियों सहित वर्चुअल प्रसारण देखा गया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भाजपा सारकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल पर सामाजिक उत्थान एवं आधारित जन कल्याण कार्यक्रम में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से रियायती ऋण वितरित किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, वरिष्ठ नागरिक, विमुक्त घुमंतू तथा अर्ध घुमंतू जनजातियों, भिक्षावित्त में लिप्त लोग, ट्रांसजेंडर, सफाई कर्मी आदि को लोन के माध्यम से लाभ दिया जाएगा।

### जमीनी विवाद में हत्या के मामले में पांच को उम्र कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जमीनी विवाद की रंजिश में पूर्व प्रधान की हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने पिता पुत्र समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 15 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 11 नवम्बर 2017 को मानिकपुर थाने में गढ़चपा गांव के निवासी राजधर विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसके पिता बब्बू विश्वकर्मा 11 नवम्बर 2017 की शाम 6:30 बजे भैंस लेकर घर से डेरा की ओर जा रहे थे। रास्ते में एयरटेल टावर के पास रोड़ में ही अशोक की पंचर की दुकान में कुछ लोग बैठे थे। उसके पिता बब्बू के वहां पहुंचने पर पहले से घात लगाए बैठे छेरिहाई गढ़चपा निवासी अशोक शुक्ला उर्फ नोहर, उसका बेटा संदीप, गढ़चपा निवासी कल्लू विश्वकर्मा, उसका बेटा शुभम उर्फ भगवानदास व तीरथ प्रसाद गौतम ने लाठी, झूमर, हथौडा और सब्बल से हमला कर दिया।

# लोकसभा चुनाव व सीएए कानून के चलते पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



आगामी लोकसभा चुनाव के साथ-साथ सीएए कानून पारित किये जाने के बाद जिले की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जिले के सभी थानों की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। साथ ही निर्देशित किया कि ऐसा कोई कार्य न किया जाय जिससे किसी को दिक्कत आये। अराजकतत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक नगर व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में शहर क्षेत्र के सभी चैकी इंचार्जो के साथ-साथ कोबरा मोबाइल, पीएसी के जवानों ने शहर क्षेत्र के बाकरगंज चैराहा से सदर अस्पताल, बिंदकी बस स्टाप, पत्थरकटा चैराहा, पीलू तले, लाला बाजार, चैगलिया, बाकरगंज, ज्वालागंज, कबाड़ी मार्केट, वर्मा चैराहा, हरिहरगंज रेलवे स्टेशन, शादीपुर चैराहा, नासिरपीर रोड, बुलेट चैराहा, तांबेश्वर चैराहा से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस तिराहा तक एरिया डोमिनेशन किया। आमजन का आवाह्न किया कि लोकसभा चुनाव में निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर मतदान करें। किसी के प्रलोभन में न आये। साथ ही सीएए कानून को लेकर भी आमजन को जागरूक किया गया। कहा गया कि किसी के बहकावे में न आये। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ भी नजर रखी जा रही है। इसी तरह जिले की बिंदकी व खागा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भी थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया।

# जिले का उत्पाद राष्ट्र में बनायेगा अपनी पहचान: साध्वी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल का जनपद के रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया। स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि जिले के उत्पाद अब राष्ट्र स्तर पर पहचान पायेगे ये हमारे जनपद के लिए गर्व की बात होगी। अब वोकल फार लोकल अभियान को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री के संदेश को सजीव प्रसारण में सुनाया गया। रेलवे के सहायक मंडल अभियंता अर्चित जैन की अध्यक्षता व युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ के सफल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में यशराज म्युजिकल ग्रुप द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिया गया। मां गायत्री फूड प्रोडक्ट की मालविका सिंह ने बताया उनके द्वारा एक साल से यहां स्टाल संचालित किया जा रहा है।

बताया कि आचार, मुरब्बा, जैम, जैली, स्कावायस, बुकनु एवं तमाम प्रकार के आवला उत्पाद मिलेंगे। एक स्टेशन एक उत्पाद में ये उत्पाद अब स्थानीय व्यापारियों, शिल्पकारों को रोजगार व स्वरोजगार के मार्ग खोलेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य वाणिज्य निरीक्षक महेंद्र गुप्ता, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा व दिनेश बाजपेई, समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र ओमर मोना व अशोक तपस्वी, कुलदीप भदौरिया आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दुराचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नाबालिक लड़की को बरगलाकर ले जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 8 जून 2018 को एक महिला ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार रामनगर निवासी कुलदीप उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया और बालिका का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद बयान दर्ज कराए थे। जिसमें बालिका द्वारा दुराचार की बात कही गयी थी। जिसके आधार पर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने इस मामले में निर्णय सुनाया।

# लूटे गए ट्रक के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज चौधरी एवं एसओजी चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा थाना राजापुर अन्तर्गत हुयी ट्रक लूट की घटना तथा थाना रैपुरा अन्तर्गत हुयी मोबाइल लूट की घटना का अनावरण करते हुये 6 लूटेरों को लूट का ट्रक, घटना में प्रयुक्त 1 कार, 13700 रुपये नगद, 6 मोबाइल फोन, 3 तमंचा व 1 चाकू व लूट का अन्य सामान व घटना में प्रयुक्त अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। बीती 9 मार्च को वादी सौरभ केसरवानी पुत्र राकेश केसरवानी निवासी मुट्ठीगंज प्रयागराज ने थाना राजापुर में सूचना दी कि रात्रि में उनका ट्रक चालक दिनेश यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव निवासी चकिया सौरांव थाना कोखराज जनपद कौशांबी उनका ट्रक खाली करके हिनौता जनपद कौशाम्बी से सतना की तरफ जा रहा था की बोडी पोखरी चौराहा से 6 किलोमीटर पहले बोड़ी पोखरी-राजापुर रोड पर अज्ञात चार कार सवारों द्वारा उनके ट्रक के सामने गाड़ी लगाकर ट्रक को रोक कर ट्रक ड्राइवर से जबरदस्ती ट्रक अपने कब्जे में ले लिया। ट्रक ड्राइवर के हांथ-पांव बांधकर थाना राजापुर अंतर्गत बरम बाबा स्थान ग्राम चौरहा के पास गाड़ी से उतारकर 4000 रुपये, 1 मोबाइल फोन व ट्रक लूट कर ले गये। इस सूचना पर थाना राजापुर में चार अज्ञात कार सवार के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक राजापुर एवं एसओजी टीम को घटना के सफल अनावरण हेतु लगाया गया था। घटना के अनावरण के लिए थाना राजापुर एवं एसओजी टीम लगातार प्रयासरत थे कि बीती रात्रि प्रभारी निरीक्षक राजापुर एवं एसओजी टीम घटना द्वारा वाहन कस्बा राजापुर स्थित खटवारा पावर हाउस गनीवा मोड़ से बैरियर से बिना नम्बर के कार पर सवार आरोपी सौरभ त्रिपाठी उर्फ राहुल पुत्र विनोद चन्द्र त्रिपाठी निवासी बुद्धिया माई मन्दिर दहिलामऊ थाना कोतवाली सदर जनपद प्रतापगढ़, कलीम पुत्र हलीम निवासी नया माल गोदाम पूर्वी सहोदरपुर थाना कोतवाली सदर जनपद प्रतापगढ़ तथा धनंजय सिंह यादव पुत्र योगेन्द्र सिंह यादव निवासी जगतीपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। तलाशी से आरोपियों के कब्जे से 13700 रुपये, 3 मोबाइल फोन तथा सोरभ त्रिपाठी उर्फ राहुल त्रिपाठी के कब्जे से तमंचा बरामद हुआ। पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि बीती 4-5 मार्च की रात में रैपुरा के पास से एक ट्रक को लॉक हो जाने के कारण ट्रक चालक व अन्य व्यक्ति को बंधक बनाकर धमका कर फेंक कर चले गये थे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 14 मार्च 2024 | 03


तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 17°C |
| कानपुर | 32°C | 17°C |
| देहरादून | 26°C | 12°C |
| नई दिल्ली | 31°C | 15°C |

# लखनऊ मंडल में औद्योगिक विकास को गति देंगे 'सुपर 30' प्रोजेक्ट्स

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

विगत वर्ष यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और एक साल बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के बाद यूपी के सभी जनपदों में भारी निवेश धरातल पर उतर चुका है। वहीं लखनऊ मंडल की बात करें तो इसके अंतर्गत आने वाले 6 जनपदों में से प्रत्येक में स्थापित हो रही पांच-पांच बड़ी निवेश परियोजनाएं पूरे मंडल में सुपर 30 का आकार लेंगी। इनसे उन्नाव, सीतापुर, हरदोई और लखनऊ में हजारों करोड़ रुपए जबकि लखीमपुर खीरी और रायबरेली में सैकड़ों करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतरना शुरू हो गई हैं। लखनऊ मंडल के 6 जिलों में स्थापित हो रही सुपर 30 प्रोजेक्ट से 21,650 रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।



### लखनऊ जिले की टॉप 5 कंपनियां देंगी 1770 रोजगार

लखनऊ जनपद में निवेश करने वाले टॉप 5 प्रोजेक्ट के जरिए 7,374 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। अब इनकी स्थापना का कार्य चल रहा है। इनमें टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा 4,174 करोड़ का निवेश किया गया है। वहीं अशोक लिलेंड लिमिटेड की ओर से कॉमर्शियल बस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में 1,000 करोड़ का निवेश किया गया है। इसके बाद हमसफर डीलर प्राइवेट लिमिटेड ने 800 करोड़, ओमेक्स लिमिटेड की ओर से 120 करोड़ और एक्सेरियन डेवलपर्स लिमिटेड की ओर से 650 करोड़ का निवेश किया गया है। लखनऊ में इन टॉप 5 प्रोजेक्ट के जरिए 1,770 रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

### हरदोई में टॉप 5 कंपनियों ने किया 2,628 करोड़ का निवेश

हरदोई में टॉप 5 बड़े निवेशों के जरिए 2,628 करोड़ का निवेश धरातल पर उतर रहा है। इनमें बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड की ओर से 800 करोड़, मेसर्स हल्दीराम स्नैक्स मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड की ओर से ?678 करोड़, बालाजी वैफर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 500 करोड़, ग्रीन प्लाई संडीला प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 350 करोड़ रुपए और एनरबोस्टा सोलर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 300 करोड़ का निवेश किया गया है। इन टॉप 5 निवेश परियोजनाओं से 3,090 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### लखीमपुर में टॉप 5 कंपनियों ने किया 719 करोड़ का निवेश

लखीमपुर खीरी में टॉप 5 बड़ी परियोजनाओं के जरिए 719 करोड़ का निवेश धरातल पर उतर रहा है। इनमें ग्लोबस स्पिरिट लिमिटेड द्वारा इथेनॉल प्लांट में 200 करोड़ का निवेश, जुआरी इन्वेन बायो इनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 200 करोड़, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की ओर से ?130 करोड़ रुपए, बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की ओर से 102 करोड़ रुपए और एवर इन्वायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 87 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। लखीमपुर खीरी में स्थापित होने वाली इन पांच बड़ी परियोजनाओं से 900 रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

### रायबरेली में टॉप 5 कंपनियों ने किया 539 करोड़ का निवेश

रायबरेली में टॉप 5 बड़ी परियोजनाओं से 539 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इनमें रेस्पा फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 184 करोड़, एक्वैक्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 125 करोड़, एलीफेंट सिमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 100 करोड़, कामधेनु फ्रेश मिल्क की ओर से 80 करोड़ और पेन्नार मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 50 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इनसे 1,710 रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

### उन्नाव की टॉप 5 कंपनियां देंगी 3,585 रोजगार

उन्नाव जनपद में टॉप 5 प्रोजेक्ट के जरिए 3,585 करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें सीयू इंटरनेशनल की ओर से प्राइवेट यूनिवर्सिटी स्थापित की जा रही है। 2 हजार करोड़ की इस परियोजना से 3,500 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी प्रकार रिमझिम स्टेनलेस लिमिटेड ?500 करोड़ का निवेश कर रही है। इसके अलावा आरएचएल प्रोफाइल लिमिटेड ने 500 करोड़, मेटेओर वेयरहाउस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 450 करोड़ और रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की ओर से सीबीजी प्लांट में 135 करोड़ का निवेश किया गया है। उन्नाव में स्थापित होने वाली टॉप 5 परियोनाओं से 5,585 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### सीतापुर में 3,502 करोड़ का निवेश

सीतापुर जनपद में उतर रही टॉप 5 निवेश परियोजनाओं का आकार 3,502 करोड़ का है। इनमें ग्रीनलैम साउट लिमिटेड की ओर से 1,500 करोड़, सेंचुरी प्लाईबोर्ड इंडिया लिमिटेड की ओर से 1,500 करोड़, आरएवी ग्लोबल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से होटल इंडस्ट्री में 200 करोड़ रुपए, डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्री लिमिटेड की ओर से 170 करोड़ और दि सेकसरिया बिस्वां सुगर फैक्ट्री लिमिटेड की ओर से 132 करोड़ का प्रोजेक्ट धरातल पर उतर रहा है। इन टॉप 5 प्रोजेक्ट से 6,150 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# मौंदा मेला मैदान से डिघिया गाँव, भरोसा पुलिया तक जाने वाले जर्जर रास्ते की मरम्मत का कार्य प्रारंभ





डिघिया गांव के जर्जर रास्ते पर नहीं पड़ती संबंधित अधिकारियों की नजर

* पूर्व में कई बार संबंधित अधिकारियों को दिया जा चुका है प्रार्थना पत्र
* संबंधित अधिकारी लगाते हैं गोलमोल जवाब

जन एक्सप्रेस/अभिमन्यु कुमार रावत

रोजनीनगर। ग्राम पंचायत रेपुर की ग्राम डिघिया आने वाले र्जर रास्ते पर गंदा पानी भरा रहता । संबंधित अधिकारी देखकर भी नजान बने है। जानकारी के नुसार ग्राम सभा डिघिया आने ले जर्जर मुख्य मार्ग पर गंदा पानी रा रहता है, जिसके चलते आने ने वाले लोगों को काफी दिक्तें रही हैं। यह दिक्तें आज से नहीं र्व कई वर्षों से चली आ रही है। त्रीय अधिकारी व क्षेत्रीय नेता देख र भी अनदेखा करते नजर आ रहे । यह समस्या उस समय केवल दिखाई देती है या उजागर होती है ब किसी न किसी चुनाव को कर क्षेत्रीय प्रत्याशी मैदान में तरते हैं।

जन प्रतिनिधियों का उदासीन रवैया बना आज जनता के गले की फांस

क्षेत्रीय जनता या ग्राम वासियों को झूठा आश्वासन यानी विकास के नाम पर झूठा वादा करते हुए वोट की मांग करते है और कहते है कि आप हमे वोट दीजिए हम आपकी ग्राम पंचायत के सभी समस्याओं को लेकर विकास कराएंगे पर चुनाव जीतने के बाद कोई भी जन प्रतिनिधि देखने तक नहीं आता। इसका उदाहरण क्षेत्रीय सांसद, विधायक व जिला पंचायत सदस्य से लेकर अन्य प्रत्याशी चुनाव जीते और चुनाव जीतने के बाद देखने तक नहीं आए। यहां चुनाव जीतने वाले नेताओं को यह समझना जरूरी है कि आने वाले समय में जो भी वादा आप कर रहे है उसी वादे पर खरें उतरे अन्यथा आपको क्षेत्र में वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है यह क्षेत्र की जनता कह रही है। क्षेत्र की जनता का कहना है कि विकास के नाम पर केवल गुमराह किया जाता है। जल्द ही रास्ते का समाधान नहीं हुआ तो उसका जवाब 2024 के लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय जनता खुद देगी।

* जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से किया था खबर का प्रकाशन, संबंधित अधिकारियों ने लिया संज्ञान

जन एक्सप्रेस — खबर का असर

**लखनऊ।** बिती 29 दिसंबर व 8 जनवरी को जन एक्सप्रेस द्वारा एक खबर मौदा मेला मैदान से डिघिया गाँव से भरोसा पुलिया तक के मुख्य रास्ते पर की जर्जर अवस्था को लेकर खबर का प्रकाशन किया गया। जिसका विभागीय अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया गया है। उक्त रास्ते पर जल भराव कीचड़ होने के कारण लोगों का आवागमन लंबे समय से नहीं हो पा रहा था, जिसके चलते क्षेत्रीय समाजसेवी द्वारा लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जिलाधिकारी लखनऊ, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम लखनऊ व उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर को समाधान दिवस में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए रास्ते को जल्द बनवाने की मांग की गई थी। संबंधित उच्च अधिकारियों ने जनमानस की समस्या को देखते हुए संज्ञान लिया, जिसके बाद जर्जर रास्ते को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं पीडब्ल्यूडी जेई विशाल यादव ने बताया कि डिघिया गांव में जगदीश के घर से कॉलोनी तक 200 मी व कुंवारे के घर से चक्की तक डेढ़ सौ मीटर सीसी रोड़ का कार्य होगा साथ ही भरोसा पुलिया से भरोसा गांव जाने पर साढ़े चार सौ मीटर सीसी बाकी डामर पड़ेगा वहीं इस रास्ते को बनवाने में सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह भी सहयोग रहा।

### जर्जर रास्ते को बनवाने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में दिया गया प्रार्थना-पत्र

* संबंधित अधिकारी ने प्रार्थना पत्र का लिया संज्ञान, दिया संबंधित अधिकारी को लिखित आदेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के मौंदा मेला मैदान से डिघिया गांव होते हुए भरोसा गांव की पुलिया तक का संपर्क मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर था, क्योंकि डिघिया ग्रामीण व भरोसा नगर निगम क्षेत्र में आता है जिसके चलते इस जर्जर समस्या का समाधान नहीं हो सका, जर्जर होने के चलते यहां के निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी दिक्तें होती है क्योंकि इस संपर्क मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हैं और जलभराव की समस्या बनी रहती है, जिसको लेकर समाजसेवी अभिमन्यु कुमार रावत द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस सरोजनी नगर में प्रार्थना पत्र देते हुए संपर्क मार्ग को जल्द ही बनवाने की मांग की, संबंधित अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए ग्रामीण क्षेत्र व नगर निगम क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों को आदेश दिये हैं।

# पीएम मोदी की गारंटी पर पूरे देश को विश्वास है: भूपेंद्र सिंह

* 'देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश व राज्य के लोगों को कांग्रेस की योजनाओं पर कोई विश्वास नहीं रह गया है। आज गारंटी मोदी की है। मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वास कर रहा है। इसी गारंटी कारण देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुनने आए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण, कमजोर वर्ग के लिए लाभार्थीपरक योजनाएं समाज के अंतिम छोर पर बैठे लोगों का हित कर रही है। कमजोर व वंचितों को समाज की मुख्य धारा में जाने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से चल रही इन योजनाओं में हम सबकी जवाबदेही है। कांग्रेस द्वारा सरकार बनने पर नौकरियों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण व प्रतिवर्ष आर्थिक मदद देने की घोषणा करने के सवाल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की बड़ी नेता है। राष्ट्रीय महामंत्री है। वह राज्य से पलायन कर चुकी हैं। इस मौके पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, विधायक दिनेश रावत, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश, डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह, डॉ. विवेक वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: 90 प्रतिशत से अधिक या शून्य अंक मिले तो दोबारा चेक की जाएगी कॉपी, 14 दिन चलेगा मूल्यांकन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं नौ मार्च को खत्म होने के बाद अब 16 तारीख से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होगा। इसमें परीक्षार्थी को किसी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक या शून्य अंक मिलते हैं तो उपप्रधान परीक्षक दोबारा कॉपी चेक कर उस पर हस्ताक्षर करेंगे। विज्ञान, गणित अथवा अन्य तकनीकी विषयों में सवाल का हल सही होने और मात्रक (यूनिट) न लिखने या गलत लिखने पर आंशिक अंक काटे जाएंगे। वहीं, सवाल के सभी स्टेप्स सही होने और केवल जवाब गलत होने पर भी शून्य अंक नहीं दिया जाएगा। 3669 शिक्षक 29 मार्च तक 7.32 लाख कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। मूल्यांकन के लिए जिले में राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज, हर सहाय जगदंबा सहाय इंटर कॉलेज पीरोड, सरयू नारायण बाल विद्या इंटर कॉलेज आजादनगर, सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज किदवईनगर, डीएवी इंटर कॉलेज सिविल लाइन को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके साथ चुन्नीगंज स्थित कंट्रोल रूम से इन सभी केंद्रों पर नजर रखी जाएगी। कॉपियों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि कुल 7,32,296 कॉपियों का मूल्यांकन होना है। इसमें हाईस्कूल की 3,92,086 कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 2210 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। इनमें 201 उप प्रधान परीक्षक और 2009 परीक्षक शामिल हैं। वहीं, इंटरमीडिएट की 3,40,210 उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का जिम्मा 1459 शिक्षकों को दिया गया है। इनमें 142 उप प्रधान परीक्षक और 1317 परीक्षक शामिल हैं। छात्रों को मिलने वाले अंक उत्तर पुस्तिकाओं में साफ-साफ अंकित किए जाएंगे। इसमें ओवरराइटिंग नहीं होगी। किसी स्थिति में अंक बदलने पड़े तो पहले वाले को काटकर दोबारा साफ-साफ लिखा जाएगा और हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके साथ ही मूल्यांकन की गुणवत्ता प्रभावित न हो इसके लिए हाईस्कूल के परीक्षक एक दिन में अधिकतम 50 तथा इंटरमीडिएट के परीक्षक अधिकतम 45 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। उपप्रधान परीक्षक मूल्यांकन की गुणवत्ता परखने के लिए रैंडम कुछ कापियों को चेक करेंगे।

# हरे भरे आम के पेड़ों का हो रहा कटान, वन अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिला वन अधिकारी, वन रक्षक व वन रेंजर तथा उद्यान विभाग के अधिकारी व क्षेत्रीय पुलिस की सह मे बीकेटी क्षेत्र में बौर से लदे हरे आम के पेड़ अनुबंन्धीत पेड़ों को लकड़ी व्यापारियों व लकडकट्टो द्वारा सफाया किया जा रहा है। इन लकडकट्टो द्वारा बेखौफ आम के पेड़ों को उजाड़ा जा रहा है वन विभाग के आला अफसर कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। वहीं बीकेटी क्षेत्र के तहत संसारपुर गांव में लकडकट्टो द्वारा दस आम के हरे पेड़ तथा एक अनुबंधित पेड़ महुआ को काट कर धराशाई कर दिया। वहीं इस प्रकार बेरोकटोक इनके द्वारा हरे पेड़ों को नष्ट किया जा रहा है जबकि वन विभाग के आला-अधिकारी इससे बेखबर हैं इन लकड़कट्टों पर कड़ी विधिक कार्रवाई न होने के कारण इनके हौसले बुलंदी पर हैं। बताते चलें कि हरे पेड़ कटवाने में वनरक्षक और वन रेंजर की अहम भूमिका होती है ये कर्मचारी लकडकट्टो से वन अधिकारियों से साठ गांठ करके परमिट जारी करवाते हैं। परमिट कम पेड़ों का होता है और पेड़ अधिक काट लिए जाते हैं। बता दें कि ना वन विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारी हरे पेड़ों का स्थलीय निरीक्षण नहीं करते हैं। इन अधिकारियों द्वारा अंधाधुंध हरे आम के पेड़ों का परमिट जारी कर दिया जाता है इस क्षेत्र में जहां हरियाली रो रही है। और लकड़ी व्यापारी मालामाल हो रहे हैं जब इस संबंध में वनरक्षक से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया थाने में लकड़ी व्यापारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएंगी। वहीं वनरक्षक द्वारा औपचारिकता मात्र निभाई जा रही है।

### झांसी का आबकारी निरीक्षक सस्पेंड, आबकारी अधिकारी व उप आयुक्त का जवाब तलब

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने जनपद झांसी के प्रेम नगर थानान्तर्गत नकली शराब व नकली शराब बनाने के उपकरण पकड़े जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आबकारी निरीक्षक शिशुपाल सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए तथा जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद गोयल व उप आबकारी आयुक्त सुभाष चंद्र सोनकर से घटना पर स्पष्टीकरण मंगा है। विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही, भ्रष्टाचार किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा।आने वाले दिनों में होली का त्योहार है सभी जिलों के आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक सतर्कता के साथ अपने जनपद में सघन प्रवर्तन अभियान चलाएं, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी।

# पावर कारपोरेशन के अभियंताओ पर जीरो टॉलरेंस नीति बेअसर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

* अनाप शनाप बिल आने से उपभोक्ता परेशान, सीएम से गुहार

यूपी की योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति ऊर्जा विभाग पर बेअसर साबित हो रही है। पावर कारपोरेशन के अभियंता अपनी कार्यप्रणाली में तनिक भी बदलाव के पक्ष में नही है। ऊर्जा मंत्री और चेयरमैन पावर कारपोरेशन लगातार विद्युत उपभोक्ताओं के साथ सहानुभूति और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर निदान के लिए ताकीद करते हैं लेकिन इंजीनियर हैं कि मानते ही नहीं। रहीमनगर महानगर निवासी रमेश चंद्र मिश्रा और करामत मार्केट निवासी मो.अजान ने अभियंताओं की अनसुनी से आजिज होकर मुख्यमंत्री का दरवाजा खटखटाया है। दोनों की शिकायत मीटर खराबी की है, चेक मीटर लगाकर सही पड़ताल कराने और नया मीटर लगाकर सही विद्युत बिल जारी कराने के लिए भटक रहे हैं लेकिन समाधान तो दूर उल्टे उनकी बात सुनने को राजी नहीं है।रमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री को दी गई अर्जी में बताया है कि उनके परिसर 529/02 रहीमनगर महानगर लखनऊ पर 20 किलोवाट स्थापित विद्युत संयोजन खाता-17828899289का बेनटेक कम्पनी का मीटर जंप कर गया है जिससे बिजली यूनिट तथा मीटर डिमांड बहुत अधिक आ गई जिसकी बाबत एस ई, एक्सइन मीटर , एई,एसडीओ और जेई को सूचना दी तथा सिक्योर कम्पनी चेक मीटर 1060 ए लगवाने हेतु 01जनवरी 2024 को भुगतान भी कर दिया था। तबसे इन अभियंताओं के दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन चेक मीटर नही लगाया गया है। एसई और एक्स इन ने अधीनस्थ एई और जेई से समस्या समाधान को कहा लेकिन जब इनसे मिले तो कहा कि जहाँ शिकायत करनी हो करो,कुछ नहीं होगा उल्टे आपकी बिजली भी काट दी जाएगी।जबकि 48 हजार रुपये बिजली का बिल भी पूर्व में ही जमा किया जा चुका है।मीटर की प्रॉब्लम कई जगह है, यह बात चेक मीटर लगने पर सामने आई है। मो.अजान की भी समस्या ऐसी ही है, उनकी बड़ी दौड़भाग के बाद उनका कहना है कि चेक मीटर लगाया गया।चेक मीटर और बेनटेक के मीटर की रीडिंग में बड़ा अंतर आ रहा है।सीएम को दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि जब फाइनल बिल करने को कहा गया तो कहा गया कि पहले हमें समझ लीजिये।करीब पांच महीने से परेशान किये जा रहे हैं । इतना ही नहीं बिना चेक मीटर फाइनल किये फर्जी बिल भी बना दिया गया । दोनों उपभोक्ताओं का कहना है कि एमडी से शिकायत की थी,उन्होंने समाधान के लिए आदेशित भी किया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई।दोनों उपभोक्ताओं को सीएम से न्याय की उम्मीद है।

# अकबरनगर बवाल: पथराव करने वाले 10 उपद्रवियों की वीडियो, फोटो से पहचान, गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




अकबरनगर बवाल के मामले में पुलिस ने वीडियो, फोटो की मदद से नामजद आरोपियों के अलावा दस उपद्रवियों की पहचान कर ली है। इनकी तलाश में दबिश जारी है। पुलिस दर्जनों वीडियो व फाटो से और अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त के प्रयास में लगी है। बीते रविवार को अकबरनगर में एलडीए ने सम्राट फर्नीचर की अवैध कॉमर्शियल बिल्डिंग ध्वस्त की थी। इसके बाद इलाकाई लोगों ने टीम पर जमकर पथराव किया था। एलडीए की टीम व पुलिसकर्मियों ने भागकर जान बचाई थी। मामले में एलडीए की ओर से सात पर नामजद व सैकड़ों अज्ञात पर बलवा, हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने आदि धाराओं में केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी सम्राट फर्नीचर के मालिक अरशद वारसी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। एडीसीपी सेंट्रल मनीषा सिंह ने बताया कि छह अन्य फरार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं।

# कृमि मुक्त अभियान: 84 प्रतिशत 'आबादी' ने खाई एल्बेन्डाजॉल: ब्रजेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

* 9.14 करोड़ बच्चों, किशोर और किशोरियों को था दवा खिलाने का लक्ष्य

यूपी में इस बार के कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत लक्षित आबादी ने पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खाई है। जबकि पिछले अभियान में 79 प्रतिशत बच्चों, किशोर और किशोरियों ने ही एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया था। इस दवा के सेवन से जहां स्वास्थ्य व पोषण में सुधार होता है वहीं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है। साथ ही बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है।उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में दवा सेवन करवाने में इस वर्ष जो उपलब्धि मिली, उसके पीछे स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयास के साथ जनमानस की जागरूकता का सहयोग है। हम स्वस्थ व पोषित समाज निर्माण की ओर अग्रसर हैं। आशा है कि प्रदेश की नई पौध अन्य के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ होगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि फरवरी में कृमि मुक्त अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खिलाने के लिए अभियान शुरू किया गया था। अभियान में प्रदेश के 69 जिलों के 758 ब्लॉक में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के कुल 9.14 करोड़ बच्चों, किशोर और किशोरियों को एल्बेन्डाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। 7 करोड़ 69 लाख 77 हजार 361 ने एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया। डॉ मनोज ने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त में कृमि मुक्त अभियान चलाया गया था, इस दौरान प्रदेश में लक्ष्य के सापेक्ष 79 प्रतिशत लक्षित बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई गई थी, इस वर्ष यह आंकड़ा लक्ष्य के सापेक्ष 84 प्रतिशत है जो विगत वर्ष की तुलना में 05 प्रतिशत अधिक है। शरीर में कृमि संक्रमण होने पर पेट दर्द, दस्त, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना जैसी शिकायत आती है। यह संक्रमण नंगे पैर चलने, जमीन पर गिरे हुए खाद्य पदार्थ को उठाकर खा लेने आदि से हो जाता है।

### गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में उपकरण, मशीनों हेतु 30 लाख रूपये स्वीकृत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर में उपकरण,मशीनें,साज-सज्जा के क्रय हेतु 30 लाख रूपये धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।इस संबंध में आयुष विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में यह निर्देश दिये गये हैं कि धनराशि के व्यय में सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन किया जायेगा तथा उसका व्यय उसी प्रयोजन में किया जायेगा, जिस हेतु इसका प्राविधान किया गया है। स्वीकृत धनराशि का पूर्ण उपभोग वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31 मार्च तक कर लिया जाए।

# बिरसिंहपुर अस्पताल में प्रसव सेवा बंद होने पर भड़का हिन्दू वाहिनी संघ, किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर




जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर हिंदू वाहिनी संघ ने बुधवार को प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। इसमें बिरसिंहपुर-बगिया गांव मार्ग के निर्माण, बगियागांव व बरौसा चैराहे पर सार्वजनिक शौचालय तथा बिरसिंहपुर अस्पताल में प्रसव सेवा जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की गई है। हिन्दू वाहिनी संघ के जिलाध्यक्ष बाबा संदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जयसिंहपुर तहसील में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर विपिन कुमार द्विवेदी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया है कि आठ वर्षो से खराब बिरसिंहपुर-बगियगांव मार्ग को ठीक कराया जाए। बरौसा और बगियागांव चैराहे पर सुलभ शौचालय बनाया जाए। बिरसिंहपुर अस्पताल में महिलाओ के लिए प्रसव सेवा शुरू करवाई जाए। एसडीएम ने जन समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। जिलाध्यक्ष बाबा संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि जिला प्रशासन जनमानस की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। बिरसिंहपुर बगियागांव मार्ग के निर्माण के लिए कई बार ज्ञापन दिया गया है, लेकिन आठ वर्षो से सड़क पर गड्ढे बने पड़े हैं। इसमें राहगीर गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। 27 करोड़ रुपए की लागत से सभी सुविधाओ से लैस बिरसिंहपुर में सौ शैय्या संयुक्त अस्पताल बनाया गया। लेकिन यह मात्र शोपीस बना गया है। अस्पताल में सारे उपकरण होने के बावजूद महिलाओ का प्रसव नहीं हो रहा है। इससे जिम्मेदारों की उदासीनता स्पष्ट दिख रही है। जयसिंहपुर तहसील से समीप बगियागांव चैराहा और बरौसा बाजार है, हजारों लोगो का प्रतिदिन आवागमन होता रहता है। यहां शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे महिलाओ को काफी समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा की अगर प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो संगठन आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा। इस मौके पर अवधेश प्रताप सिंह, गिरिजा शंकर तिवारी, देवराज तिवारी, ज्ञान प्रकाश यादव, राम उदय वर्मा, उदयराज तिवारी, संदीप मिश्र, सुनील तिवारी, दीपक कुमार, अर्जुन मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर पहुंचा 1100 किलो का नगाड़ा, जगह-जगह हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



मध्य प्रदेश के रीवा से अयोध्या भेजा जा रहा 1100 किलो का विशेष नगाड़ा अयोध्या जाते हुए सुल्तानपुर पहुंचा। शहर के पयागीपुर से लेकर गोलाघाट तक जगह-जगह इसका स्वागत हुआ। नगाड़े के साथ तीन दर्जन से अधिक वाहनों का काफिला भी था। पुलिस की सुरक्षा घेरा में नगाड़ा अयोध्या के लिए रवाना किया गया है।

मंगलवार की रात मध्य प्रदेश के रीवा से निकला विशेष नगाड़े का काफिला प्रयागराज होते हुए सुल्तानपुर पहुंचा। जहां शहर के पयागीपुर से नगर कोतवाल के साथ पुलिस टीम सुरक्षा घेरे में लेकर उसे शहर में आई। पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी काफिले को कवर किए हुए थी। शाहगंज चैराहा, डाकखाना चैराहा, बस स्टॉप, गोलाघाट इन स्थानों पर इसका स्वागत हुआ। करीब 22 के आसपास लग्जरी गाड़िया भी काफिले में थी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्दालु अयोध्या दर्शन को जा रहे थे। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश के रीवा में महाशिवरात्रि के मौके पर विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा बनकर तैयार हुआ था। नगाड़े का वजन लगभग 1 टन और इसकी ऊंचाई 6 फीट है। जबकि इसकी चैड़ाई 11 फीट है। देखने में यह अपने आप में अनोखा लगता है। यह नगाड़ा अयोध्या में भगवान श्रीराम को समर्पित किया जाएगा। बता दें कि दुनिया के सबसे बड़ा नगाड़े को एक बड़े कड़ाहे के ढांचे में तैयार किया गया है। लिहाजा यह देखने में अपने आप में अनोखा लगता है। बताया गया है कि 101 वाहनों के साथ नगाड़ा अयोध्या के लिए रवाना हुआ। रीवा से अयोध्या के मार्ग में कुल 108 स्थानों पर श्रद्धालु ने इसका भव्य स्वागत किया है।

# राजभर के राजतिलक पर नगर भर में ढोल-नगाड़ा बजाकर मनाया जश्न

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को योगी कैबिनेट में जगह मिलने पर सुल्तानपुर में जश्न मनाया गया। बुधवार को शहर भर में सुभासपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ढोल नगाड़ा लेकर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पहुंचे और माल्यार्पण किया।

राजधानी में ओपी राजभर का राजतिलक हुआ है। पंचायतीराज व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय मिलने पर बुधवार को प्रदेश सचिव मध्यांचल संजय दुबे की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यर्पण किया। उनकी पार्टी के कार्यकर्ता फूले नहीं समा रहे। सड़कों पर ढोल नगाड़ा बजाकर अपनी खुशियों का इजहार करते पार्टी कार्यकर्ता नजर आए। इस बीच मीडिया से बात करते हुए सुभासपा के जिलाध्यक्ष अनिल राजभर ने बताया कि हम लोग एनडीए के साथ हैं। सुल्तानपुर में गठबंधन का जो भी प्रत्याशी आएगा उसके लिए हम लोग एड़ी चोटी का जोर लगा देंगे। सुल्तानपुर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें हम लोग प्रधानमंत्री को गिफ्ट करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जो प्रधानमंत्री का नारा है अबकी बार 400 पार उससे अधिक सीट जीताकर के प्रधानमंत्री को तीसरी बार इस देश का प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने ये भी कहा कि इंडिया गठबंधन हम लोगों के सामने कही भी नहीं टिकता है। क्या है इंडिया गठबंधन और कहा है इंडिया गठबंधन। अखिलेश यादव पीडीए की बात करते हैं कहां है पीडीए। आप लोगों को लगता है कही पीडीए है। कही कोई लड़ाई और न कोई टक्कर है।

# सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**अति संवेदनशील स्थलों पर रखे कड़ी नजर: पुलिस अधीक्षक**

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 और आगामी त्यौहारो होलिका दहन, होलिकोत्सव, रमजान, अलविदा जुमा की नमाज, ईद उल फितर, पूर्णिमा गंगा स्नान और अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक बचत भवन सभागार में की। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना शरू हो गया है कुछ ही दिनों में होली का भी त्यौहार भी आ जायेगा। इन सभी त्योहारों में किसी भी प्रकार की अशांति न फैलने पाए। मंदिर और मस्जिदो में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। आने जाने वाले रास्तो को भी ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चूंकि इसी बीच आदर्श आचार संहिता भी लग सकती है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि त्योहारों को राजनीतिक रंग देने का प्रयास ना हो। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र संगीत का प्रयोग करता हुए ना मिले। डीजे बजाने वाले संस्थाओं की सूची तैयार कर ले। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलने पाए। अराजक तत्वों पर नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करती रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहेगी। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारो के बीच अनवरत विद्युत आपूर्ति होती रहे। खाद्य विभाग खाने पीने के सामानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने-पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरते। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाए। सभी थानों में पुलिस विभाग हर समय मुस्तैद रहे। अति संवेदनशील स्थलों को अभी से चिन्हित कर लिया जाए। त्यौहारो के बीच आचार संहिता का भी पालन करते रहे। उल्लंघन करने वालो पर गंभीर धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। पिछले 10 वर्ष के आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों की जांच पड़ताल कर ले। जिससे की किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यो के अतिरिक्त जनपद के सभी वरिष्ठ नागरिक, सभी धर्मो के धर्मावलम्बी और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल के सहयोग से हुआ निर्धन कन्या का धूमधाम से विवाह

**कांग्रेस नेत्री सुधा द्विवेदी व अध्यक्ष राहुल भदौरिया के सहयोग की हुई सराहना**

जन एक्सप्रेस | लालगंज, रायबरेली

व्यापार मंडल के सहयोग से एक गरीब कन्या के हाथ पीले किये गये। जिसमें समाजसेवी सुधा द्विवेदी का भी विशेष सहयोग रहा। सम्पूर्ण विवाह धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया। नगर व्यापार मंडल की ओर से निर्धन कन्या के विवाह कार्यक्रम मे तहत एक बिटिया के हांथ पीले किये गए। आयोजित समारोह में नगर अध्यक्ष राहुल भदौरिया की अगुवाई में व्यापार मंडल के सदस्यों व समाज के महनीय लोगों ने उत्साह से भाग लिया। गरीब कन्याओं के विवाह को लेकर व्यापार मंडल की इस पहल को लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची समाजसेवी व सरेनी विधानसभा की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुधा द्विवेदी ने कन्या को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गरीब कन्याओं का विवाह करना सबसे बड़ा यज्ञ है। व्यापार मंडल के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि श्री फाउंडेशन हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है। सभी को ऐसे आयोजनों में बढ़-कर कर भागीदारी रखनी चाहिए। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया, प्रभारी अनिल गुप्ता, बीरेंद्र शुक्ला, राघवेंद्र सूर्यवंशी, संरक्षक राजू तिवारी, राहुल गुप्ता, किरण प्रचार मंत्री रमेश कौशल, अमन सोनी, विनोद वर्मा ऋषि होंडा, सराफा अध्यक्ष अमरेश सोनी, दीपेंद्र रस्तोगी, दीपू गुप्ता, पंकज सोनी, अभिनेश सोनी, मनोज भदौरिया, गुफरान, शकील, चांदबाबू, विजय सोनकर, बाराती, अखिलेश सिंह, संतोष मिश्रा महामंत्री, विपिन कोषाध्यक्ष, राकेश गुप्ता, रामू प्रजापति, डा. सलीम, विमल तिवारी, प्रमोद तिवारी, हरि शंकर श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, आकर्षण द्विवेदी, सत्यम मिश्रा, रितिज आदि लोग मौजूद रहे।

# कादीपुर व अखंडनगर थाने के फौजदारी मामले ट्रांसफर से भड़के

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

कोर्ट ट्रांसफर मुद्दे को लेकर बार एसोसिएशन लगातार दो दिनों से हड़ताल पर है। बुधवार को भी अपनी मांगों को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कामकाज से विरत रहे। वहीं अधिवक्ता कोर्ट ट्रांसफर आदेश वापस न होने और अपेक्षित संशोधन होने तक आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में दिख रहे हैं।

हाईकोर्ट के आदेश व जिला न्यायाधीश की सहमति पर सीजेएम बटेश्वर कुमार ने बीते सोमवार की शाम कोतवाली कादीपुर व थाना अखंडनगर को वाह्य न्यायालय कादीपुर में ट्रांसफर किया था। थाने के ट्रांसफर होने से न्यायिक कार्य में आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर अधिवक्ता आहत हैं। अधिवक्ताओं की हड़ताल से जिला न्यायालय, कलेक्ट्रेट व तहसील समेत मुख्यालय पर संचालित होने वाली अन्य सभी अदालतों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। अधिवक्ताओं व वादकारियों की समस्या को बिना ध्यान में रखे कोर्ट ट्रांसफर के आदेश से आक्रोश बढ़ा है।

उधर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव जारी होने के बावजूद वाद दाखिल करते पाए जाने या किसी केस की सक्रिय पैरवी करते पाए जाने पर सम्बंधित अधिवक्ता के खिलाफ सीधे अर्थदंड लगाने व अन्य उचित कार्रवाई होगी। महासचिव आर्तमणि मिश्र ने संघ के जरिये लिए निर्णय की जानकारी दी है। इस बार अधिवक्ता संघ आवाज उठाने के बाद किसी भी हाल में बैकफुट पर नहीं आना चाहता।

पिछली बार सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट ट्रांसफर मुद्दे पर कुछ दिनों के विरोध के बाद हड़ताल स्थगित कर देने पर अधिवक्ताओ का बार के प्रति विश्वास घटा था।जिसको लेकर आज भी बार पदाधिकारियों को सफाई देनी पड़ती है। इस बार इस तरीके का कोई रिश्क अधिवक्ता संघ नहीं लेना चाहता।

निष्पक्ष तरीके से संघ की गरिमा के अनुरूप अधिवक्ता संघ लड़ाई लड़ना चाहता है। बार के पुराने रुख का आकलन कर अधिकतर अधिवक्ता शुरुआती दौर में इस लड़ाई में अपनी रुचि नहीं दिखाना चाहते थे। लेकिन अधिवक्ता संघ के स्टैंड करने पर सभी अधिवक्ता अब एकजुट दिख रहे हैं।

# बोलेरो को ट्रक ने मारी साइड, पिता-पुत्री घायल

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

वैवाहिक समारोह में जा रही पिता-पुत्री बीती रात सड़क हादसे में घायल हो गए। बोलेरो गाड़ी को सामने आ रही ट्रक ने साइड मार दी थी। जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्री को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

जहां पिता-पुत्री का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र के इनायतपुर गोदाम की है। करिया बझना गांव निवासी संतोष श्रीवास्तव (35) पुत्र स्व. सत्य नारायण श्रीवास्तव अपनी बेटी आंचल श्रीवास्तव को बोलेरो गाड़ी से लेकर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

अभी वे गोसाईगंज थानाक्षेत्र के इनायतपुर गोदाम के पास पहुंचे ही थे कि तभी आगे जा रही ट्रक ने उन्हें साइड मार दिया। टक्कर लगने के कारण बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई।हादसे में पिता व पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हल्ला-गोहार सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लोगों ने घायल पिता-पुत्री को एंबुलेंस के जरिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टर संतोष व आंचल का इलाज कर रहे हैं।

वहीं ट्रक चालक मौका देखकर फरार हो गया है। पुलिस का कहना है कि घायलों का इलाज चल रहा है। अभी परिवार की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि घायलों का इलाज चल रहा है।

अभी परिवार की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## देवी-देवताओं पर अभद्र पोस्ट अपलोड मामले में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** सोशल मीडिया अकाउंट पर हिंदू धर्म के देवता के खिलाफ अभद्र पोस्ट अपलोड करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। बहराइच जिले के रहने वाले एक युवक ने केस दर्ज कराया है। बहराइच जिले के महसी गांव निवासी आदित्य मिश्र का आरोप है कि 10 फरवरी को मोतिगरपुर थाने के भरथीपुर गांव निवासी आरोपी शिवांश जाटव के सोशल मीडिया अकाउंट से हिंदू धर्म के देवता पर अभद्र टिप्पणी करते हुए पोस्ट डाली गई है। टिप्पणी से हिंदू समाज व आम जनमानस की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

# राहुल गांधी मामले में हड़ताल से टली सुनवाई, अब 22 को तारीख

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



मानहानि मामले में राहुल गांधी के विरुद्ध एमएलएमएलए कोर्ट में अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सुनवाई टल गई है। विशेष कोर्ट अब 22 मार्च को केस में सुनवाई करेगी। बीते 20 फरवरी को ही राहुल गांधी को इस मामले में जमानत मिली थी।

राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आज कोर्ट संख्या 15 में राहुल गांधी का स्टेटमेंट यानी बयान मुल्जिम की तारीख नियत थी। लेकिन राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा में शामिल हैं। इस कारण वे यहां नहीं पहुंच सके। वहीं कोर्ट में आज बार एसोसिएशन के आह्वाहन पर अधिवक्ताओं की हड़ताल थी। ऐसे में कोर्ट ने 22मार्च की तिथि नीयत की है। अगर परिस्थितिया ठीक रही तो निसंदेह वह आयेंगे और अपना बयान दर्ज कराएंगे। वहीं वादी मुकदमा विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि आज राहुल गांधी का मुकदमा लगा हुआ था और उसमें बयान मुलजिम बनना था। बयान मुलजिम बिना अभियुक्त की उपस्थिति के नहीं बनता है। वही आज कोर्ट में हड़ताल थी इस कारण 22 मार्च को बयान मुलजिम पर कार्रवाई होगी। बता दें कि कर्नाटक चुनाव में पांच वर्ष पूर्व अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के मामले में अगस्त 2018 में यहां भाजपा नेता विजय मिश्रा ने केस फाइल कराया था। बीते दिसंबर 2023 में कोर्ट ने राहुल को वारंट जारी किया था। इसके बाद राहुल बीते 20 फरवरी को अमेठी में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोककर कोर्ट में पहुंचे थे। जहां उन्हें अदालत ने जमानत दी थी। जमानत के बाद बीते 2 मार्च को पहली तारीख पेशी पर राहुल नहीं पहुंचे थे।

# छात्राओं को दिया गया अग्नि आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस | महराजगंज, रायबरेली



अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं को अग्नि आपदा से बचाव के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण। अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं को अग्निशमन अधिकारी आरके तिवारी केंद्र महराजगंज द्वारा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को अग्नि से सुरक्षा एवं अग्नि आपदा से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं एक गैस सिलेंडर में आग लगाकर और उसे बहुत ही आसानी पूर्वक बुझाया गया और छात्रों को यह बताया गया कि जब कभी भी इस तरह की स्थिति आ जाए तो हमें आंग पर कैसे काबू पाना है यह बात हम जरूर जाने। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामकुमार निषाद डॉक्टर सहदेव प्रसाद पूजा यादव सर्वेश कुमार पूजा अरोरा शशि रूपल कश्यप अंबेडकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुकृत दास कनौजिया सहित महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14207-SLR-F2-PBH-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:40 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

793/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आशा कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

स्वास्थ्य विभाग द्वारा साल 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए बुधवार को आशा सम्मेलन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम फिरोज़ गांधी डिग्री कॉलेज में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने कहा आशा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कि आशा कार्यकर्ताएं स्वास्थ्य विभाग और समुदाय के बीच की रीड की कड़ी हैं। स्वास्थ्य कार्यक्रमों को समुदाय तक पहुंचाने में इनका अहम योगदान है। मातृ, शिशु तथा बाल मृत्यु दर को कम करने में इनका पूरा सहयोग है। उन्होंने कहा कि जो आशा कार्यकर्ताएं यहाँ सम्मानित हुई हैं। वह बधाई की पात्र हैं। अन्य आशा कार्यकर्ताएं उनसे प्रेरणा लें और अगले साल वह भी सम्मानित हों।

एम्स रायबरेली से आई डॉ वैभव कांति ने कहा कि आशा बहुएं स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की आधार है इन्हीं की मेहनत पर स्वास्थ्य विभाग की बुलंद तस्वीर आज हम सब देख रहे हैं। इन्हीं के प्रयासों से कोरोना जैसी भीषण महामारी में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों की प्राण की रक्षा की तथा टीकाकरण द्वारा घर-घर लोगों को आच्छादित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला ने कहा की आशा हमारे जीवन की और स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों की आशा है इन्हीं के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाते हैं स्वास्थ्य संबंधी एक-एक योजना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हमारी आशा बहने एक कड़ी के रूप में करती हैं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण संपन्न

जन एक्सप्रेस | अमेठी



लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए बुधवार को आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के सभागार में जोनल, सेक्टर व पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के अतिरिक्त उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नियुक्त मजिस्ट्रेटों को मतदान से पूर्व अपने अपने क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, फर्नीचर, मतदाता सूची, संचार आदि बुनियादी सुविधाओं की पूरी जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाए। मतदेय स्थलों पर मोबाइल नेटवर्किंग सुविधा, पहुंच मार्ग एवं सुगम रास्तों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने आपसी समन्वय से मतदेय स्थलों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर मतदेय स्थलों के निकट स्वास्थ्य एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वह अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना पर पूर्ण निगरानी रखें और तत्काल इसकी सूचना दें।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने नियुक्त सभी मजिस्ट्रेटों को अपने क्षेत्र में मतदान से पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद मजिस्ट्रेट के कर्तव्य एवं दायित्व की जानकारी देते हुए अपने क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित कराने की जानकारी दी। तथा सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को उनके दायित्व के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी मजिस्ट्रेटों को संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण करने एवं मतदान को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 14 मार्च 2024


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है तथा हवाओं की गति सामान्य से तेज चलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.0 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# आज अग्निकांड मामले में आ सकता है अंतिम निर्णय

* जल्द ही शहर में वापस आएगी ई.डी., कई सफेदपोशों की अंदर ही अंदर चल रही है जांच: सूत्र

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर





**कानपुर नगर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई समेत गैंग के सदस्यों के विरुद्ध वर्ष 2022 में कोतवाली जाजमऊ में दर्ज किए गए अग्निकांड के मामले में आज एमपी एमएलए कोर्ट ए.डी.जे.11 के विद्वान न्यायाधीश द्वारा फैसला सुनाया जा सकता है फैसले में विधायक और उसके साथी सजा पाएंगे अथवा नहीं यह तो भविष्य के गर्भ में छुपा है और उसका खुलासा तब होगा जब न्यायाधीश अपनी कलम से मुकदमे का अंतिम निर्णय लिखकर समाज के सामने लिखेंगे। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने भी निर्णय के दिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी भरकम फोर्स तैयार कर दी है। सभी मेटल डिटेक्टर को चुस्त दुरुस्त कर दिया है। ड्रोन समेत खुफिया भी सक्रिय रहेगी।

जातव्य हो की बीते वर्ष 2022 के नवम्बर माह की आठ तारीख को सपा विधायक इरफान सोलंकी के डिफेंस कॉलोनी वाले पैतृक मकान के ठीक बगल में निवास करने वाली बेवा नजीर फातिमा ने उनके घर को फूंक देने का आरोप लगाते हुए विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत गैंग के लगभग 50 अज्ञात सदस्यों के विरुद्ध कोतवाली जाजमऊ में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने विधायक और उसके भाई रिजवान, समेत इसराइल आटा वाला, मोहम्मद शरीफ, शौकत पहलवान, अज्जन, भोलू, आदि को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

मामले में दो आरोप पत्र एमपी एमएलए कोर्ट में दाखिल किए गए थे। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में विद्वान न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी के सामने चली, इस दौरान अभियोजन की ओर से डेढ़ दर्जन गवाह और बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाहों ने कोर्ट में गवाही दी है।

> “ अभियोजन पक्ष ने बहुत ही मजबूती से न्यायालय के सामने सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके अन्य साथियों के द्वारा अंजाम दिए गए अग्निकांड के मामले में सबूत और गवाह पेश किए हैं। आज विद्वान न्यायाधीश के द्वारा अंतिम निर्णय दिया जा सकता है।
>
> भास्कर मिश्र
> ए.डी.जी.सी.

### नजीर फातिमा की ओर से वकील

पीड़िता और वादिनी नजीर फातिमा की ओर से कोर्ट में एडीजीसी भास्कर मिश्र के साथ अधिवक्ता प्राची श्रीवास्तव ने भी कानूनी पैरवी की है।

### डिफेंस के वकील

शुरुआती दौर में सपा विधायक इरफान सोलंकी के अधिवक्ता के रूप में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी और उसके बाद अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने कानूनी पैरवी की थी। फीस न मिलने पर अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने पैरवी छोड़ दी थी। इसके बाद अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित सईद नकवी ने कोर्ट में विधायक इरफान और रिजवान का पक्ष रखा है।

### डायरी से ई डी पहुंचेगी दर्जनों तक

इसके साथ-साथ आपको यह भी बताते चलें कि, अभी हाल ही में ई डी ने विधायक इरफान समेत उसके करीबियों के विरुद्ध छापेमारी की कार्रवाई की थी। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार ई डी को छापेमारी के दौरान जो डायरिया मिली है उनमें कई ऐसे लोगों के नाम है जो सफेद पोश हैं अथवा इरफान और हाजी वसी के वह खुफिया पार्टनर थे।
आने वाले समय में जल्द ऐसे ऐसे लोगों का सामने नाम आएगा जिनका नाम आपने भी नहीं सोचा होगा लेकिन कुछ ऐसे भी शातिर अपराधियों के खिलाफ ईडी कार्रवाई कर सकती है जिन्होंने हमेशा इरफान और हाजी वसी के साथ मिलकर मुस्लिम क्षेत्र में खूब अवैध प्लाटों पर कब्जा किया है।

### गवाह अभियोजन पक्ष

- डॉ. ओपी राय
- डॉ. प्रवीण कुमार
- समसूल हसन
- कांस्टेबल संजीव
- नज़ीर फ़ातिमा
- कनीज ज़ेहरा
- कांस्टेबल दिलीप कुमार
- साहिना
- मोहम्मद हसन
- शशिकांत शर्मा
- अकील
- शारिक अली बरकाती
- मोहम्मद नसीम आरिफ़
- ज्ञानेन्द्र कुमार
- महिला सिपाही पिंकी
- डॉ.अभिषेक शुक्ला
- एस ओ अशोक कुमार दूबे
- विष्णु कुमार सैनी

### डिफेंस के गवाह

- ऋषभ गुप्ता
- विवेक कुमार श्रीवास्तव
- मोहम्मद शरीफ

# सीबीआई ने दबोचा रिश्वतखोर जी.एस.टी. इंस्पेक्टर

जन एक्सप्रेस | उपेन्द्र अवस्थी



**कानपुर नगर।** शहर में कंपनी रजिस्ट्रेशन के नाम पर रिश्वत वसूलना एक सेन्ट्रल जीएसटी के इंस्पेक्टर को मंहगा पड़ गया, पीड़ित ने चुपचाप सीबीआई से शिकायत की तो बुधवार को जब पीड़ित इंस्पेक्टर को रिश्वत का रुपया दे रहा था उसी दौरान रंगे हाथों सीबीआई ने इंस्पेक्टर को धर दबोचा। सीबीआई के दिल्ली आफिस से अधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि कानपुर नगर के रावतपुर स्थित सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में एक इंस्पेक्टर की बराबर शिकायतें मिल रही थी कि वह बिना रिश्वत के काम नहीं करता है। हाल ही में कानपुर के ही एक पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उपरोक्त इंस्पेक्टर कम्पनी राजिस्ट्रेसन के नाम पर 10 हजार रुपये मांग रहा है। इस पर सीबीआई की टीम ने इंस्पेक्टर को रंगे हाथों दबोचने के लिए रणनीति बनाई। रणनीति के तहत पीड़ित शिकायतकर्ता ने किसी तरह से मान मनौव्वल करते हुए इंस्पेक्टर को पांच हजार रुपये में तैयार कर लिया था। शिकायतकर्ता और सीबीआई की टीम का आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित हुआ कि बुधवार को रिश्वत का रुपया इंस्पेक्टर को देना है। सीबीआई ने रिश्वत के रुपयों में केमिकल लगा दिया और शिकायतकर्ता वही रुपया इंस्पेक्टर को दे दिया। इसके फौरन बाद आफिस में दाखिल हुई सीबीआई की टीम ने रंगे हाथों अधिकारी को धर लिया। गिरफ्तारी करने के बाद हाथ धुलवाकर टीम ने तकनीकी रुप से पुष्टि कर दी कि इंस्पेक्टर ने रिश्वत ली। इसके बाद सीबीआई टीम इंस्पेक्टर को गिरफ्तार करते हुए उसके घर भी पहुंची और जांच पड़ताल के बाद किसी अज्ञात स्थान पर इंस्पेक्टर से पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

# जन आंदोलन चलाने संबंधित विषय पर डीएम ने की चर्चा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



जनपद के सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की बैठक बुधवार को जिला अधिकारी की अध्यक्षता में नवीन सभागार सरसैया घाट सिविल लाइन कानपुर में आयोजित हुई। जिसमें विद्यालयों में अध्यनरत छात्र संख्या के घटते क्रम, आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने, गंगा की अविरलता एवं निर्मलता बनाए रखने, प्राकृतिक पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुदृढ़ बनाए जाने के लिए एक जन आंदोलन चलाने संबंधित विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित प्रधानाचार्यो को कक्षा बार प्री इलेक्शन, पीटीएम तथा पोस्ट इलेक्शन पीटीएम आयोजित कराए जाने, प्रत्येक चार माह में निबंध चित्रकला स्लोगन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करने, विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, मिशन शक्ति, पोषण अभियान, संचारी रोग के अंतर्गत संक्रामक रोगों से बचाव सुरक्षा के लिए पर्याप्त जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अलग-अलग प्रधानाचार्यो से सुझाव भी लिए गए।

# युवक ने लगाई फांसी, परिवार मे मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीती रात थाना बर्रा क्षेत्र के जे सेक्टर मे रहने वाले 35 वर्षीय आशीष सैनी ने संदिग्ध परिस्थितियों मे फांसी लगाकर अपनी जान देदी। फांसी की बात सुनकर आसपास के लोगों मे हड़कंप मच गया। मृतक आशीष की तीन बेटियां हैं।

आशीष पुताई का काम करता था। सूचना पर पहुंची बर्रा पुलिस को पता चला कि मृतक आशीष काफी दिनो से परेशान चल रहे थे जिसके कारण वह शराब बहुत पी रहे थे। कल अचानक आशीष ने दूसरे खंड मे बने कमरे मे फांसी लगा ली।

शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालाकि कारण जानने के लिए बर्रा पुलिस प्रयास कर रही है।

# कृषि विभाग के जिम्मेदारों ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को प्रदेश के किसानों के गेहूं उत्पादन को राष्ट्रीय क्षितिज पर पंजाब एवं हरियाणा की उत्पादकता के समतुल्य लाने के लिए गेहूं अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा से कृषि विश्वविद्यालय कानपुर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जिसमे निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ.विजय यादव ने बताया कि इस अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर का मुख्य उद्देश्य अपने विश्वविद्यालय द्वारा सृजित गेहूं एवं जौ की प्रजातियों के साथ-साथ भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता एवं अधिक उत्पादन वाली गेहूं प्रजातियों के बीज को किसानों तक उपलब्ध कराना है। जिसके द्वारा प्रदेश की उत्पादकता में और वृद्धि की जा सके। इस अवसर पर निदेशक गेहूं एवं जौ अनुसंधान डॉ.ज्ञानेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित गेहूं प्रजाति के 68 जैसी उच्च गुणवत्ता वाली प्रजाति के बारे में बताते हुए कहा कि इस वर्ष के परीक्षणों को एक दशक बाद उच्च श्रेणी में व्यवस्थित पाया गया है। कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित गेहूं की प्रजाति के 1006 जो उच्च जिंक एवं लोहा से भरपूर है के प्रचार प्रसार एवं ब्रांडिंग करने की रणनीति पर भी चर्चा की। अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.सी.एल. मौर्य ने भी सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, वैज्ञानिक एवं विभाग अध्यक्ष, छात्र-छात्राएं एवं किसान मौजूद रहे।

# डब्ल्यू एच ओ के हेल्थ सिस्टम फेम वर्क की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ आर्टस ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंसेज एवं ए.ई.यू.सी. एस.जे.एम.यू.ए.ए.डी.सी. के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 6 दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत दूसरे दिन बुधवार को पहले सत्र का प्रारंभ डॉ.अनिमेष राय द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत उन्होंने डब्ल्यू एच ओ के हेल्थ सिस्टम फेम वर्क के बारे में बताया। उन्होंने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के अंतर्गत आशा आंगनबाड़ी ए एन एन के पब्लिक हेल्थ विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र की शुरुआत करते हुए नेशनल यूथ फाउंडेशन के मैनेजर प्रतीक तिवारी ने पब्लिक हेल्थ से समाज कार्य का संबंध और उसके महत्व को बताया। उन्होंने समाज कार्य समुदाय और समुदाय संगठन में अंतर समाज कार्य एवं समाज सेवा में अंतर, समुदाय और पब्लिक हेल्थ एवं समाज कार्य में अंतर व संबंध के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि समाज कार्य भिक्षा देना नहीं है बल्कि किसी व्यक्ति को इस प्रकार से सहायता प्रदान करना है जिससे वह अपनी मदद स्वयं कर सके।

# भारत सरकार के सेमीकंडक्टर के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का शिक्षकों ने देखा लाइव प्रसारण



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

एस.एन. सेन बी.वी.पी.जी.कॉलेज में भारत सरकार के सेमीकंडक्टर के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्राचार्या प्रोफेसर सुमन के निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लगभग सवा लाख करोड़ रुपये के तीन सेमीकंडक्टर फेब्रेरेशोंन प्लाट (गुजरात, असम) का भारत में शिलान्यास किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि बहुत जल्दी सेमीकंडक्टर में भारत ग्लोबल हब बन जाएगा।
उन्होने कहा कि 21 वी सदी में इलेक्ट्रॉनिक चिप का निर्माण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम बनाएगा तथा भारत के युवाओं में आत्मविश्वास का संचार करेगा। कार्यक्रम में प्रो.निशि प्रकाश, प्रो.रेखा चौबे, प्रो.अल्का टंडन, प्रो.गार्गी यादव, कैप्टन ममता अग्रवाल, प्रो.मीनाक्षी व्यास, डॉ.शुभा बाजपेयी, डॉ.अनामिका, डॉ.शिवांगी यादव, सुश्री प्रीति यादव सहित महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा भारत की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

# तीन दिवसीय ट्रायंगुलर सीरीज का मैच 15 मार्च से




* कानपुर से शिवम राजपूत का चयन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

डी.सी.सी.आई. द्वारा कोलकाता में आयोजित होने वाली 3 दिवसीय ट्रायंगुलर सीरीज का मैच 15 मार्च से 17 मार्च को खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश की टीम 13 मार्च को मुगलसराय पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना होगी। जिसके लिए उत्तर प्रदेश की टीम की घोषणा मैनेजर अजय यादव, डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव द्वारा की गई। टीम के कप्तान राहुल सिंह ने बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश की टीम में कानपुर के शिवम राजपूत को भी मौका मिला है। इस सीरीज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पंजाब की टीमें भाग लेंगी। जमुना शुक्ला ने टीम को बधाई देते हुए जीत के लिए प्रोत्साहित किया।

### उत्तर प्रदेश टीम मे

राहुल सिंह (कैप्टन)
वारिश अली (वाइस कैप्टन)
दीपेंद्र सिंह (विकेटकीपर)
अंकित गौतम
अंश साहू
अंकित साहू
विजय कुमार
सलमान शाह
मोहित सिंह
सुमित कुमार
मनोज यादव
मिथिलेश यादव
अंकुर श्रीवास्तव
शिवम राजपूत
चंद्रशेखर का चयन किया गया।

# बिल्हौर विधायक व एसडीएम के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने खत्म की हड़ताल



* तहसील विभाजन के विरोध में डेढ़ माह से हड़ताल पर चल रहे थे अधिवक्ता

जन एक्सप्रेस | हरिनाथ सिंह

बिल्हौर तहसील के अधिवक्ता बीते डेढ़ माह से प्रस्तावित तहसील विभाजन के विरोध में हड़ताल पर थे। बुधवार को विधायक और एसडीएम के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल खत्म कर विधिक कार्य शुरू कर दिया। शासन द्वारा कानपुर दक्षिण में एक नई तहसील के गठन और बिल्हौर तहसील क्षेत्र से 144 राजस्व गांव काटकर सदर तहसील में जोड़े जाने तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रस्तावित तहसील विभाजन को रिपोर्ट शासन भेजे जाने की खबरें मीडिया में आने के बाद 17 जनवरी को बिल्हौर तहसील के दोनो अधिवक्ता संगठन लॉयर्स और बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील को विघटन से बचाने के लिए संयुक्त बैठक की थी। 18 जनवरी को अधिवक्ताओं ने एसडीएम रश्मि लांबा को ज्ञापन देकर मामले में स्पष्टीकरण मांगा था और दोनो संगठनों से 20 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया था। एसडीएम ने मामले की कोई जानकारी न होने की बात कह कर मामले को टाल दिया था। एसडीएम से कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर 29 जनवरी को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य बंद कर आंशिक रूप से रोड जाम किया था और मंडलायुक्त को ज्ञापन भेजकर दो दिनो में मामले पर स्थित साफ करने और विभाजन की स्थिति में उसे रोके जाने की मांग की थी।

### संतोष जनक उत्तर न मिलने पर शुरू की थी हड़ताल

मंडलायुक्त से भी कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर दोनो संगठनों के अधिवक्ताओं ने 1 फरवरी को कलम बंद हड़ताल कर धरने की घोषणा कर दी थी और 3 फरवरी से प्रस्तावित विभाजन के विरोध में धरने पर चल रहे अधिवक्ताओं ने कई बार रोड पर उतरकर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, तहसील के सभी प्रशासनिक कार्यालयों को बंद कराया, बिल्हौर पहुंचने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिंनिधियों का घेराव किया और प्रतिनिधिमंडल भेजकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और जिलाधिकारी से वार्ता की तथा विभाजन रोके जाने को लेकर हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की।

### दो माह तक चले आंदोलन के बाद मिली सफलता

प्रस्तावित तहसील विभाजन के विरोध में अधिवक्ताओं का 18 जनवरी से शुरू होकर लगभग दो माह तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद 13 मार्च को क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और एसडीएम रश्मि लांबा ने अधिवक्ताओं के बीच पहुंचकर जानकारी दी कि उन लोगों के द्वारा आंदोलन शुरू करने के बाद प्रस्तावित विभाजन पर कोई भी कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई गई। साथ ही अधिवक्ताओं को इस बात के लिए भी आश्वस्त किया कि भविष्य में उन लोगों को जानकारी देने और आपसी विचार विमर्श के बाद ही कोई प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। विधायक और एसडीएम आश्वासन के बाद दोनों अधिवक्ता संगठनों ने हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने की घोषणा कर दी।

### नियासिन जैसी कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं आणविक स्तर पर कैसे करती हैं काम

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के जैविक विज्ञान और बायो इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अरुण के. शुक्ला के नेतृत्व वाली टीम ने यह जानने का प्रयास किया कि नियासिन जैसी कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं आणविक स्तर पर कैसे काम करती हैं। टीम अत्याधुनिक क्रायोजेनिक-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (क्रायो-ईएम) तकनीक का उपयोग करते हुए नियासिन और अन्य संबंधित दवाओं द्वारा सक्रिय प्रमुख लक्ष्य रिसेप्टर अणु को दृष्टिगोचर करने में सफल हुई । यह शोध, जिसमें कम दुष्प्रभावों के साथ कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए नई दवाओं के विकास की संभावना है। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका, नेचर कम्युनिकेशंस में इसका प्रकाशित किया गया है। प्रोफेसर शुक्ला ने बताया कि नियासिन आमतौर पर खराब कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने के लिए निर्धारित दवा है। हालांकि कई रोगियों में दवा के दुष्प्रभाव होते हैं जैसे कि त्वचा की लालिमा और खुजली, जिसे फ्लशिंग प्रतिक्रिया कहा जाता है। इससे मरीज अपना इलाज बंद कर देते हैं और उनके कोलेस्ट्रॉल स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसको लेकर शोध कार्य शुरु हुआ और आण्विक स्तर पर नियासिन के साथ रिसेप्टर अणु तक्क09 के तालमेल का विजुलाइजेशन कराया गया। इस प्रक्रिया से नई दवाओं के निर्माण के लिए आधार तैयार किया गया जो अवांछनीय प्रतिक्रियाओं को कम करते हुए प्रभावकारिता बनाए रखेगी।

# शिखर पान मसाले के मालिक पर हत्या का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




थाना गोविंद नगर में शिखर पान मसाले के मालिक समेत ठेकेदार के विरुद्ध मजदूर की हत्या करने और उसके बाद शव समेत साक्ष्य को छुपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बाद क्या आरोपी मालिक पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल का रास्ता दिखाया जाएगा अथवा हत्या से पहले जो पुलिस का लचीला रवैया था वही मुकदमा दर्ज होने के बाद भी रहेगा यह सोचनीय विषय है। आपको बताते चलें कि शिखर पान मसाला की थाना गोविंद नगर क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में थाना बिधनू क्षेत्र स्थित ग्राम परशौली में निवास करने वाला युवक विनोद पुत्र थाना स्वर्गीय हरिशंकर राजपूत मजदूरी का कार्य करता था। मां गुड्डी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 5 मार्च को विनोद फैक्ट्री काम करने गया और जब वापस नहीं आया तो उसे ढूंढा गया लेकिन वह नहीं मिला। फैक्ट्री के प्रबंधन तंत्र और कार्यरत जिम्मेदारों से उन्होंने गुहार लगाई कि वह बता दें विनोद कहां है लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। 7 मार्च को थाना गोविंद नगर में तहरीर भी दी गई लेकिन पुलिस ने मात्र गुमशुदगी दर्ज करके अपने कर्तव्यों से तीसरी कर ली, मां और भाइयों का आरोप था की फैक्ट्री में ही उसकी हत्या कर दी गई है लेकिन पुलिस नहीं मानी यहां तक की उसके परिजनों ने यह भी कहा की दूसरे की फैक्ट्री के कमरे में विनोद आते हुए दिखा है लेकिन जाते हुए वह कहीं नहीं दिखाई दिया लेकिन पुलिस ने इस बिंदु पर भी जांच करना मुनासिब नहीं समझा, वही फैक्ट्री के कैमरे दिखाने की बात हुई तो फैक्ट्री वालों ने बहाना बना दिया की फैक्ट्री का कैमरा तीन दिनों से खराब था। आखिरकार वह समय भी आ गया जब 12 मार्च को विनोद का शव थाना पनकी क्षेत्र स्थित नहर में मिला, शव मिलने के बाद परिजनों ने फैक्ट्री मालिक और ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए जब जमकर हंगामा काटा तो पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई आरंभ कर दी है, कोतवाल गोविंद नगर के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिखर पान मसाला फैक्ट्री के मालिक विजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल समेत ठेकेदार के विरुद्ध मृतक की मां की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी गई है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# हैदराबाद में भाजपा ने माधवी लता को उतार कर ओवैसी घेर लिया

**माधवी लता ने मीडिया से कहा था कि मुझे 1980 के दशक में हुए सांप्रदायिक दंगों ने डरा दिया था। उन दंगों ने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि लोग किसी की जान लेकर अपनी नफरत क्यों व्यक्त करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वर्षों के अनुभव के बाद मुझे एहसास हुआ कि इसके पीछे आम आदमी नहीं बल्कि एक राजनीतिक खेल है। उनका कहना है कि एक आम आदमी चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम, वह हिंसा नहीं चाहता। उन्होंने ओवैसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं जो कभी भी दोनों समुदायों के बीच शांति नहीं चाहते हैं।**

*देश भर में घूम-घूमकर मुस्लिम वोटों की राजनीति करने वाले एआईएमआईएम के प्रमुख असद्दुदीन ओवैसी इस बार खुद अपने गढ़ हैदराबाद में घिर गये हैं क्योंकि भाजपा ने आरएसएस कार्यकर्ता माधवी लता को उनके खिलाफ उतार दिया है। माधवी लता जिस तरह से अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद से ओवैसी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं उससे हैदराबाद के सांसद की राजनीतिक जमीन हिल गयी है। इसीलिए आजकल ओवैसी जिम में पसीना बहा रहे हैं क्योंकि उन्हें इस बार मजबूत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ना है और समय निकाल कर अन्य प्रदेशों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार भी करना है। हम आपको बता दें कि हाल में संपन्न तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जिस तरह एआईएमआईएम को अपने गढ़ हैदराबाद में झटका लगा था उसके चलते लोकसभा चुनाव के लिए ओवैसी काफी सतर्कता बरत रहे हैं। जहां तक माधवी लता की बात है तो आपको बता दें कि वह आरएसएस कार्यकर्ता, पारंपरिक भारतीय महिला, उद्यमी, अस्पताल प्रशासक और एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नर्तक हैं। हाल के समय तक राजनीतिक क्षेत्रों में उनका नाम कभी चर्चा में नहीं रहा था लेकिन जब भाजपा ने हैदराबाद से उन्हें लोकसभा सीट का उम्मीदवार घोषित किया तो वह रातोंरात सुर्खियों में आ गयीं। 49 वर्षीय कोम्पेला माधवी लता तीन बच्चों की मां हैं। जब उन्हें भाजपा उम्मीदवार बनाया गया तो वह खुद भी आश्चर्यचकित रह गयी थीं क्योंकि उन्होंने अपने लिए कभी कोई पैरवी नहीं की थी। ओजस्वी वक्ता और उस्मानिया विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर माधवी लता कहती हैं कि मेरी उम्मीदवारी से यह बात साबित हो जाती है कि भाजपा लोगों की क्षमताओं और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नजर रखती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका देती है। हम आपको बता दें कि माधवी लता को उम्मीदवार बनाये जाने का कारण यह भी है कि एक तो वह महिला हैं और दूसरा मुस्लिम महिलाओं के बीच उन्होंने काफी काम किया है जिसके चलते वह उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा एक प्रखर वक्ता होना भी उनके पक्ष में गया है क्योंकि ओवैसी जिस तरह अपने भाषणों के जरिये लोगों को अपने पक्ष में करते हैं उसी तरह अपने भाषणों के जरिये उन्हें जवाब देने वाला प्रतिद्वंद्वी उनके खिलाफ चाहिए था। हम आपको बता दें कि एआईएमआईएम ने चार दशकों से हैदराबाद लोकसभा सीट पर कब्जा बनाए रखा है। सलाहुद्दीन ओवैसी ने 1984 से 1999 तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद से उनके बेटे असदुद्दीन हैदरबाद से सांसद हैं। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत गोशामहल को छोड़कर सभी विधानसभा क्षेत्रों पर एआईएमआईएम का कब्जा है। गोशामहल से भाजपा के फायर ब्रांड नेता टी. राजा विधायक हैं। भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भगवंत राव पवार को अपना उम्मीदवार बनाया था जोकि ओवैसी से भारी अंतर से चुनाव हार गये थे। इस बार हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी तय करने में आरएसएस से जुड़े संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने इस क्षेत्र में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रहीं माधवी लता का नाम सुझाया जिस पर पार्टी में सहमति बन गयी और उनकी उम्मीदवारी की घोषणा हो गयी। खुद माधवी लता भी इस बात को मानती हैं कि उन्हें चुनाव में मुस्लिम महिलाओं का सहयोग मिलेगा। उनका कहना है कि अगर हिंदू-मुस्लिम मुद्दे को देखा गया होता तो भाजपा मुझे उम्मीदवार नहीं बनाती। उनका कहना है कि मैं मुस्लिमों के बीच काम करती हूँ और उन्हें अपना मानती हूँ।*

## एक्सप्रेस आलेख

**ये शख्स रूस के अलग अलग शहरों से अपने वीडियो डालकर लोगों को यक़ीन दिलाता था कि रूस में सब कुछ नॉर्मल है, ऐसे में नौजवानों को वहां आकर नौकरी करने में कोई रिस्क नहीं है। इस ब्लॉगर ने दो दर्जन लड़कों को रूस भेजा लेकन जब रूस यूक्रेन की जंग में दो भारतीय नौजवानों की मौत की खबर आई तो हमारी सरकार और एजेंसीज एलर्ट मोड में आईं। धोखाधड़ी की ऐसी ही घटनाओं पर एक्शन लिया। सीबीआई ने इस तरह की 17 प्लेसमेंट एजेंसीज़ का पता लगाया। दिल्ली, मुंबई, अंबाला चंडीगढ़, मदुरै और चेन्नै समेत 13 जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई ने 17 कंपनियों और उनके मालिकों पर केस दर्ज किया।**

# भारतीय नौजवान को मानव तस्करों से बचाओ



डी. पी. शुक्ला

**ओवरसीज फाउंडेशन के ठिकानों पर रेड्स भी हुई हैं। ओवरसीज़ फाउंडेशन का ऑफ़िस दिल्ली में कस्तूरबा गांधी रोड पर अंबादीप बिल्डिंग में है। इसी तरह, सीबीआई ने मुंबई की ओएसडी ब्रदर्स ट्रैवल्स ऐंड वीज़ा सर्विसेज़ और इसके निदेशक राकेश पांडेय पर केस रजिस्टर किया।**

मुश्किल ये है कि जो भारतीय नौजवान रूस और यूक्रेन की जंग में फंस गए हैं, उन्हें जंग के मैदान में भेजने में न तो भारत सरकार की और न ही रूसी सरकार की कोई भूमिका है। ये लोग प्राइवेट एजेंट्स के चक्कर में फंसे और उन्हें प्राइवेट रशियन सशस्त्र ग्रुप के हवाले कर दिया जिनका रूसी सेना से कोई लेना देना नहीं। आज सबसे पहले देश के नौजवानों और उनके माता-पिताओं को सावधान करना चाहता हूं। सोशल मीडिया यू-ट्यूब, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर या किसी भी प्लेटफॉर्म पर कोई नौकरी का ऑफर देता है, स्टूडेंट वीजा पर विदेश भेजकर वहां हर महीने लाखों रूपए कमाने का लालच देता है, तो बिल्कुल भरोसा मत कीजिए, वरना पैसा भी जाएगा और जान जाने की नौबत भी आ सकती है क्योंकि इसी तरह के वीडियो के चक्कर में फंस कर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे कई राज्यों के लड़के रूस पहुंच गए। उन्हें रूस में कोई नौकरी नहीं मिली बल्कि धोखे से उन्हें वहां की प्राइवेट आर्मी में भर्ती करवा दिया गया। हथियार थमा कर, बंदूक दे कर, यूक्रेन में जंग के मैदान में भेज दिया गया। रूस और यूक्रेन की जंग से भारत का कोई लेना- देना नहीं है लेकिन इस जंग में हमारे दो नौजवान मारे जा चुके हैं। दोनों जालसाजों के चक्कर में फंस कर रूस पहुंचे थे। कम से कम 35 नौजवान ऐसे हैं, जो जंग में मौत के दरवाजे पर खड़े हैं। हालांकि अब सरकार इस तरह की धोखाधड़ी करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है, 13 प्लेसमेंट एजेंसीज के ठिकानों पर रेड की गई है, जिन परिवारों के बच्चे रूस में फंसे हैं, उनसे संपर्क किया जा रहा है लेकिन सरकार के लिए इन नौजवानों को जंग के मैदान से सुरक्षित वापस लाना आसान नहीं हैं क्योंकि रूस की सरकार का इन भारतीय नौजवानों के रूस पहुंचने में कोई सीधा हाथ नहीं हैं। ये सब प्राइवेट एजेंसीज और एजेंट्स का खेल है। टीवी पर इन तस्वीरों में हमारे नौजवान सैनिक की वर्दी पहने नज़र आए, लेकिन इन्हें ऐसा पहनने के लिए मजबूर किया गया। इन्हें सेना की कोई ट्रेनिंग नहीं मिली, लेकिन इनकी ड्रेस असली है, इन्हें असली बंदूकें दी गई हैं और ये जंग के असली मैदान में हैं। हैरानी की बात ये है कि न ये रूसी भाषा जानते हैं, न यूक्रेनी, और इन्हें ये भी नहीं मालूम कि वो रूस के इलाके में हैं या फिर यूक्रेन के बॉर्डर में, बस चारों तरफ गोलियों और धमाकों की आवाजें सुनाई पड़ रही है। इनके पास फोन हैं, उससे इन लड़कों ने अपना वीडियो बनाया, परिवार वालों को भेजा, तब जाकर ये राज़ खुला कि अच्छी नौकरी, लाखों के पैकेज के चक्कर में रूस पहुंचे इन नौजवानों को न नौकरी मिली, न पैसा, ऊपर से जिंदगी खतरे में पड़ गई। ये भारतीय नागरिक हैं, रूस की तरफ से यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। ऐसे एक दो नहीं कई वीडियो हैं और सभी वीडियो में रूस में फंसे नौजवान ये बता रहे हैं कि वो तो घूमने के लिए रूस गए थे और वहां उन्हें एक एजेंट ने झांसा देकर फंसा लिया जिसके बाद पुलिस ने उन्हें ज़बरन सेना के हवाले कर दिया और उन्हें यूक्रेन में रूस की तरफ़ से जंग लड़ने के लिए भेज दिया गया जबकि उन्हें बंदूक चलानी तो दूर, बंदूक पकड़नी भी नहीं आती। जिन सात लड़कों ने ये वीडियो भेजा है, वो पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के रहने वाले हैं। लेकिन ये रैकेट दक्षिण भारत तक फैला हुआ है। तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु से चार लड़कों को नौकरी के नाम पर रूस भेजा गया और फिर उन्हें ज़बरदस्ती यूक्रेन में जंग लड़ने के लिए भेज दिया गया। ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स और वीज़ा दिलाने के नाम पर लोगों को फंसाने का मानव तस्करी का ये नेटवर्क बड़े सुनियोजित तरीके से काम करता है। प्राइवेट वीजा कंसल्टेंसी की अलग अलग कपनियां सोशल मीडिया पर वीडियो, और यू-ट्यूब पर ड्ढ्ढ्यश्द्द के ज़रिए, उन युवाओं से कनेक्ट होते थे जो विदेश में नौकरी करना चाहते हैं, फिर इन नौजवानों को बताया जाता था कि विदेश में उनके लिए नौकरियों के तरह तरह के ऑप्शन हैं। जैसे डिलीवरी बॉय, हेल्पर, डेटा ऑपरेटर वग़ैरह। रूस के बारे में ये एजेंट दावा करते थे कि युवकों को वहां जाकर बॉर्डर पर जाकर न टैंक चलाना है, न तोप के गोले दाग़ने हैं, इन कंपनियों के एजेंट रूस में भी मौजूद हैं। वो वहां से वीडियो बनाकर दिखाते थे कि रूस में हालात बिल्कुल नॉर्मल हैं, सेना मोर्चे पर है, लेकिन सिविलियन इलाकों में लाइफ नॉर्मल है और उनको सिविलियन इलाकों में काम करना है। ये एजेंट दावा करते थे कि ये सब काम करने के लिए युवकों को तीन महीने ट्रेनिंग दी जाएगी और पहले तीन महीने तक हर महीने 40 हज़ार रूपये सैलरी भी मिलेगी। तीन महीने की ट्रेनिंग के बाद जब इन युवकों की पोस्टिंग होगी, तो उनकी सैलरी बढ़कर एक लाख रुपए प्रति महीना हो जाएगी। विदेश में बसने का सपना देख रहे पढ़े-लिखे नौजवान उनके झांसे में आ जाते थे और वो रूस जाने के लिए जैसे तैसे तीन लाख रुपए इकट्ठा करते थे लेकिन, जैसे ही ये युवक रूस पहुंचते थे, इन एजेंटों का असली खेल शुरू हो जाता था। उनसे रूसी भाषा में एक कॉन्ट्रैक्ट पर ज़बरन साइन कराया जाता था और बंदूक, राइफल चलाने की थोड़ी बहुत ट्रेनिंग देकर जंग के मोर्चे पर भेज दिया जाता था। जो लोग इसका विरोध करते थे, उनको 10 साल के लिए जेल में डालने की धमकी दी जाती थी। इस पूरे रैकेट में सबसे ज़्यादा चर्चा Babavlogs नाम के एक एजेंट की हो रही है। ये असल में दुबई में रहने वाले फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान का वीडियो ब्लॉग है। सबसे ज़्यादा नौजवान इसी फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान के वीडियो देखकर एजेंट्स के जाल में फंसे। इस बाबा व्लॉग के कई वीडियो अब भी सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं। ये फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान दुबई की एक कंपनी में डायरेक्टर है। इस कंपनी का नाम बाबा व्लॉग्स ओवरसीज़ रिक्रूटमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड है।



**सीबीआई ने दुबई की बाबा व्लॉग्स ओवरसीज़ रिक्रूटमेंट सॉल्यूशंस और इसके निदेशक फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान उर्फ़ बाबा के खिलाफ़ केस दर्ज किए हैं। सीबीआई के मुताबिक़, जबरन प्राइवेट आर्मी में भर्ती करने के कम से कम 35 मामले सामने आए हैं।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पंचमी 23:32 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 17:01 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | वैधृति, 21:56 |
| सूर्योदय: | 06:35 |
| सूर्यास्त: | 18:25 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 13:59-15:27 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:06-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### फैसले दनादन !

*समय बचा है अल्प ।*
*फैसले दनादन ।।*
*कदम आगे करके ।*
*रहे टटोल मन ।।*
*है लड़ाई आर पार ।*
*भिड़ गए हैं दल ।।*
*कौन कितने पानी में ।*
*आजमाना बल ।।*
*हो रही ललकार ।*
*घड़ी है ऐसी आन ।।*
*पैतरे बदल कर ।*
*बनने चले महान ।।*
*और बड़ा बदलाव ।*
*आगे दिखने वाला ।।*
*वो विरोध पर हैं अड़े ।*
*है जिनका दिवाला ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*तेरी नफरत ने दीवाना बना दिया,*
*तेरे बिना बिंदास जीना सीखा दिया।*
*तेरी बेरुखी ने बे- आबरू किया मुझे,*
*बंदगी ने तेरी,मयकदे को घर बना दिया।।*
*तेरी-मेरी नफरत की मोहब्बत ने ,*
*मुझे आशिकी करना सिखा दिया।।*

*जरा रकीब को जी भर कर देख ले,*
*हालात ने हवा में उड़ना सिखा दिया।*
*जितनी मोजब्बत की,वैसी नफ़रत भी ।*
*देखो तुमने इश्क का मकबरा सजा दिया।।*
*मोहब्बत में सिर्फ आशिकी ही नहीं,*
*नफरत को भी तेरी हमने इबादत बना दिया।।*
*शमशीर से नहीं,नजरों से क़त्ल हुआ मेरा।*
*तेरी आंखों ने हमें जीना सिखा दिया।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**खुशी पाना ही सफलता की असली कुंजी है, यदि आप जो करते हैं उसका आनंद लेते हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कोर्टिसोल कम करने के लिए करें तुलसी और अश्वगंधा का सेवन



**वर्तमान** की भागदौड़ भरी जिंदगी और आगे बढ़ने की होड़ में लोग अपनी सेहत का ही ख्याल नहीं रखते हैं। जिसके कारण कम उम्र से ही हार्मोनल इंबैलेंस के साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। कुछ लोगों को अक्सर तनाव और चिड़चिड़ापन भी रहता है, इस तरह की समस्याएं शरीर में कोर्टिसोल लेवल बढ़ने के कारण होती हैं, जो सेहत पर बुरा असर डालती हैं। फिट और हेल्दी रहने के लिए जरूरी है कि आपके शरीर में कोर्टिसोल का लेवल कम रहे ताकि तनाव, चिड़चिड़ापन और एंग्जाइटी जैसी समस्याएं कम हो सकें। आयुर्वेद में इसके लिए तुलसी और अश्वगंधा का इस्तेमाल फायदेमंद बताया गया है। कोर्टिसोल एक हार्मोन है, जिसके ज्यादा उत्पादन से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। जब व्यक्ति तनाव में होता है, तो शरीर में कोर्टिसोल का उत्पादन बढ़ जाता है। लेकिन ज्यादा कोर्टिसोल लेवल का बुरा असर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, जिससे कई तरह की अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

**तुलसी:** आयुर्वेद में कई बीमारियों के इलाज में औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी का उपयोग किया जाता है। तुलसी की गिनती ऐसे पौधों में होती है, जिन्हें पवित्र माना जाता है और इसका इस्तेमाल धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। तुलसी की पत्तियों में मौजूद विशेष तत्वों के कारण, तुलसी को स्ट्रेस कम करने और शांति प्रदान करने में कारगर माना जाता है। नियमित रूप से तुलसी का उपयोग शरीर में कोर्टिसोल स्तर को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे तनाव और चिंता का स्तर भी कम हो सकता है।

**अश्वगंधा:** भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में अश्वगंधा का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जाता है। औषधीय गुणों का खजाना कहे जाने वाले अश्वगंधा को रसायन और बलवर्धक के रूप में जाना जाता है और इसका उपयोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने के लिए किया जाता है। अश्वगंधा का उपयोग कोर्टिसोल स्तर को कम करने में सहायक हो सकता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है और मन शांत होता है।

**तुलसी और अश्वगंधा का सेवन कैसे करें?:** शरीर में कोर्टिसोल लेवल कंट्रोल करने के लिए आप तुलसी और अश्वगंधा से तैयार काढ़े का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए 1 कप पानी में एक चौथाई चम्मच अश्वगंधा पाउडर के साथ 3-4 तुलसी की पत्तियां डालकर 2 से 3 मिनट के लिए पकाएं। इसके बाद छानकर इस काढ़े को गुनगुना ही पिएं। इसके अलावा आप अश्वगंधा का सेवन दूध के साथ भी कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत की मुक्त व्यापार के लिए दूरगामी सोच, दुनिया के कई देश आ रहे साथ



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**आज भारत का व्यापार उदारीकरण तथा आर्थिक एकीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। वह भी ऐसे दौर में जब पूरी दुनिया संरक्षणवाद को अपना रही हो। निश्चित ही आज यही कहना होगा कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के आर्थिक विस्तार और विश्व बाजार में एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण साधन बन गए हैं।**

**इस अनुबंध की बात लेकिन इससे पहले भारत ने जो अनुबंध दूसरे देशों से किए हैं, उससे किस तरह भारत पिछले साल 2023 में दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बना है, वह हम सभी ने देखा है। इसी के साथ बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दावा करते हुए कहा था, ''मैं देश को... विश्वास दिलाता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में भारत, शीर्ष 3 अर्थव्यवस्था में पहुंच कर रहेगा और ये मोदी की गारंटी है।''**

**भारत** इस समय दुनिया के तमाम देशों के साथ आर्थिक क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है और एक देश के बाद दूसरे देश के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने में सफल हो रहा है। भारत की इस सफलता ने आज देश में शुरू हुए स्टार्टअप्स को एक नई उड़ान दे दी है। यह समझौते मेक इन इंडिया को बढ़ावा देनेवाले तथा युवा एवं प्रतिभाशाली श्रमबल को अनेक नए अवसर प्रदान कर रहे हैं । इस दिशा में भारत-यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता ( टीईपीए ) पर हस्ताक्षर भारत की आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। इससे पूर्व भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी के समझौते पर दस्तख़त किए गए। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब डॉलर सालाना से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। सेवाओं का व्यापार 15 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। वाणिज्य मंत्रालय का यह आंकड़ा भी है कि भारत के कपड़ा, दवा, जवाहरात, गहनों और प्लास्टिक के उत्पादों, ऑटो और चमड़ा, प्रोसेस्ड कृषि और डेयरी उत्पादों, हस्तशिल्प, फर्नीचर, खाद्य और पेय पदार्थों, इंजीनियरिंग जैसे ज़्यादा श्रम वाले उद्योगों में 10 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। इसी तरह से भारत के सबसे महत्वपूर्ण एफटीए भारत के पूर्व में स्थित देशों आसियान, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से देश की कुल जनसंख्या में से करोड़ों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। वस्तुत- मोदी सरकार जिस तरह से एक-एक योजना पर गहराई से कार्य कर रही है, उसे देखते हुए अब लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था जल्द ही बन जाए। एक-एक बिन्दु पर कार्य की गहराई इसी से समझी जा सकती है कि पिछले 16 साल की मशक्कत के बाद सरकार ने यूरोपीयन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टेपा) करने में सफलता प्राप्त की है। यानी कि पिछले 10 साल कांग्रेस की सरकार जो करके नहीं दिखा पाई उसे लोकसभा चुनाव के पूर्व मोदी सरकार लगातार के अपने प्रयासों के परिणाम स्वरूप करने में सफल हो गई। देश में आज हर रोज हजारों नए व्यापारिक प्रतिष्ठान खुल रहे हैं, कंपनियों द्वारा बनाए माल की खपत यदि नहीं होती है तो कंपनी को दिवालिया होने से कोई रोक नहीं पाता, ऐसे में हर कंपनी को उसकी निर्माण वस्तु के हिसाब से मार्केट मिले यह आवश्यक है। आज यह अच्छी बात है कि केंद्र की भाजपा सरकार इस कार्य को पूरा करती हुई दिखाई दे रही है। हालांकि यह भी सच है कि कुछ देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा अधिक है, जिसमें कि चीन का जिक्र अक्सर आता है, किंतु इसके साथ ही यह भी सच है कि दुनिया के तमाम देशों के साथ जो पिछले 10 सालों में मोदी सरकार के प्रयासों से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) हुए हैं, उनमें भारत आज लीडर की भूमिका में पहुंच गया है। अभी जो भारत - यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन ने व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता ( टीईपीए ) पर हस्ताक्षर किए हैं, यदि उसके ही लाभ देखें तो लगता है कि देश के कितने अधिक लोगों को एक साथ रोजगार मिल जाएगा। यह पहली बार है और बड़ी उपलब्धि भी कि भारत एक साथ चार विकसित देशों जिनमें स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं, के साथ यह हस्ताक्षर करने में सफल हुआ है । जिसमें कि यह सुनिश्चित किया गया है कि 100 बिलियन डॉलर के निवेश और एक मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार की बाध्यकारी प्रतिबद्धता रहेगी। पहले 10 सालों में 50 अरब डॉलर तो बाद के पांच सालों में 50 अरब डॉलर का निवेश किया जाना तय किया गया है । समझौते से फार्मा, टेक्सटाइल जैसे सेक्टर के साथ सर्विस सेक्टर में भी इन चार देशों के बाजार में भारत की पहुंच आसान हो जाएगी। यहां अच्छा यह भी है कि इस समझौते से भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोप के बड़े बाजार में पहुंच सहज होगी। जिसका कि बड़ा लाभ यह है कि यूपोरीय यूनियन के सर्विस सेक्टर में स्विट्जरलैंड की बड़ी हिस्सेदारी है और अब सर्विस सेक्टर से जुड़ी भारतीय कंपनियां स्विट्जरलैंड में अपना आधार बना कर यूरोप के बाजार में प्रवेश कर सकेंगी। इससे आईटी, बिजनेस, शिक्षा, मनोरंजन, ऑडियो-विजुअल सेक्टर के सर्विस को प्रोत्साहन मिलेगा।

# भूल भुलैया जाने वाले मार्ग पर लोगों के आने जाने की उचित व्यवस्था तक नहीं, दुश्वारियों से जूझते हैं लोग

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी**





भूल भूलैया जाने वाले मार्ग पर खड़ंजा निर्माण के लिए कस्बे के लोग पिछले कई वर्षों से अधिकारियों के कार्यालय और जनप्रतिनिधियों की परिक्रमा कर रहे हैं। लेकिन, उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने मार्ग की समस्या को गंभीरता लेते हुए बुधवार को खड़ंजा लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। नगर पंचायत सिंगाही में एतिहासिक स्थलों की भरमार है। इसके चलते इस कस्बे की दूर-दूर तक अच्छी खासी पहचान है। कस्बे के किनारे एक किलोमीटर दूर बनी ऐतिहासिक भूल भुलैया लेकर इस क़स्बे की अच्छी खासी पहचान है। लोगों के अनुसार लगभग पूरे वर्ष यहां पर पर्यटक और पूजा करने श्रद्धालु व किसानों का आना जाना लगा रहता है।आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी भूल भुलैया जाने वाले मार्ग पर आज भी यहां पर लोगों के आने जाने की उचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। कई बार शासन और प्रशासन से भी यहां पर विकास के लिए योजनाएं बनी, लेकिन आज तक एक भी योजना परवान नहीं चढ़ सकी है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने लोगों की समस्या को देखते हुए क्षेत्र पंचायत से लगभग 30 लाख की लागत खड़ंजा व पानी निकासी के लिए पुलिया के निर्माण के लिए बुधवार को समुदायक स्वास्थ्य केंद्र से भूल भुलैया तक काम शुरू करवा दिया है। इससे लोगों में हर्ष है।लोगों ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह के इस कदम की सराहना की है। इस दौरान प्रधान अखलेश यादव, जोगेंद्र शाक्य, शिशिर गुप्ता,सभासद प्रभात शुक्ला उपस्थित रहे।

# जिला पुरुष चिकित्सालय में तैनात संविदा कर्मचारियों की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ लखीमपुर खीरी इकाई के बैनर तले एक आवश्यक बैठक जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल के मीटिंग हॉल में हुई। जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान डॉ शिशिर पांडे द्वारा समस्त कर्मचारियों को संगठन के बैनर तले जोड़ने के लिए योजना बनाने को लेकर विचार दिया गया। जिसमें संविदा आउटसोर्सिंग और कांटेक्ट पर काम कर रहे कर्मचारियों को संगठन के बैनर तले जोड़ने पर चर्चा हुई। इसमें मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स और स्टाफ को भी शामिल करने पर चर्चा हुई। जिसका सभी ने पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान समान कार्य समान वेतन और वेतन विसंगत सहित कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की बात ही सुविधाएं दिए जाने को लेकर राज्य स्तर पर संगठन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों और उन पर किए जा रहे कार्यों को लेकर भी बताया गया। साथ ही कहा गया कि संविदा के नाम पर शोषण की नीति नहीं चलाई जानी चाहिए। जल्द ही संगठन के बैनर तले अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सीएमएस सीएमओ और मिशन निदेशक सहित स्वास्थ्य मंत्री को भेजने की तैयारी की जा रही है। इस दौरान डॉ कर्मवीर सिंह द्वारा संविदा आउटसोर्सिंग और कांटेक्ट पर काम कर रहे सभी कर्मचारी से अनुरोध किया गया है कि वह संगठन के बैनर तले जुड़कर एक शक्ति के रूप में काम करें। इस दौरान संगठन के जिला मीडिया प्रभारी देवनंदन श्रीवास्तव सहित जिला पुरुष चिकित्सालय अध्यक्ष विवेक मित्तल सहित फार्मासिस्ट मनोज मौर्या, पंकज शुक्ला, अनुज त्रिवेदी, स्तुति कक्कर, अतुल पांडे, सुरेंद्र कश्यप, प्रीति सिंह,अरविंद वर्मा,गौरव,ब्रजेश सहित अन्य संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव, सात महीने बाद जेल से छूटकर आया था प्रबल

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के दुर्बल आश्रम के निकट कृष्णा नगर निवासी प्रबल शुक्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना मंगलवार की देर रात करीब डेढ़ बजे होना बताया जा रहा है। मोहल्ला कृष्णानगर निवासी सुशील कुमार शुक्ला ओएल मेढ़क मंदिर के पास प्राइमरी स्कूल में शिक्षक थे। उनकी करीब 14 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद मृत आश्रित में सुशील कुमार शुक्ला की पत्नी श्यामकली को नौकरी मिल गई, जो शहर के गांधी बाल उद्यान जूनियर हाईस्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है।अंबर सिंह प्रभारी निरीक्षक सदर ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। दुर्बल आश्रम के निकट कृष्णा नगर निवासी प्रबल शुक्ला अपने ही बड़े भाई पूरन शुक्ला की हत्या के मामले में सात महीने बाद जेल से छूटकर आया था। घटना मंगलवार रात करीब एक से डेढ़ बजे की है। जिला अस्पताल की मोर्चरी में मौजूद मृतक के दोस्तों की मानें तो प्रबल शुक्ला अत्यधिक शराब के नशे में था। प्रबल का शव कमरे में पंखे के कुंडे से नहीं बल्कि जमीन पर पड़ा मिला, पंखे के कुंडे में सिर्फ रस्सी लटक रही थी।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत, महिला घायल

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



बुधवार को फरधान थाना क्षेत्र में गोला-लखीमपुर मार्ग पर पचपेड़वा मोड़ के पास रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मरने वाले दोनों व्यक्ति शाहजहांपुर जिले के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र के सिसौरा निवासी 35 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र ब्रह्मदीन गांव के ही 38 वर्षीय खेमकरन और उनकी पत्नी को लेकर गोला की तरफ जा रहा था। पचपेड़वा मोड़ के पास रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संजीव कुमार और खेमकरन की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर घायल महिला को सीएचसी फरधान से रेफर कर दिया गया है। वह ट्रामा सेंटर में भर्ती है।



## भारत के सेमी कंडक्टर मिशन कार्यक्रम की यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

बुधवार को भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के सेमी कंडक्टर मिशन कार्यक्रम की यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग छात्राओं को दिखाया गया।कार्यक्रम अधिकारी विमलेश ने छात्राओं को सेमी कंडक्टर के बारे में जानने हेतु प्रेरित किया तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सेमी कंडक्टर के योगदान पर छात्राओं से संवाद स्थापित किया।डॉ0 रेखा पांडे तथा डॉ0 प्रीति सिंह ने कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ0 रेखा पांडे, श्रीमती अर्चना सिंह, श्रीमती शिवांगी सक्सेना, डॉ0 क्षमा तिवारी,डॉ0 प्रीति सिंह,डॉ0 प्रियंका सिंह,श्रीमती सविता शुक्ला, विमलेश, सुश्री वीना चौरसिया, डॉ0 राखी चौहान,छाया वर्मा एवं रा0से0यो0की स्वयंसेविकाएं, एन.सी.सी कैडेट्स बड़ी संख्या में रहे।

## एसडीएम ने सेमरिया में रास्ते से हटवाया अतिक्रमण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरपालपुर थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में रोड नही तो वोट नही व सांसद के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया था।मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ सेमरिया गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं जानी और उन्होंने गांव के रास्ते मे ग्रामीणों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करा दिया।एसडीएम ने बताया कि 50 मीटर रास्ते पर नाली न बनी होने के कारण गांव में पानी भरा था।उन्होंने बताया कि कुछ ग्रामीणों द्वारा रास्ता खराब होने का विरोध किया जा रहा था।यही नही ग्रामीणों द्वारा रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण करके चबूतरा आदि बना लिया गया था।जिसे तुड़वा कर रास्ता व नाली बनवा दी गई। नाली न बनने से ही पानी रोड पर फैल कर रोड खराब हो रही थी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मलेरिया कार्यालय,अब नए भवन में संचालित होगा

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** जिला मलेरिया अधिकारी एवं कार्यालय फाइलेरिया नियंत्रण इकाई को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर उसके स्थान को परिवर्तित कर दिया गया है। अब यह कार्यालय निकट पुलिस लाइन गेट जिला कारागार सिविल लाइन में संचालित है। कार्यालय से संबंधित सभी सेवाएं अब नवीन स्थान पर मिलने लगी है। यह जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर वर्मा द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया है कि मलेरिया और फाइलेरिया की जांच सहित समस्त कार्य अब नवीन कार्यालय पर शुरू कर दिए गए हैं।

### पीएम सूरज पोर्टल का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअली शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** बुधवार को वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम पीएम सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल का शुभारंभ कार्यक्रम, लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में जनपद खीरी के बड़ी संख्या में लाभार्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह,सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की सहायक अनुभाग अधिकारी अंकिता जाँगिड़, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडे संग कलेक्ट्रेट सभागार से वर्चुअल जुड़े। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पोर्टल शुभारंभ कार्यक्रम एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। पीएम नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुनकर पूरा सभागार तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पीएम ने देशभर के विभिन्न राज्यों के ऋण सहायता प्राप्त लाभार्थियों से संवाद भी किया, जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी हुई।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कराया संयुक्त प्रशिक्षण



**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में भूमिजा बहुद्देशीय हाल में जोनल आफिसर, सेक्टर आफीसर एवं आरक्षित सेक्टर आफीसर का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों को ठीक प्रकार से समझ ले। ई0वी0एम0 की कार्यप्रणाली का भी समुचित प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा0 प्रवीन रंजन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने रखा पहला रोजा और अपने मुल्क हिंदुस्तान की सलामती और भाई-चारे के लिए मांगी दुआ

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** माह-ए-रमजान मुसलमानों के लिए पवित्र महीना होता है 12 मार्च दिन मंगलवार को पहला रोजा बड़ों के साथ-साथ छोटे-छोटे मासूम बच्चों ने भी रखा देहकती धूप की परवाह किये बिना नन्हे मुन्ने बच्चों ने रोजा रखा अल्लाह और उसके रसूल से सभी की बीमारियों के खात्मे के लिए दुआ मांगी भूख और प्यास के शिद्दत को बर्दाश्त किया सोमवार को चांद दिखने के बाद मुकद्दस महीने की शुरुआत हुई पहले दिन ही गर्मी ने रोजदारों का इम्तिहान लेना शुरू कर दिया बहुत से छोटे-छोटे बच्चों ने पहला रोजा रखा परिवार के बड़े लोगों ने भी बच्चों का हौसला आफजाई किया शाम को इफ्तार के वक्त बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक नजर आई बच्चों ने इफ्तार के वक्त अपने मुल्क हिंदुस्तान की सलामती के लिए अल्लाह से दुआ मांगी इसके अलावा शहर में ऐसे अनेक बच्चे हैं जिन्होंने जिंदगी का पहला रोजा रखा और दिनभर खूब कसरत से इबादत की साथ ही सभी रोजदारों ने अपने-अपने परिवारों के साथ इफ्तार किया पिछले कई महीने से रमजान मुबारक महीने का छोटे-छोटे बच्चे बेसब्री से इंतजार कर रहे थे रोजा रखने के साथ-साथ अपने परिवार के साथ पूरे मुल्क की सलामती और भयानक बीमारियों के खात्मे के लिए दुआ मांगी मैंने भी मुल्क की सलामती और भयानक बीमारियों के खात्मे के लिए अल्लाह से दुआ मांगी और छोटे-छोटे बच्चों के रोजा रखने पर मैंने खाने के लिए कई पकवान बनाए बच्चों ने बताया कि मुझे पहला रोजा रखकर बहुत अच्छा लगा आगे भी भी रोजा रखूंगा और अल्लाह से अपने मुल्क हिंदुस्तान के अमन-चैन और शांति और भाईचारे के लिए दुआ करूंगा बच्चों ने बताया कि रोजा रखकर मैं दिन भर इबादत करूंगा और सब कुछ सही हो जाए इसके लिए दुआ करूंगा अपने मुल्क हिंदुस्तान की आपस में भाई-चारे के लिए भी खूब कसरत से दुआ करूंगा।

# आगामी त्यौहारो को देखते हुए पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मद खीरी**



रमजान, होली और लोकसभा के चुनाव सामने हैं जिसके चलते पुलिस के लिए शांति व्यवस्था बनाए रखना एक चुनौती भरा कदम है समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे इसको लेकर सोमवार की शाम को पुलिस क्षेत्राधिकार अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर की अगुवाई में कमांडेंट के नेतृत्व मे पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया साथ ही नगर मोहम्मदी मे फ्लैग मार्च किया फ्लेग मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को शांति प्रिय अवाम कानून के प्रति जिम्मेदारियों का अहसास कराना है इस फ्लेग मार्च में पुलिस अधिकारी और कमांडेंट शस्त्र से लैस एसएसबी बल के जवान शामिल थे फ्लैग मार्च मे सीओ अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर, कस्बा प्रभारी बाबूराम ने शांति बनाए रखने के लिए हर वर्ग से सहयोग की अपील की अधिकारियों ने शहर के लोगो से अपील किया कि वे किसी प्रकार कि अफवाह, भ्रामक खबरों से सावधान रहे। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाले मैसेज को फॉरवर्ड करने से परहेज करे, प्रशासन और पुलिस विभाग सोशल मीडिया पर बारीकियों के साथ नजर रख रही है विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हैं।

# सनातनियों के लिए गर्व की बात है भगवान राम अपने गर्भ गृह में विराजमान हो गए : सांसद



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

सभी सनातनियों के लिए गर्व की बात है कि आज भगवान राम अयोध्या में अपने गर्भ गृह में विराजमान हो गए है।प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से सभी रामभक्त उनके दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।यह बातें सांसद रेखा अरुण वर्मा ने महोली क्षेत्र के चितहला गांव मे चल रही यज्ञ में मौजूद भक्तो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा 2014 के पहले हिन्दू समाज के लोग पूजा करने जाते थे।तो उन्हें मदिंरो की दशा देख खुद में घुटन सी महसूस होती थी।आज देश के सभी मंदिरों का जीणोद्धार हो रहा है फिर चाहे वह राम मंदिर हो या फिर काशी विश्वनाथ का मंदिर हो।सांसद ने कहा भेंट द्वारका में सेतु बन चुका है जो मंदिर बचे हैं उनमें भी जल्द कार्य शुरू हो जाएंगे।इससे पूर्व सांसद ने लोकसभा धौरहरा को विधानसभा महोली की संचालन समिति की बैठक में पदाधिकारियों से वार्ता की। बैठक में लोकसभा प्रभारी संतोष सिंह, संयोजक रामकिशोर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, राहुल जायसवाल, कल्याण सिंह, विस्तारक मनीष सिंह,नैमिष रत्न तिवारी, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, मंडल अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, श्रीनाथ बाजपेई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई

सांसद ने दिखाई मानवता,दिव्यांग को दिलाई ट्राई साइकिल। महोली के चितहला गांव में संचालन समिति की बैठक में शामिल होने के पश्चात धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा का काफिला महोली की ओर प्रस्थान कर जाता है। जैसे ही सांसद का काफिला महोली कस्बे में पहुंचता है कि तभी सड़क के किनारे सांसद को जगन्नाथ पुत्र बाबूराम नाम का एक दिव्यांग खड़ा नजर आता है। दिव्यांग को देख सांसद रेखा अरुण वर्मा की गाड़ी अचानक रुक जाती है। इस दौरान सांसद ने गाड़ी से उतरकर दिव्यांग का कुशल क्षेम जाना। साथ ही कोई साधन न उपलब्ध होने का आग्रह करते ही सांसद दिव्यांग को लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंच जाती है। मानवता व फर्ज की मिसाल कायम कर सांसद रेखा अरुण वर्मा ने बीडीओ महोली को तत्काल ट्राई साइकिल देने के निर्देश दिए। जिसके बाद ब्लाक कर्मचारियों द्वारा दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई।

# सुरक्षा की दृष्टि से शराब की दुकानों का सीओ ने निरीक्षण किया

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

शराब की ओवर रेट बिक्री व अनियमितताओं की जांच के लिए बुधवार को सीओ ने शाहाबाद की शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक देशी शराब की कैंटीन पर लोग अंग्रेजी शराब पीते पाए गए। सीओ ने बताया कि एसपी के निर्देशों पर यह जांच की गयी। अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने तथा शराब की दुकानों पर मिल रही ओवर रेट की शिकायतों के संबंध में यह जांच की गयी। इसके अतिरिक्त सुरक्षा की दृष्टि से भी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान जांच के बाद शराब खरीदने वालों से भी पूछताछ की गयी, जिसमें किसी भी दुकान पर ओवर रेट की शिकायत नहीं पायी गई। सुरक्षा की दृष्टि से दुकानदारों से भी पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान देशी शराब की एक कैंटीन पर अंग्रेजी शराब पीते हुए कुछ लोग मिले। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने सेल्समैनों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी है शराब बिक्री के बाद दुकानों के सामने भेद एकत्रित न करें। उन्होंने कहा अगर शराब पीकर कोई उत्पात मचा रहा है और हंगामा कर रहा है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। क्षेत्राधिकारी ने कहा ज्यादा भीड़भाड़ एकत्रित करने की जरूरत नहीं है। अगर दुकान पर भीड़ एकत्रित पाई गई तो दंडात्मक कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान नफरत अफरातफरी का आलम रहा। शराब के शौकीन लोग दुकानों के आसपास से दूर भाग गए।

# डीएम-एसपी अग्निकांड से घर गवाने वाले प्रभावित परिवारों से मिले, बाटा दुख दर्द

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



बुधवार निघासन तहसील की ग्राम पंचायत बथुआ के मंजरा महादेवआ में हुए अग्निकांड से अपना घर गवाने वाले प्रभावित परिवारों से बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ितों से बातचीत की और सांत्वना दी। साथ ही जल्द उन्हें सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन किया। इस दौरान एसडीएम अश्वनी सिंह, तहसीलदार भीमसेन, बीडीओ जयेश कुमार सिंह मौजूद रहे।डीएम-एसपी ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। डीएम ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। डीएम ने राजस्व टीम को निर्देश दिया कि क्षति का आकलन शीघ्र पूर्ण करें ताकि पीड़ित परिवारों को अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराई जा सके। डीएम ने सभी पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि हर संभव सहायता प्राप्त कराने में कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी।इस दौरान प्रभावित परिवारों से उनकी आपबीती सुनी और हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। डीएम ने कहा कि अग्निकांड में सब कुछ गवां चुके परिवारों को जिला प्रशासन पूरी मदद करेगा। एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय लेखपाल के जरिए प्रभावित परिवारों से जरूरी दस्तावेज लेकर सभी अनुमन्य सभी सहायता प्रदान की जाए। एसडीएम ने दोनो अफसरों को अबतक प्रदान की गई सहायता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड से 50 परिवार प्रभावित हुए हैं, जिसमे 26 आवासीय झोपड़ी एवं 26 पशुबाड़े सहित चार सहआवासीय झोपड़ी प्रभावित हुई है।बताते चलें कि सभी प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही साथ अग्नि पीड़ितों को निरन्तर भोजन एवं रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति हेतु सहयोग तहसील प्रशासन की ओर से किया जा रहा है।

# जनकल्याण पोर्टल का किया गया शुभारम्भ



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

वंचित वर्गों के लिए आउटरिच कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर कमलों द्वारा प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के बैंक के माध्यम से वितरित 01 लाख लाभार्थियों को रियायती ऋण वितरण भी किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से वार्ता भी की एवं सभी को संबोधित भी किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मा. नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू जी ने कहा कि हमारी सरकार अन्तिम पयदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुचाने का काम कर रही है। सफाई कर्मचारियों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही है, जिससे कि उनको किसी भी प्रकार की बीमारी न हो। मा0 प्रधानमंत्री जी की सोच है कि छोटे से छोटे काम करने वाले वर्कर आत्मनिर्भर बने। साथ ही सरकार सभी को आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन पात्रों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है उनका जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मा0 नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू जी, सांसद सीतापुर राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिवसागर गुप्ता, जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रविशंकर गिरि, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध मशीनों ने लगा दिए लाशों के ढेर

# और कितनी मौतों का इंतजार करेगी सरकार

जन एक्सप्रेस
FOLLOW-UP

* केंद्र व राज्य सरकार की टीमें पहुँची महोबा
* हादसे की जांच रिपोर्ट शासन को करेगी पेश

जन एक्सप्रेस | विजय प्रताप सिंह



**महोबा।** पत्थर खदान में काम करते समय छः मजदूरों के मलबे में दबने से चार की मौत मौके पर हो गई आनन फानन में तीन मजदूरों के शव मौके से पुलिस की मौजूदगी में बिना पंचनामा भरे हटा दिए गए,दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया एक मजदूर के शव को निकालने में आठ घंटों की मशक्कत करनी पड़ी मलबे में और अज्ञात शव दबे होने की आशंका भी स्थानीय लोगों ने जताई है, नियमों के विपरीत चल रहे खनन काम में आफ रिकार्ड श्रमिक लगाए गए थे जिनसे बिना परमीशन हैवी अर्थमूविंग मशीनों से ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग व लोडिंग करवाई जा रही थी।फिर भी जिला प्रशासन ने प्रेस नोट जारी करते हुए सफाई देते हुए वहां हो रहे खनन को वैध बताया, मौके पर मलबे में दो ड्रिल मशीन दो हैवी पोकलैंड मशीन दबी पाई गई है खुदान में उन्हें चलाने की अनुमति नहीं ली गई थी,काफी मात्रा में विस्फोटक भी घटना स्थल पर रखा हुआ था वह भी बिना परमीशन के।

### इन मजदूरों की गई जान ये है घायल, अवैध मशीनों की वजह से हुआ हादसा

स्थानीय लोगों ने बताया की पहाड़ में एक तरफ कंप्रेशर मशीन से ड्रिलिंग का काम चल रहा था दूसरी तरफ पोकलैंड मशीन से चट्टानों की तुड़ाई चल रही थी जिसके कम्पन से करीब तीन सौ फुट ऊपर रखी कमजोर चट्टानों का भारी मलबा गिरा कुछ लोग भाग खड़े हुए जो काम कर रहे थे वह मलबे में दब गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो शव मौके से रामफूल पुत्र चुन्नू उम्र 35 वर्ष निवासी पहरा,राम मिलन पुत्र सीता राम उम्र 36 वर्ष पहरा व प्रेम निवासी ज्योरहा मध्य प्रदेश के शव तुरंत निकाल कर मौके हटा दिए और घायल धीरू सिंह निवासी ग्राम बसहरी थाना मतौंध व कैलाश को जिला अस्पताल महोबा भेज दिया जहां से उन्हें रिफर कर दिया जबकि पोकलैंड मशीन के हेल्पर प्यारेलाल पुत्र अरविंद रैकवार निवासी नहदौरा के शव को निकालने आठ घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।मृतकों व घायलों में से कोई भी मजदूर खनन कार्य के लिए प्रशिक्षित नहीं किया गया था मौके पर कोई माइनिंग मेट भी मौजूद नहीं था न ही पहाड़ मालिक द्वारा कामगारों के श्रम पंजीयन कराएं गए थे,इस प्रकार पट्टे की आड़ में अवैध तरीके से खनन कार्य के दौरान यह हादसा हुआ है।

### एडीजी जोन प्रयागराज सहित यह रहे घटना स्थल पर करते रहे तहरीर का इंतजार

घटना पता चलते ही एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर देर रात खदान पर पहुंचे डी एम मृदुल चौधरी, एस पी अपर्णा गुप्ता राहत और बचाव के लिए तुरंत पहुंच गए थे इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल बांदा व कमिश्नर ने भी मौके का जायजा लिया। हालांकि किसी भी अधिकारी ने मजदूरों की मौत के जिम्मेदारों पर कोई तात्कालिक कार्यवाही करने की बात नहीं कही, कबरई थाना प्रभारी बीरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर थे लेकिन उन्होंने कोई तहरीर प्राप्त होने व उन मौतों का थाने में कोई रिकार्ड दर्ज होने से इंकार किया।

### ब्लास्टिंग और हैवी मशीनों की अनुमति के बिना चार साल से पहाड़ में हो रहा था खनन

जिला मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर कबरई थाना क्षेत्र के पहरा गांव में गाटा संख्या 1939 के खंड संख्या 1 में धनराज सिंह पुत्र शिवराज सिंह के नाम से 2019 में 2029 तक के लिए पट्टा हुआ था,खान सुरक्षा निदेशालय गाजियाबाद के निरीक्षक रामबाबू ने फोन पर हुई वार्ता में बताया कि इस पट्टा धारक ने खनन क्षेत्र में ब्लास्टिंग व मशीनों के प्रयोग के लिए जरूरी प्रमाण पत्र नहीं लिया है,फिर भी यदि मशीनों का प्रयोग हो रहा था, तो पूरी तरह अवैध है,पट्टा की शर्तों में लिखी निर्धारित प्रक्रिया पूरी न होने के बाद भी चार साल से भारी मात्रा में खनन किया जा रहा था बड़ी मात्रा में एम एम 11 की निकासी भी हुई है जो कि खनिज विभाग के रिकार्ड में दर्ज है फिर भी कार्यवाही न होने और ऊपर से जिला प्रशासन की सफाई यह साबित करती है जो भी चल रहा था जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से चल रहा था।

### डर और प्रभाव दिखाकर ऐसे बच निकलते है दोषी

पत्थर खदान में दबने से हुई मजदूरों की मौत के सैकड़ों मामले महोबा जनपद में हो चुके है लेकिन किसी भी पट्टा धारक पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है जिससे नियमों के विपरीत खनन में बढ़त होती गई, सरकार को राजस्व और माफियाओं को दौलत उपलब्ध करानें वाली यह खदानें मजदूरों की कब्रगाह हो चुकी है,यहां नियम सिर्फ कागजों में है धरातल पर कुछ है तो गिरते उछलते पत्थर और लाशें और उन लाशों की सौदे बाजी जिसमें पूरा सिस्टम शामिल है। जो रसूखदार पट्टा धारक है उन्हे बचा लिया जाता है जो थोड़ा कमजोर है उन्हें किसी चौकीदार से तहरीर दिलाकर मुकदमा दर्ज कराके उगाही का बंदोबस्त कर लिया जाता है। पट्टा धारक को बचाने का सबसे पहला प्रयास पुलिस की तरफ से होता है कैसे भी करके मृत शरीर को बिना पंचनामा के हटा दिया जाता है जिससे रिकार्ड में पहाड़ न आ पाएं किसी अस्पताल में रखकर पंचनामे करवाए जाते है फिर परिजनों मनाकर पहाड़ में घटना नहीं होने हल्फनामे ले लिए जाते है फिर दोषियों को पूरी तरह बचाकर अगली मौत के इंतजार में बिना नियमों के खदान चलाने की छूट दे दी जाती है।इक्का दुक्का को छोड़ दे तो ज्यादातर पहाड़ों में बिना प्रशिक्षित मजदूर ब्लास्टिंग खनन का काम करते कागजों तो सब दर्ज होते है लेकिन मौके पर कोई माइनिंग मेट नहीं रहता है ज्यादातर पट्टा धारक मशीनों के परमिशन के बिना ही चलाते है ब्लास्टिंग का लाइसेंस लेने की भी जरूरत नहीं समझते है और ताबड़तोड़ खनन में लग जाते है।

## भागलपुर से पिण्डी मार्ग का हुआ भूमिपूजन

**जन एक्सप्रेस/मेहरौना, देवरिया।** रेवली चौराहे पर आयोजित ऐतिहासिक भागलपुर से पिण्डी मार्ग का भूमिपूजन राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम और सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा ने किया। यह सड़क 9 किलोमीटर की है और इसपर उनतीस करोड़ सत्तासी लाख नौ हजार रुपये स्वीकृत हुआ है। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी की नीतियों का लोहा विश्व के सभी देश मानने लगे हैं। सरकार ग्रामीण अंचल के विकास के लिए कृत संकल्पित है।' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज सड़कें गड्ढा मुक्त हैं। संपर्क मार्गो से लेकर हाईवे पर वाहन चालक आसानी से वाहनों को चला सकता है। उन्होंने कहा कि लोग आज विकास की सरकार के नाम से जाने जाने वाली भाजपा सरकार पर विश्वास कर रहे है। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि पूर्व की सरकार में लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते थे लेकिन हमारी डबल इंजन की मोदी सरकार और योगी सरकार ने जाति-धर्म को नही देखा जो भी पात्र व्यक्ति है।

# तीन बीघा जमीन ने ली वृद्ध की जान, पुत्र गंभीर हालत में रेफर

जन एक्सप्रेस | उरई

* दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम जखा में तीन बीघा जमीन जोतने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें चले लाठी डंडों में वृद्ध की मौत हो गई। जबकि उसके पुत्र को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ ने घटना का निरीक्षण करते हुए मृतक के परिजनों से मामले की जानकारी ली।
सिरसा कलार थाना क्षेत्र के जखा निवासी गुलाब सिंह चौहान के तीन पुत्र परशुराम 52 वर्ष ,भोले 48 वर्ष, रामकरन 45 वर्ष है। इतना ही नहीं उसके पास 12 बीघा जमीन है, जिसे तीनों पुत्रों को तीन तीन बीघा जमीन दी गई, और तीन बीघा उसकी पत्नी के पास थी। जिसे परशुराम सिंह अपनी मां को दस हजार रूपए प्रति बीघा देकर प्रति वर्ष जोतता था। मंगलवार शाम को गांव के ही राजबहादुर सिंह चौहान उर्फ सांड बाबा 45 वर्ष पुत्र रघुनंदन सिंह चौहान ने गुलाब सिंह की पत्नी से तेरह हजार रुपए प्रति बीघा जोतने की बात कर ली। जिसको लेकर परशुराम और राजबहादुर में बहस होने लगी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि राजबहादुर ने अपने परिवार के साथ मिलाकर परशुराम और उसके बड़े बेटे चतुर सिंह 35 वर्ष को लाठी डंडों से मारपीट कर घायलकर दिया और हमलावर मौके से भाग गए। इस दौरान मौजूद लोगों ने घायल पिता पुत्र को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।
जहां पर परशुराम की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि पुत्र की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। वहीं घटना की खबर मिलते ही जालौन क्षेत्राधिकारी राम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले में सीओ का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विवाद जमीन जोतने को लेकर हुआ है, फिलहाल पूरे मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### तत्कालीन जेलर नत्थू सिंह समेत 14 लोगों को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जिला कारागार में 20 मार्च 2010 को मुख्तार गैंग के सदस्य प्रिंस व चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम औंता निवासी नासिर की गैंगवार में हत्या कर दी गई थी। तत्कालीन जेलर नत्थू सिंह सेंगर ने प्रिंस अहमद और उसके साथियों पर जेल में बम विस्फोट करने व बंदियों पर ही उसकी हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन 28 मार्च को गैंगवार में मारे गए नासिर के पिता आयूब खान ने 28 मार्च 2010 को जेल कर्मी राजकुमार, नृपेंद्र, राम अवतार, अनिल शर्मा, डिप्टी जेलर मिश्रा जी तत्कालीन जेलर नत्थू सिंह, जेल अधीक्षक अविनाश गौतम के विरुद्ध तहरीर दी थी।

## लखनऊ से आई पॉच सदस्यीय टीम ने घटनास्थल पर पहुंच की जांच पड़ताल

जन एक्सप्रेस | महोबा

* पहाड़ पट्टा धारक द्वारा मजदूरों को सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराये गये होते तो बच सकती थी मजदूरों की जान

जिले के कबरई विकासखण्ड स्थित ग्राम पहरा मे पहाड़ तोड़ने के लिए ड्रिल मशीन से होल करते समय पहाड़ का एक भारी भरकम हिस्सा धसक जाने से चार मजदूरो की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत होने और दो मजदूरो के घायल तथा पोकलैंड मशीन तथा टैक्टरों के दब जाने से जिला प्रशासन हरकत मे आया। पहाड़ पट्टा धारक के विरूद्ध जिला खनिज अधिकारी ने पट्टा धारक धनंजय सिंह के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकद्मा थाना कबरई मे दर्ज कराया है तो वही दूसरी ओर प्रदेश सरकार ने घटना को गम्भीरता से लेते हुए खनिज विभाग के विशेषज्ञों की पॉच सदस्यीय टीम जांच पड़ताल के लिए गांव पहरा भेजी है।
प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ से भेजी गयी खनिज विभाग के विशेषज्ञों की टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर बारीकि से जांच पड़ताल कर लखनऊ के लिए रवाना हो गयी है। जॉच टीम ने एक अनौपचारिक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि जांच पड़ताल के दौरान मिली खामियों की रिपोर्ट शासन को अग्रिम कार्यवाही के लिए शीघ्र सौपे जाने की बात कही है। हमारे प्रतिनिधि द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर कि गयी जांच पड़ताल के दौरान पता चला है कि पट्टा धारक द्वारा पहाड़ तोड़े जाने के लिए ड्रिल मशीन से होल कराये जा रहे थे। उसी समय पहाड़ धस जाने सें लखनऊ 500 फिट नीचे खदान मे कार्य कर रहे चार मजदूरो की दर्दनाक मौत तथा दो घायल हो गये और पोकलेंड मशीन तथा तीन टैक्टर पत्थर मलवे मे दब गये थे। पोकलेंड मशीन को कौन चला रहा था यह लोग भाग खड़े हुए या अभी भी खदान मे दफन है कुछ भी कह पाना उचित नही है। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा आईजी, डीआईजी ने पहुँचकर मौका मुआयना किया और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पत्थर मलवे मे दबे मजदूरों तथा आधुनिक उपकरणों को खोजा जा रहा है। जॉच पड़ताल के दौरान पता चला कि खदान मे काम कर रहे मजदूरो को पहाड़ पट्टा धारक द्वारा सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध नही कराये गये थे, और खदान मे लम्बे समय से कार्य कर रहे मजदूरो का श्रम विभाग मे पंजीयन भी नही कराया गया था जबकि नियमानुसार श्रम विभाग मे मजदूरो का पंजीयन कराया जाना आदि औपचारिकताएं अति आवश्यक है। उपरोक्त घटना को लेकर तमाम खामियां जॉच टीम को प्राप्त हुई है। पहाड़ पट्टा धारक धनंजय सिंह फरार बताया जा रहा है, थाना कबरई पुलिस द्वारा पहाड पट्टा धारक धनंजय सिंह के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकद्मा पंजीकृत कर मामले की जॉच पड़ताल की जा रही है। ग्रामीणो का कहना है कि पूर्व मे भी पहाड़ो मे काम करते समय कई मजदूरो की मौते हो चुकी है, परंतु प्रशासनिक अधिकारियो और विभाग द्वारा समय से पहाड़ पट्टा धारकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाहियां कि गयी होती तों उपरोक्त वीभत्य घटना घटित ना होती।

### पुलिस की छापेमारी से नशा कारोबारियों में मचा हड़कंप

# कैम्पियरगंज पुलिस ने गांजा तस्करों पर कसा शिकंजा

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



गाजा कारोबार के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कैम्पियरगंज पुलिस ने लगातार तीसरे दिन छापेमारी कर एक महिला कारोबारी तेसरी देवी पत्नी राजेश्वर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
जानकारी के अनुसार विगत दिनों कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के बलुआ में चोरी चुपके गाजा कारोबार में लिप्त कुछ कारोबारियों का एक वीडियो वायरल हो गया था जिसके सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने अधिकारियों के निर्देश पर मुखबिर की सूचना पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर चोरी चुपके नशा के कारोबार में लिप्त रामेश्वर एवं सरोज देवी को माल सहित गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया था और सरकार की जीरो टॉलरेंस निति के क्रम में कैम्पियरगंज पुलिस ने टीम गठित कर नशा के अपराध में लिप्त कारोबारियों की छानबीन शुरू कर उनकी धरपकड़ तेज कर दिया है। छापेमारी टीम की कमान थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह की निगरानी में करमैनी चौकी प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने संभाल रखी है और मय टीम मुखबिर की सूचना पर जगह जगह छापेमारी कर नाशा कारोबार को नेस्तनाबूत करने में जुट गई है। बुधवार की छापेमारी में एक महिला तेसरी देवी पुलिस के हत्थे चढ़ गई और उसके पास से करीब दो किलो गांजा भी बरामद किया है।
इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि जहां भी मुखबिर से सूचना मिलेगी कारवाई जारी रहेगी।
उन्होंने बताया कि गठित टीम में एस आई राकेश कुमार सिंह, कांस्टेबल नीलेश यादव, महिला कांस्टेबल रोशनी, एवं नीतू सहित कई अन्य को शामिल किया गया है तथा टीम लगातार छापेमारी कर गिफ्तारी करने में जुटी है।

## चोरों ने पंचर की दुकान के चटकाए ताले, लाखों का समान समेटकर हुए फरार

जन एक्सप्रेस | उरई

कोतवाली क्षेत्र में पंचर की दुकान के देर रात चोरों ने ताले चटका दिए। जहां से चोर मशीनों के अलावा टायर सहित लाखों रुपए का सामान समेटकर रफूचक्कर हो गए।
शहर निवासी अशफाक पुत्र शकील राठ रोड पर ब्रिज के पास टायर पंचर की दुकान किए हुए है। वह रोज की तरह मंगलवार की शाम दुकान बन्द कर घर चला गया। तभी देर रात चोरों ने उसकी दुकान में सेंध लगाई और दुकान के ताले चटका कर अन्दर रखी मशीनों के अलावा टायर सहित अन्य सामान समेट ले गए। बुधवार सुबह पहुंचे दुकानदार ने दुकान के टूटे पड़े ताले व अन्दर रखा सामान गायब देखा तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। पीड़ित दुकानदार ने सूचना पुलिस को दी। दुकानदार के मुताबिक उसकी दुकान से चोर मशीन समेत लाखों रुपए का सामना चोरी कर ले गए।

# एक जगह बैठकर फर्जी रीडिंग भर, बनाए जा रहे हैं बिल

* उपभोक्ता परेशान, बिल न मिलने से ऑफिस के लगाने पड़ते है चक्कर

जन एक्सप्रेस | शत्रुघ्न सिंह



**उरई/जालौन।** बिजली विभाग एक मीटर रीडर पिछले कई महीनों से सुर्खियों बना हुआ है। क्योंकि एक तो इसकी फर्जी आईडी तैयार कराई गई, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में तैनाती के बाद भी शहर में रीडिंग लेकर बड़े पैमाने पर बिजली विभाग को चपत लगा रहा है।
ग्रामीण क्षेत्र का एक मीटर रीडर पिछले कई महीनों से सुर्खिया में है। इसकी वजह है कि एक तो उसकी तैनाती ग्रामीण क्षेत्र में है जबकि काम वह शहरी क्षेत्र में कर रहा है। वहीं दूसरी ओर पुराने मीटर रीडर्स ने आरोप लगाते हुए बताया कि इसकी आईडी बनाने में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। मजे कर बात तो यह है कि बुधवार को नगर क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान नोडल अधिकारी मनीष दुबे, उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह व जेई नवीन कंजोलिया के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान टीम के साथ यह फर्जी आईडी वाला मीटर रीडर भी साथ में था। जब इस मामले में जेई से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मुझे अभी इसकी जानकारी नहीं है कि कौन मीटर रीडर नगर का है कौन ग्रामीण का है। वहीं कुछ मीटर रीडर्स ने आरोप लगाते हुए बताया कि हाल ही में नगर में बनने वाली नई आईडी दस्तूर देकर बनवाई गईं। इसीके चलते ग्रामीण क्षेत्र के लड़कों को नगर में न बुलाकर नई आईडी बना दी गई। बता दें कि जो नई आईडी नगर में बनीं हैं, उन्हें कुछ पुराने मीटर रीडर्स अपने हिसाब से चला रहे हैं। जिससे बिजली विभाग को बड़े पैमाने पर चपत लगाई जा रही है। जबकि विभागीय आधिकारी यदि मामले की क्रस चैकिंग करें तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। कुछ जानकारों का यह भी कहना है कि अगर नगर में जो नई आईडी बनाकर माटर राडर काम कर रह ह उनका बालग एरिया का सहा तराक स जाच का जाए ता पता चल जाएगा की बिजली विभाग को कितना बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। हांलाकि ग्रामीण क्षेत्रों के मीटर रीडर को ज्यादा से ज्यादा बिल ओसीआर और प्रोब से बनाना है, लेकीन सच्चाई कुछ और ही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के मीटर रीडर की अगर सही लोकेशन निकाली जाए तो सच सामने आ जायेगा। क्योंकि एक ही जगह बैठकर फर्जी रीडिंग भरकर बिल बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण राजकुमार, अवधेश, श्याम बहादुर, सुनील, मनोज आदि उपभोक्ताओ का आरोप है कि हमें कभी बिल ही नहीं मिलते बिल के लिए ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

# मंडलायुक्त के आदेश पर भारी बीडीओ खजनी

## सीएम योगी के गृह जनपद में बीडीओ की मनमानी से अटकी परफार्मेंस ग्रांट घोटाले की जांच

* ग्राम विकास के 18 करोड़ 63 लाख रुपए हजम कर गए सचिव, प्रधान व ठेकेदार

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर




जनपद के विकास खण्ड खजनी अंतर्गत ग्राम सभा भेउसा उर्फ बनकटा जो परफॉर्मेंस ग्रांट में चयनित है और शासन द्वारा ग्राम सभा में विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ 63 लाख रुपए स्वीकृत किया गया है। बताते चलें कि ग्राम सभा विकास कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान व ठेकेदार द्वारा मानक विहीन कार्य कराकर और लाखों रुपए के बिना कार्य कराए ही सरकारी धन का बंदर बाट किया है। ग्राम सभा में सरकारी धन के हुए लूट खसोट की शिकायत ग्रामीणों ने मंडलायुक्त गोरखपुर को लिखित रूप में दिया है, ग्रामीणों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त ने टी.ए.सी. मंडल गोरखपुर की देखरेख में जांच हेतु कमेटी गठित किया और टी.ए.सी. मंडल गोरखपुर द्वारा खंड विकास अधिकारी खजनी एवं सचिव एवं ग्राम सभा भेउसा उर्फ बनकटा परफॉर्मेंस ग्राट से प्राप्त धनराशि का विवरण, व्यय धनराशि का विवरण, कार्य की सूची, कार्य की प्रगति विवरण पत्रावली मांगी जा रही है परंतु टी.ए.सी. के द्वारा खंड विकास अधिकारी खजनी से छः महीने के अंदर लगातार 7 बार पत्राचार करने के पश्चात के बाद भी अभिलेख नहीं देने से जांच प्रभावित हो रही है और ग्राम सचिव, प्रधान व ठेकेदार द्वारा सरकारी पैसे का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है।

### मंडलायुक्त के आदेशों को ठेंगा दिखाते बीडीओ खजनी

शिकायतकर्त्तागण लालचंद तिवारी, अभय सिंह, अनिल सिंह, उमेश, रमेश, बलिंदर सिंह, गुड्डू सिंह प्रिंस सभी निवासी ग्राम सभा बनकटा ने बताया कि हम सभी ने मंडलायुक्त गोरखपुर को शिकायती पत्र दिया था जिस पर मंडलायुक्त द्वारा टी, ए,सी जांच गठित की गई जिसमें टी.ए.सी. के मंडलीय अधिकारी, डीपीआरओ, खंड विकास अधिकारी खजनी को जांच करना था परंतु खंड विकास अधिकारी खजनी द्वारा आज तक ग्राम सभा का अभिलेख उपलब्ध न कराने से जांच अभी तक रुकी हुई है टी.ए.सी. अधिकारी के द्वारा लगातार 6 रिमाइंडर दिया गया है परंतु अभी तक कोई जांच नहीं हो पा रही और हमारे गांव में अभी भी मानक विपरीत सामग्रियों का प्रयोग कर जेई, सचिव, ठेकेदार मिलकर सरकार के पैसे का खुलेआम बंदरबांट कर रहे हैं।

6 रिमाइंडर देने के बाद भी ग्राम सभा का अभिलेख अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है अभिलेख होते ही ही जांच शुरू कर दी जाएगी।
–टी ए सी अधिकारी अमित कुमार चौधरी

शीघ्र तिथि सुनिश्चित कर जांच करेंगे और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति करेंगे।
–डीपीआरओ गोरखपुर निखिलेश सिंह

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने 33 करोड़ की 317 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस | उरई



जिला पंचायत की 32.50 करोड़ की 317 परियोजनाओं का अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी और सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने बुधवार को शिलान्यास किया। इनमें सीसी रोड, खड़ंजा और नाले-नाली समेत कई निर्माण कार्य शामिल हैं।
समारोह में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने सयुंक्त रुप से कहा कि जिला पंचायत द्वारा कराएं जा रहे कार्यों से लोगों को राहत मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि जिला पंचायत की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों विकास में कमी नहीं आने देंगी। प्रधानमंत्री का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास और मुख्यमंत्री की ग्रामीण जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने की प्राथमिकता पूरी करने में जिला पंचायत अग्रणी भूमिका निभा रही है। केंद्र और राज्य से मिलने वाले अनुदानों से इस वित्तीय वर्ष में विकास का खाका तैयार किया गया है। जल्द ही ये सभी काम पूरे होंगे। समारोह में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, इ. रणविजय सिंह, संजू सिकरी, अतरसिंह पाल, दिनेश जैसारी, आनंद बाबू जी, एमए विजय वर्मा, लिपिक मुजीब अंसारी, इंजिनियर सेराज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार लोकशाही को राजशाही में बदलना चाहती है: पूर्व मंत्री लालजी वर्मा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या




समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबन्धन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में अयोध्या विधान सभा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एचआर पैलेस रामपुर हलवारा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वादा जनता से किया था उस वादों से ही मुकर गयी। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार लोकशाही को राजशाही में बदलना चाहती है। अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई का बोलबाला इस सरकार में है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए ही कार्य कर रही है। उसे आम जनता से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा सरकार को पीडीए के माध्यम से इण्डिया गठबन्धन हरायेगा। भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म करने का षड़यंत्र कर रही है। उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनने पर रोजगार या स्थायी नौकरी एवं सभी वर्गों को हिस्सेदारी दी जायेगी। सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जिताना है। लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार की महंगाई से जनता ऊब चुकी है और इससे निजात चाहती है।

आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के सहयोग से केन्द्र की सत्ता बदलेगी। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को खाद की बोरी 50 किलो की जगह 40-45 किलो की मिल रही है। इस सरकार में सारी नौकरियों को संविदा/आउटसोर्सिंग कर दिया गया है। विकास के नाम पर किसानों की जमीन ली जा रही है और उसका उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि किसानों की लड़ाई समाजवादी पार्टी लड़ेगी। इस सरकार में महिलायें, नौजवान, व्यापारी सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। गैस और पेट्रोल के साथ दैनिक सामानों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में गरीब, किसान, दलित, पिछड़े सभी वर्ग समाजवादी पार्टी के साथ हैं, और सब मिलकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को भारी मतों से जितायेगें। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सपा की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को जो उत्तम प्रदेश बनाने का रास्ता बनाया था।

भाजपा सरकार में सारे विकास कार्य बन्द पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव पीडीए के सहयोग से इण्डिया गठबन्धन जीतेगा। महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अयोध्या विधान सभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव ने कहा कि इस डबल इंजन की सरकार में पिछड़ा, दलित, नौजवान, किसान, व्यापारी सभी वर्ग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मिलकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जितायेगें। आये हुए सभी गठबन्धन के नेताओं का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधान राजेश कोरी ने किया। सपा जिला प्रवक्ता चौ0 बलराम यादव ने बताया कि आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लालजी वर्मा का माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत पार्टी के नेताओं ने किया। इस अवसर पर सभी इण्डिया गठबन्धन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव में अवधेश प्रसाद को जिताने का संकल्प लिया। आज के कार्यक्रम में महिलाओं की सबसे ज्यादा भागेदारी थी जिसका नेतृत्व कंचन यादव व रेनू यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हामिद जाफर मीसम, चौ0 बलराम यादव, सरोज यादव, अर्पणा जायसवाल, बलराम मौर्या, शमशेर यादव, अनिल सिंह, अनिल तिवारी, अशोक वर्मा, संजय सिंह, पंकज पाण्डेय,सन्टी तिवारी, विशाल यादव, लक्ष्मण यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएम की रैली में जुटेंगे पचास हजार लोग: बीबी मणि

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। गुरूवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर के राजकीय इण्टर कालेज के मैदान में दिन में बारह बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान हजार करोड की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेगें। जनसभा भीड जुटाने के लिए भाजपा ने पूरी तैयारी कर ली है। लोक सभा चुनाव संयोजक डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने बताया कि सीएम योगी की सभा के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा नेताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। अयोध्या से बीस हजार तथा अन्य विधान सभाओं से दस-दस हजार लोग सभा में पहुंचेगे। कुल पचास हजार की लोग सीएम का सम्बोधन सुनेंगे। इसके लिए बैठकें कर ली गई है। महानगर क्षेत्र में पार्षद, पूर्व पार्षद तथा चुनाव लड़ चुके कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्रामीणांचल से कार्यकताओं के आवागमन की व्यवस्था व जनसभा की तैयारियों को लेकर विधान सभा संयोजक प्रभारी, मण्डल अध्यक्षों, शक्ति केन्द्र प्रभारी को दायित्व सौंपा गया है।

## थानाध्यक्ष की गाड़ी से बाइक सवार की टक्कर, एक की मौत-एक गम्भीर




जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के जैतपुर थाना अध्यक्ष की गाड़ी की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को थाना अध्यक्ष द्वारा जिला अस्पताल भेजवाया गया जहां एक युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाद जैतपुर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार अपने सरकारी वाहन से अकबरपुर से वापस जैतपुर थाना लौट रहे थे तभी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मौहरिया के पास अचानक दो पहिया वाहन पर सवार दो युवक चपेट में आ गये। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जहां दोनों गंभीर युवकों को स्वयं थाना अध्यक्ष ने इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया वहीं चिकित्सकों ने एक 27 वर्षीय युवक अज्ञात को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे अज्ञात व्यक्ति का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। इस हादसे में थाना अध्यक्ष का सरकारी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

# जनपद में आज़ होगा मुख्यमंत्री का आगमन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

**21 अरब की विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण जनसभा को करेंगे संबोधित, सुरक्षा की दृष्टि से, पुलिस अधीक्षक ने सम्बंधित को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश**



जनपद में मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ का आज आगमन होगा आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस/पीएसी बल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण की ब्रीफिंग की गयी । ब्रीफिंग कार्यक्रम के दौरान जनपद एवं गैर जनपद से ड्यूटी हेतु आये पुलिस/पीएसी बल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण को वीवीआईपी के उच्चतम सुरक्षा श्रेणी को देखते हुए अत्यन्त सतर्कता पूर्वक रहकर ड्यूटी करने, रूट व्यवस्था के बारें में बिन्दुवार बताकर , सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बनाए गए भिन्न-भिन्न प्वाइंटो पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपनी-अपनी ड्यूटीयों, कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया एवं सेफ हाउस, हेलीपैड, रुट व्यवस्था आदि के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## पति ने पत्नी को घर से निकाला, पीड़ित पत्नी ने महिला थाना में शिकायत पत्र देकर लगाई न्याय गुहार

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



पति ने पत्नी को घर से निकाला। ससुराल वाले भी पति रामचेत का ही साथ दे रहे हैं। इस मामले में पीड़िता ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला थाना में शिकायती पत्र दिया । दिए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि पीड़िता रीना देवी का विवाह रामचेत पुत्र रामसेतु निवासी पोखरा थाना गोसाईगंज जिला अयोध्या के साथ हुआ था दोनों के दो बच्चे भी है। पीड़िता का पति रामचेत व अन्य ससुरालीजन पीड़िता से दहेज के रूप में कारोबार के लिए पांच लाख रुपए और घर बनवाने के लिए दहेज मांगते हैं जिसके कारण पीड़िता को उसके आये दिन पति व ससुरालीजन मारते पीटते हैं खाना कपड़ा तक नहीं देते हैं भद्दी भद्दी गाली देते हैं पीड़िता 4/3 2024 को पति रामचेत व अन्य ससुरालीजन उसको मारपीट कर उसके सारे जेवर लेकर घर से बाहर निकाल दिया पीड़िता ने इस बाबत एक शिकायती पत्र महिला थाना में दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को बुलाकर समझौता कराया जहां दोनों में सुलह हो गई लेकिन पीड़िता फिर जब ससुराल गई तो ससुरालीजन ने उसे फिर मारा पीटा और घर से निकाल दिया। इस संबंध में पीड़ित महिला रीना देवी ने महिला थाना में शिकायत पत्र देते हुए न्याय की मांग की है।

## भौतिक विज्ञान विभाग में करियर काउंसलिंग के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पीजी कॉलेज में बुधवार को भौतिक विज्ञान विभाग के स्मार्ट क्लास में करियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट योजना के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 13 मार्च को एमएलके पीजी कॉलेज में भौतिकी विभाग के स्मार्ट क्लास में कैरियर अपरिच्युनिटीज इन फिजिक्स एण्ड दियर प्रीपिरिएशन विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम मुख्य रूप से आईक्यूएसी के कैरियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएससी एवं एमएससी भौतिकी विअःअःअःभाग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जेपी पाण्डेय की उपस्थिति में की गई। सर्वप्रथम भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 एके द्विवेदी ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी तथा प्राचार्य जी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत विभाग में किया। कार्यक्रम का संचालन इस प्रोग्राम की समन्वयक डॉ0 हेमा, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिकी विभाग ने किया। कैरियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ बसंत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान विभाग ने पीजीटी, टीजीटी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम, महत्वपूर्ण पुस्तकों तथा ऑनलाइन सेवा में उपलब्ध सामग्री की विस्तृत जानकारी छात्र छात्राओं को बताई। मुख्य वक्ता डॉ हेमा ने बताया कि भौतिक विज्ञान विषय पर आधारित कई वैज्ञानिक पद ऐसे हैं जिनमें छात्र छात्राएं अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे सीएसआईआर, यूजीसी, नेट, जेआरएफ, गेट, जेस्ट टीआईएफआर की तैयारी हेतु आवश्यक पुस्तकों की विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया। विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु, भौतिकी विभाग के प्रियांश पाण्डेय ने जीआरई तथा टीओईएफएल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी बच्चों को दी। ज्ञातव्य हो की इस प्रकार के बहुआयामी कार्यक्रम के आयोजन से छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहायता प्राप्त होती है।

## नपाप अध्यक्ष ने सभासदों के साथ किया वाटर एटीएम मशीन का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय की आदर्श नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बुधवार को आदर्श नगर पालिका द्वारा वीर विनय चौराहे पर स्थापित वाटर एटीएम तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए 5 वाटर कूलर का उद्घाटन करके नगर वासियो को समर्पित किया। जानकारी के अनुसार 13 मार्च को आदर्श नगरपालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत निःशुल्क एवं शुद्ध जल आपूर्ति हेतु वाटर एटीएम वीर विनय चौराहे पर बलरामपुर नगर वासियों को अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता पट्टे भइया, गौरव मिश्र सहित सभासदों के साथ उद्घधाटन कर जनता को समर्पित किया गया। अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि वीर विनय चौराहे पर वाटर एटीएम व पांच स्थानों पर वाटर कूलर रानी तालाब, फराश खाना, गायत्री मंदिर, झारखंडी मंदिर व सिटी पैलेस जनता को समर्पित कर दिया गया। भगवती गंज चौराहे पर वाटर कूलर निर्माणाधीन है। इस अवसर पर सुभाष पाठक, राघवेंद्र कान सिंह मंटू, विनोद गिरी, नंदलाल तिवारी, संदीप मिश्रा, अक्षय शुक्ला, मनोज साहू, बंटी साहू, सिद्धार्थ साहू, चिंटू गुप्ता व मनोज यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में साउथ अफ्रीका की वैज्ञानिक ने किया संबोधित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बुधवार को साउथ अफ्रीका के पेनिनसुला विश्वविद्यालय की डॉक्टर तस्लीम फातिमा का आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पांडेय ने की। जानकारी के अनुसार 13 मार्च को कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर कार्यक्रमाध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग प्रो अशोक कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ राजन प्रताप सिंह विभागाध्यक्ष बीज प्रौद्योगिकी एवं सभी प्राध्यापकों ने पुष्पर्चन करके किया। विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह व्याख्यान निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत यह विषय पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित है।

मुख्य वक्ता डॉक्टर तस्कीन फातिमा ने अपने व्याख्यान में औषधिय पौधों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी उन्होंने कहा कि पौधों से प्राप्त औषधीयाँ मानव सेहत के लिए अत्यंत सुरक्षित होती हैं। एक अन्य औषधीय पौधे रुईबोस के बारे में बताते हुए कहा की यह पौधा कैफ़ीन मुक्त चाय के रूप में प्रयोग किया जाता है जो तंत्रिका तंत्र तथा याददाश्त बढ़ाने में उपयोगी है।कार्यक्रमाध्यक्ष प्रोफेसर जेपी पांडेय सर ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि पौधों से प्राप्त औषधीय का वर्णन प्राचीन चिकित्सा ग्रंथो जैसे चरक संहिता मैं भी मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आमंत्रित व्याख्यान विभागीय छात्र-छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान प्राचार्य जी ने आमंत्रित व्याख्याता डॉ तस्कीन फातिमा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। डॉ मोहम्मद अकमल जी ने आमंत्रित व्याख्याता का परिचय देते हुए अंत में सभी के प्रति धन्यवाद व्यापित किया। इस कार्यक्रम में बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक सिंह जी ने तकनीकी सहायता प्रदान की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ शिव महेंद्र सिंह जी ने किया।

इस व्याख्यान में डॉ आकांक्षा त्रिपाठी, राहुल कुमार, डॉ कमलेश, मानसी पटेल, राहुल कुमार यादव, श्रवण कुमारजी, डॉ वीर प्रताप जी, डॉ अल्पना परमार जी, डॉ आर बी त्रिपाठी, अजय कुमार, आनंद बाजपेई, वर्षा सिंह, संतोष तिवारी, सौम्या शुक्ला, राशि सिंह, धर्मेशव व आशा के सी उपस्थित रहे।

## अंबेडकर नगर सांसद रितेश पान्डेय के हाथों वितरित हुई दिव्यांग ट्राई साइकिल

जन एक्सप्रेस ।
गोसाईगंज -अयोध्या



मया ब्लाक विकासखंड अंकारीपुर तेजापुर पंचायत भवन परिसर में एक दर्जन दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल दो दिव्यांगों को बैटरी से चलने वाली ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबेडकर नगर सांसद रितेश पांडे रहे। ट्राई साइकिल को वितरण करने के पश्चात सांसद रितेश पांडे ने दिव्यांगजनों को फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया, हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।

इस मौके पर संसद रितेश पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले के समाज में दिव्यांग जनों के प्रति लोगों में संकीर्ण मानसिकता थी किंतु अब केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा उनके हित में चलाई गई विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया। जिसमें लोगों को उनके प्रति सोच में बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाने तथा उनके स्वावलंब हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## गाय को गोमाता मान पालन करें अनेकों लाभ उठाएं: वेद प्रकाश गुप्ता

जन एक्सप्रेस । पूरा बाजार-अयोध्या

ग्राम राजेपुर में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अस्थाई गोशाला का लोकार्पण किया इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पौराणिक ग्रंथो में भी गाय को माता का दर्जा दिया गया है और यह परंपरा आज भी कायम है इसलिए गोपालन कर अनेकों लाभ उठाएं तथा सेवा का पुण्य प्राप्त करें गो माता के पालन हेतु सरकार ने ग्रामीणों को आनेकों सुविधा दी हैं जिसका लाभ लेकर ग्रामीणों को अपनी आय दो गुणा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों के हित में चलाई जा रही तीन दर्जन से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह सभी योजनाएं फलीभूत भी हो रही है जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि सीएए कानून नागरिकता देने का है ना कि किसी को निकलने का कुछ लोग भ्रामक प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं आगामी चुनाव में जनता उन्हें करारा जवाब देकर भाजपा को 400 पार तक पहुंचाएगी भाजपा सरकार गांवो के विकास को प्राथमिकता दे रही है क्योंकि गांवो के विकास से ही देश का विकास संभव है इस गोशाला में 100 मवेशियों को रखने की व्यवस्था की गई है आगे इसका विकसित रूप किया जाएगा। इस अवसर पर इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष वरुण चौधरी महिला मोर्चा की जिला मंत्री स्वाति सिंह अभिचल सिंह ओम प्रकाश यादव ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह व अजय सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत छात्र- छात्राओं ने किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज भसड़ा,टांडा अंबेडकर नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रमाधिकारी डॉ0शिवानी श्रीवास्तव प्रथम इकाई डॉ0अभिषेक पांडेय द्वितीय इकाई सुश्री एकता सिंह, श्रीमती मालती राजभर, अर्जुन प्रसाद के देखरेख में चयनित ग्राम भसड़ा व पहाड़पुर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।

सभी बच्चों ने गांव की गलियों में कूड़े-करकट को हटाया तथा सड़कों-गलियों को साफ किया। स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता से होने वाले लाभ पर भी गांव के लोगों से विस्तृत चर्चा की तथा उनको बताया कि यदि गांव को स्वच्छ रखा जाए तो विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों जैसे हैजा, मलेरिया,डेंगू आदि से हम लोग बच सकते हैं।

# बुजुर्ग को गोवंश ने सड़क पर पटक-पटक कर किया अधमरा, मौत

जन एक्सप्रेस । हैदरगंज- अयोध्या



तारुन बाजार निवासी मिष्ठान भंडार व्यवसायी के 90 वर्षीय पिता को छुट्टा गोवंश ने शौंच के लिए जाते समय सड़क पर पटक-पटक कर अधमरा कर दिया। जानकारी होने पर परिजन बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन ले गए, जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं परिजन शव घर ले आए। घटना बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे के आसपास की है। तारुन थाना के कस्बें स्थित मिष्ठान भंडार व्यवसाई राघव राम के 90 वर्षीय पिता गौरी शंकर शौंच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक छुट्टा साड़ ने उनपर हमला कर दिया। बुजुर्ग को सांडों ने कई बार सड़क पर पटकता रहा। इसी बीच लोगों के पहुंचने के बाद बुजुर्ग को अधमरा छोड़ भाग गया । जानकारी होने पर पहुंचे परिजन बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन ले गये। जहां डॉक्टर अभिषेक विश्वास और फार्मासिस्ट आर के वर्मा ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस से ले जाते समय रास्ते में बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजन शव घर ले आए। दोपहर में 12 बजे के आसपास परिजन सहित रामराज मिश्रा, मनोज, ओमनाथ, राम कुमार, राघव राम, राजेंद्र आदि दर्जनों लोग तारुन चौराहे पर पहुंचकर शव सड़क पर रखकर सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

सूचना पर तारुन थाने के उपनिरीक्षक मुन्नीलाल चौधरी हेड कांस्टेबल विनीत कुमार सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। लोग पुलिस से उपजिलाधिकारी बीकापुर और खंड विकास अधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे। लगभग एक घंटे बाद पहुंचे तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र सिंह नायब तहसीलदार रामखेलावन ने मौके पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत कराया। तहसीलदार के समझाने के उपरांत सड़क से हटा कर शव परिजन अपने घर ले गये।

मृतक के पुत्र राघव राम ने बताया कि अब तक ओरौनी पाल, रामदीन कोरी, सुधीर सिंह जगत नारायण सिंह सहित बीसों लोगों को दौड़ा कर मार चुका है। जिसकी शिकायत कई बार ब्लॉक, पशु विभाग सहित जिले के अधिकारियों से किया गया। परंतु अभी तक उक्त हिंसक साड़ पकड़ा नहीं गया जबकि ब्लॉक पर काऊ कैचर वाहन भी मौजूद है। एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही हिंसक गोवंश को पकड़ने के लिए टीम रवाना कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में कोतवाल तारुन ओमप्रकाश राय ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव एक दिवसीय कार्यशाला का राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन

* पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में बेसिक शिक्षा की स्थिति बहुत खराब थी: संजय सिंह गंगवार






जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिला स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यशाला का आयोजन किया गया। बुधवार को शिव शक्ति लान टू में आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन राज्य मंत्री गन्ना एवं विकास चीनी मिलें उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए स्कूली बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए । राज्य मंत्री ने कार्यशाला को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित करते हुए कहा मौजूदा सरकार ने शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों में तमाम ऐसी योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है। पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में बेसिक शिक्षा की स्थिति बहुत खराब थी। मौजूदा सरकार ने स्कूलों में कायाकल्प योजना के माध्यम से बिजली ,पानी, नल, फर्नीचर, निशुल्क पाठ्य पुस्तकों सहित तमाम संसाधनों से लैस कर दिया है रुचि पूर्ण और तकनीकी शिक्षा देने का भी काम योगी सरकार ने स्कूलों में किया है। आंगनबाड़ी केंद्र पहले घरों में चलते थे आप सरकार ने आंगनबाड़ी केदो के भवन का भी निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और विभाग की लगन की वजह से स्कूली बच्चे निपुण लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की शिक्षक आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता और नोडल शिक्षण संकुल शिक्षक सभी और मेहनत से और लगन से कार्य करें जिससे कि जिले के स्कूली बच्चे निपुण लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल कर सकें। सीडीओ ने कहा इस शासन की सभी योजनाओं का शत-शत लाभ स्कूली बच्चों को मिले और निशुल्क पाठ्य पुस्तक समय पर मिल जा रही हैं शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। बीएसए अमित कुमार सिंह ने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यशाला के आयोजन से पूर्व ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों के माध्यम से ब्लैक स्तर पर निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मान देकर उनका उत्साह वर्धन किया किया जा रहा है। इस बार स्कूली बच्चों को सत्र के पहले दिन ही निशुल्क पाठ पुस्तक दे दी जाएगी। सभी विकास खंडों शिक्षकों ने लर्निंग कार्नर स्टार लगाए गए। गन्ना राज्य मंत्री और सीडीओ बीएसए ने शिक्षकों के स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा स्टॉल पर लगाई गई शिक्षण सहायक सामग्री का भी बारीकी से निरीक्षण किया । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने भी अपने प्री प्राइमरी बच्चों के सिखाने के लिए स्टाल लगाए। राज्यमंत्री और मुख्य विकास अधिकारी, बीएसए अमित कुमार सिंह ने जिले भर के 16 निपुण छात्र-छात्राओं निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कार, प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। इसके अलावा 15 नोडल संकुल शिक्षक, 15 नोडल शिक्षक,17 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बाल विकास परियोजना विभाग के सुपरवाइजर्स को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यशाला मरौरी के खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य, बरखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारीअजय कुमार , सीडीपीओ राजेंद्र वर्मा, अरविंद कुमार भी राज्य मंत्री और मुख्य विकास अधिकारी बीएसए ने सम्मानित किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव, विजय वीरेंद्र सिंह, जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव,डॉ दीपक जायसवाल, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, अमित पाठक, वैभव जैसवार, के के सागर, अजय कुमार, सैयदा, नीरजा शुक्ला, डॉली सिंह, शबाना बी, विनय पांडे, दिवाकर बाजपेई, हाफिज अहमद, के के सिंह सहित् सभी ए आर पी शिक्षक शिक्षिकाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन एसआरजी अमित पाठक और वैभव जैसवार ने किया।

# जौनपुर महोत्सव का हुआ भव्य समापन




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर के शाही किले में आयोजित तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव के समापन के अवसर पर देश के जाने माने कवियों ने वीर रस, हास्य रस से पूरे महोत्सव में चार चांद लगाए।

बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने भारत सरकार प्रदेश सरकार की तमाम योजनाओं पर प्रस्तुतीकरण दिया। दिव्यांगजन विभाग के द्वारा दिव्यांग उपकरण वितरित किये गये। विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके महोत्सव का समापन किया गया। प्रद्युम्न द्वारा गणेश वंदना, शिव तांडव की प्रस्तुति की गई। आराधना सिंह ,विपुल चौबे, राहुल चंद्र, विवेक मिश्रा वरदान के द्वारा अलग-अलग विधाओं में गाने गाये गये। शाम 8:00 बजे से कवि सम्मेलन का महा आयोजन हुआ जिसमें देश के बड़े कवि कैलाश तरल, कुमार बृजेंद्र, अखिलेश द्विवेदी, डा0 भुवन मोहिनी, पूनम श्रीवास्तव, राम बहादुर सिकरवार, सभाजीत द्विवेदी प्रखर के द्वारा बहुत सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। कहीं वंदे मातरम का गुणगान करने पर ताली बजी कहीं हास्य कवि द्वारा हास्य काव्य के माध्यम से लोगों ने खूब ठहांके लगाएं। कवि एवं कलाकारों का स्वागत एवं सम्मान मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अंगवस्त्रम पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। राज्यमंत्री के द्वारा स्वतन्त्रा संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया साथ ही, 05 कृषि लाभार्थियों, 20 उदयीमान खिलाड़ियों, और 30 खिलाड़ियों को खेल किट, 07 लोगों को ओडीओपी टूल किट प्रशिक्षण योजना के तहत टूल किट, आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 05 गोल्डेन कार्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख, ऐश्वर्या ठाकुर ने संयुक्त रूप में किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, जिला विकास अधिकारी वीके यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0गोरख नाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, डीसीएनआरएलएम ओपी यादव, डॉ राम सूरत मौर्य, ओम प्रकाश सिंह, अजय प्रधान, शकुंतला शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख करजांकला के प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, ब्रह्मेश शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं ने सांसद वरुण गांधी का धूमधाम से मनाया जन्मदिन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सांसद वरुण गांधी का जन्मदिन समर्थकों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। बुधवार को संसदीय कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। समर्थकों ने सांसद वरुण गांधी का 45 वा जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। सभी ने सांसद के दीर्घायु होने की कामना की और एक दूसरे को केक खिलाकर मुंह मीठा कराया। इसके अतिरिक्त बीसलपुर, पूरनपुर, अमरिया, बरखेड़ा आदि स्थानों पर भी सांसद का जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर सांसद के लंबी उम्र और खुशहाल जीवन के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान में प्रमुख रूप से सांसद के निजी सचिव कमलकांत, कार्यालय प्रभारी दीपक पाण्डेय, अमित गंगवार, सूरज शुक्ला, रतनदीप गंगवार, बबलू वर्मा, प्रभात रंजन, बंटी मिश्रा, नरेश राठौर, चेतन शर्मा, मिलन मिश्रा, सत्येंद्र वर्मा, सतीश पांडेय,अजीम खान, निसार शाह, राजवीर सिंह, राजेंद्र वर्मा, राजेश पांडेय, सुमित पांडेय, मनोज वर्मा, प्रकाश शर्मा, कमलेश वर्मा, महेन्द्र सक्सेना, पप्पू सिंह, प्रमोद पटेल, सोनू पांडेय, नन्हेंलाल कश्यप, अंकुर अवस्थी, बालकराम वर्मा आदि मौजूद रहे।



# पांच माह पूर्व गायब हुए युवक का गन्ने के खेत में कंकाल मिलने से मचा हड़कम्प

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** आज जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र में गन्ने के खेत मे मिला नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई परिजनों ने कपड़ो एवम चप्पलों से मृतक की पहचान की। बताते चलें कि पांच महीने पूर्व गायब हुए युवक सर्वेश कश्यप कानरकंकाल पेट्रोल पम्प के पास देवहा नदी के पुल पीछे बहादुरपुर को जाने बाले खड़ंजा पर एक गन्ने के खेत में पड़ा मिला।

आज सुबह 10 बजे ग्राम बहादुरपुर हुक्मी के एक खेत मे गन्ना काट रहे लेबर के लोगों ने देखा कि एक कंकाल खेत मे पड़ा है जिसकी सूचना हरीश कुमार बाहरजागीर को दी। मृतक के भाई हरीश कुमार ने कंकाल के पास पड़े कपड़े एवम चप्पलों से अपने भाई सर्वेश कश्यप पुत्र रामपाल निवासी बाहरजागीर थाना क्योलड़िया जिला बरेली के रूप में पहचान की। मृतक के भाई हरीश ने बताया कि मेरा भाई दीवाली के 8 दिन बाद से ला पता था। लगभग पांच महीने गुजर जाने के बाद नरकंकाल गन्ने के खेत मे मिला।क्योलड़िया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।मृतक के भाई ने बताया गायब होने से पूर्व रात में चाचा से लड़ाई हुई थी। उसके अगले दिन से मेरा भाई गायब था । सर्वेश के कंकाल के मिलने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सर्वेश काश्यप के दो लड़की एक लड़का भी है। मौके पर पहुंची थाना बरखेड़ा पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी हैं।

# जसोली दिवाली गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली व बोलेरो कार की हुई भिड़ंत एक की मौत, 9 लोग घायल





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* घायलों को कराया गया अस्पताल में भर्ती, पिता पुत्र गन्ना भरकर बरखेड़ा चीनी मिल में जा रहे थे

**बीसलपुर।** गांव मिघौना से पिता पुत्र ट्रैक्टर ट्राली में गन्न भरकर बरखेड़ा चीनीमिल में तुलाने जा रहे थे। वह जैसे ही गांव जसोली दिवाली के निकट पहुंचे वैसे ही अपना ट्रैक्टर खड़ा कर पुत्र ट्राली के पीछे गन्ना देख रहा था तभी तेज गति से आ रही बोलेरो कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिघौना निवासी ट्रैक्टर चालक यासीन ने मंगलवार को बीसलपुर कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपने बेटे शमीन के साथ देर रात्रि ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना भरकर बरखेड़ा चीनी मिल गन्ना तुलवाने जा रहा था। वह जैसे ही बीसलपुर पीलीभीत रोड पर स्थित ग्राम जसोली दिवाली के पास पहुंचे वैसे ही उन्होंने अपना ट्रैक्टर साइड में खड़ा कर लिया। इसके बाद ट्रैक्टर से उतरकर उनका बेटा शमीन गन्ने की ट्राली को देख रहा था। इसी समय विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बोलेरो कार गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई। जिसमें कार में सवार कार चालक सहित 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कृष्ण पाल, नन्ही देवी, गुड़िया, जसवंत, प्रिया, अभिषेक, पुष्पा देवी, आयुष, निवासी अधकटा थाना बरखेड़ा व बोलेरो कार चालक शेर सिंह निवासी काजर भोजी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को 108 द्वारा बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर पर सवार युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। युवक की मौत के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जर्जर विद्युत पोल पर लेड वॉयर लगाने का किया विरोध

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज नगर में इन दिनों खुले विद्युत तारों को बदल लेड/ एमराल्ड वायर लगाने का कार्य चल रहा है। पश्चिमी कौड़ियां मोहल्ले में सत्तन पहलवान तिराहे पर जर्जर लोहे के पोल पर वायर लगाने का काम चल रहा था। जानकारी के बाद सभासद प्रतिनिधि सागर सोनी, समाजसेवी रमेश जायसवाल के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने नारेबाजी कर कार्य का विरोध किया। इस दौरान कहा गया कि उक्त पोल वर्षो से जर्जर अवस्था में है। कई बार विभाग को सूचना दे बदलने कि मांग कि गयी। लेकिन बदला नहीं जा सका। लिहाजा लोगों ने कहा कि जब तक नया खंभा नहीं लग जाता तार नहीं लगने दिया जायेगा। प्राइवेट ठेकेदार के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार अजय सिंह ने बताया कि विभाग को सूचना दे दी गई है। वहीं एसडीओ विद्युत रोशन जमीर ने कहा कि मुझे अभी सूचना नहीं है। जानकारी कर पोल बदलने का इंतजाम करता हूं। इस हेतु जेई को निर्देशित किया जायेगा। इस दौरान सागर सोनी, रमेश जायसवाल, मोहम्मद जाहिद दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा, मोहम्मद इलियास, चंदन जायसवाल, रहबर, सनी, तारा देवी, सुजीत मोदनवाल, अजय मोदनवाल आदि मौजूद रहे।



### बदलापुर विधायक के प्रस्ताव पर क्षेत्र के पौराणिक स्थलों को मिली करोड़ों की सौगात

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर जिले के बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रस्ताव पर क्षेत्र अंतर्गत स्थित पौराणिक धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास और जीर्णोद्धार हेतु उत्तर प्रदेश सरकार ने कुल लागत के सापेक्ष प्रथम किस्त जारी कर दिया हैं। बाबा करशूलनाथ धाम करछुली, कंधीकला का पर्यटन विकास कार्य हेतु कुल लागत 02 करोड़ 33 लाख के सापेक्ष 75 लाख की प्रथम किस्त।मां चंडी देवी धाम, पुराअंती बनकट के जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास हेतु कुल लागत 01 करोड़ 8 लाख के सापेक्ष प्रथम किस्त 25 लाख। त्रिभुवन नाथ धाम, करमपुर, भूला में पर्यटन विकास कार्य हेतु कुल लागत 1 करोड़ 6 लाख के सापेक्ष प्रथम किस्त 40 लाख। प्राचीन शिव मंदिर, कडेरेपुर का जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास कार्य हेतु कुल लागत 84 लाख के सापेक्ष प्रथम किस्त 32 लाख कुल 5 करोड़ 32 लाख 86 हजार की लागत से इन चारों धार्मिक स्थलों पर पर्यटन विकास और जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा।प्रथम किस्त के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार ने 1 करोड़ 72 लाख रुपए जारी किया है।



### खिलाड़ियों की संख्या कम होने के चलते खेल छात्रावासों में प्रवेश का पुनः होगा चयन परीक्षण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में 9 खेलों को लेकर पुन- चयन परीक्षण का आयोजन किया जाएगा प्रशिक्षण सीवर क्या आयोजन 2 अप्रैल से 16 अप्रैल के मध्य की जाएगी। खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के अधीन संचालित योजनाओं में से छात्रावास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 02 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। खेलों में खिलाड़ियों की संख्या अत्यधिक कम होने के कारण व जानकारी के अभाव के कारण खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ द्वारा दुबारा चयन परीक्षण आयोजित किया जा रहा है। जनपद स्तर का चयन परीक्षण जिम्नास्टिक, तैराकी, तीरन्दाजी, बास्केटबाल, टी0टी0, हैण्डबाल व वॉलीबाल (बालक/बालिका) तथा कुश्ती- बालिका वर्ग एवं जूडो-बालक वर्ग में 17 मार्च को आयोजित किया जायेगा। जनपद स्तर पर सफल खिलाड़ी दिनांक 18 मार्च को मण्डलीय चयन परीक्षण में प्रतिभाग करेंगे। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही दिनांक 20 व 21 मार्च, 2024 को आयोजित होने राज्य स्तरीय चयन परीक्षण/प्रतियोगिता में अपने मण्डल की ओर से प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तर एवं मण्डल स्तर पर खिलाड़ी अपने स्वयं के व्यय पर प्रतिभाग करेंगे। आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के इच्छुक खिलाड़ी खेल साथी पोर्टल पर लाग-इन कर आवेदन करेंगे। पूर्ण रूप से आवेदन पत्रों को भरकर डैशबोर्ड पर उपलब्ध माध्यम से निर्धारित शुल्क को बैंक/कोषागार में जमा किया जायेगा। खिलाड़ी की आयु की गणना 01 अप्रैल, 2024 से की जायेगी। जिम्नास्टिक एवं तैराकी में 12 वर्ष से कम के खिलाड़ियों का परीक्षण होगा तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

### मौलाना तौकीर को गिरफ्तार करने में सीओ भी फेल, कोर्ट ने लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने में सीओ प्रथम की टीम भी नाकाम रही। इस पर एडीजी फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए एसएसपी को गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी है। डीएम को जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। अगली तारीख 19 मार्च तय की है। पहले प्रेमनगर थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी को समन तामील कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। वह समन ही तामील नहीं करा सके।

### सात साल की बच्ची से दरिंदगी, फूल तोड़ने गई मासूम से युवक ने किया दुष्कर्म, बेहोशी की हालत में खेत में मिली

**जन एक्सप्रेस/बरेली।** बरेली के नवाबगंज क्षेत्र में सहेलियों के साथ फूल तोड़ने जा रही सात साल की बच्ची से बाइक सवार युवक ने दुष्कर्म किया। बेहोशी की हालत में वह बच्ची को गन्ने के खेत में छोड़कर भाग गया। होश में आने पर बच्ची ने आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बच्ची को घर पहुंचाया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि मंगलवार को उसकी सात साल की बेटी दो सहेलियों के साथ फूल तोड़ने गई थी।

# दरिंदे को मिली सज़ा, दलित बालिका से दुष्कर्म में 10 वर्ष की कैद

* 10 दिन तक मुंबई में रखकर किया बलात्कार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) काशी प्रसाद सिंह यादव की अदालत ने दलित बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार सुजानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि उसके पड़ोसी नन्हे यादव पुत्र श्रीपत 6 मई 2019 को 1:00 बजे रात उसके घर आया और उसकी 13 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर मुंबई भगा ले गया।वहाँ उसके साथ कई बार जबरदस्ती बलात्कार किया। 16 मई 2019 को नन्हे यादव के पिता श्रीपत यादव उसकी पुत्री को लेकर वादिनी के घर आए और बताए कि उसकी पुत्री उनके पुत्र के साथ मुंबई चली गई थी। थाने में मुकदमा दर्ज करवाने और मेडिकल करवाने का प्रयास किया गया किंतु पुलिस ने उसकी बात नहीं सुनी। तब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत करवाया गया। विशेष लोक अभियोजक राजेश उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी नन्हे यादव को भादंवि की धारा 376 के अंतर्गत 10 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

# सीएए को लेकर अफवाहों से बचें: संतोष कुमार पाठक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




बरसठी थाना पुलिस ने मंगलवार को अपराह्न शांति पीस की बैठक कराई बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संतोष पाठक ने किया बैठक में सरकार द्वारा लागू किए गए सीएए एवं पवित्र त्यौहार माह ए रमजान होली और आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था रहे इसके लिए थानाध्यक्ष हर पहलुओं से उपस्थित जनता संभ्रांत व्यक्तियों को संबोधित किया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहां की समान नागरिक संहिता से किसी भी नागरिक की नागरिकता खतरे में नहीं है सरकार की मंशा है कि बाहरी व्यक्ति का बिना नागरिकता प्राप्त किए प्रवेश अपने देश में न हो ऐसे में किसी भी अपवाहों से बचकर रहना चाहिए इस दौरान किसी भी सोशल मीडिया पर चल रहे अफवाहो पर पहले विचार करें फिर वह सही है तब आगे फॉरवर्ड करें ना तो अन्यथा ना करें वरना कानूनी शिकंजा में फंसकर जीवन बर्बाद हो जाएगा थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया कि माह ए रमजान का महीना शुरू हो गया है यह त्योहार मुसलमान के लिए एक पवित्र त्योहार माना गया है ऐसे में हम सभी लोगों को मिलकर इस त्यौहार के पवित्रता को बनाए रखें बस्तियों में किसी भी प्रकार की गंदगी ना करें और साफ सुथरा रखें जिससे छोटे-मोटे झगड़े से बचा जा सके इसी प्रकार उन्होंने समझा कि रमजान की महीना के साथ हिंदुओं का पर्व रंग का होली है इसे काफी क फसाद देखा जाता है इसलिए अपने बच्चों को समझाएं जो रंग से परहेज कर रहे हैं तो उनके ऊपर रंग कंतई ना डालें रंग के जगह अबीर गुलाल का प्रयोग करें जिससे विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो सके थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया की आने वाले समय में लोकसभा का चुनाव के लिए शीघ्र ही आदर्श आचार्य संहिता लागू हो जाएगा ऐसे में ही लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिएअपना वोट करें जिससे अच्छी सरकार बने फर्जी वोट ना डालें नहीं डलवाने का प्रयत्न करें ऐसे में किसी भी आरजक तत्वों का जानकारी हो तो हमारे पर्सनल नंबर पर पर या तो सीयूजी नंबर पर संपर्क करें उनका नाम गोपनी रखा जाएगा अराजक तत्वों को सबक सीखाने के लिए हमारी पुलिस पूरी तरह सक्रिय है शांति पीस बैठक के दौरान उपनिरीक्षक प्रसिद्ध नारायण सिंह उपनिरीक्षक रविंदर कुमार भारती उपनिरीक्षक तारकेश्वर दुबे ग्राम प्रधान परियत रईस अहमद प्रधान आलमगंज मुमताज अली व्यापारी संभ्रांत व्यक्ति और पत्रकार उपस्थित रहे।

# इंडियाज टेकेड: चिप्स फॉर विकसित भारत का लाइव पीयू के विद्यार्थियों ने देखा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इंडियाज टेकेड चिप्स फॉर विकसित भारत के अंतर्गत करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमी कंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास बुधवार को किया। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत ये सुविधाएं गुजरात के धोलेरा, साणंद और असम के मोरीगांव में स्थापित की जाएंगी। इसका सजीव प्रसारण वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में किया गया। प्रधानमंत्री की परिकल्पना भारत को सेमीकंडक्टर की डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की है, जिससे देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिले। यह परियोजना धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (DSIR), गुजरात में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा निर्माण, असम के मोरीगांव में आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ह्रस्ज्ञ) सुविधा और गुजरात के साणंद में आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ह्रस्ज्ञ) सुविधा के लिए आधारशिला रखी गई। प्रधानमंत्री ने कहा है कि इन सुविधाओं के जरिए सेमीकंडक्टर इको-सिस्टम दृढ़ होगा और भारत में इसकी जड़ें मजबूत हो जाएंगी। ये यूनिट्स सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में हजारों युवाओं को रोजगार मुहैया कराएंगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, निदेशक प्रो प्रमोद कुमार यादव, प्रो देवराज सिंह, प्रो मिथिलेश सिंह, प्रो गिरिधर मिश्र, डा प्रमोद कुमार, डा नीरज अवस्थी, डा धीरेंद्र चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सपा और कांग्रेस कभी न कराती अयोध्या में राम मंदिर निर्माणः सीएम योगी






जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ल

- जिले के चंद्रिका खेड़ा में सीएम ने किया शहीद प्रतिमा का अनावरण
- नवोदय विद्यालय में किया जनसभा को संबोधित
- जिले को दी 241 करोड़ से अधिक की 103 परियोजनाओं की सौगात

**उन्नाव।** सीएम योगी बुधवार जिले के फतेहपुर चौरासी ब्लाक के चंद्रिकाखेड़ा गांव में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने 241 करोड़ से अधिक की 103 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। इसके अलावा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, डमी चेक व स्वीकृति पत्र आदि का भी वितरण किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम और भारत माता के जयघोष के साथ कहा कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने ने मंच से कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा इन दलों की सरकार में अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर कभी न बन पाता।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार जिले के फतेहपुर चौरासी ब्लाक क्षेत्र के चंद्रिकाखेड़ा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण कर स्मारक का लोकार्पण किया। बाद इसके जिले के लिए 241 करोड़ से अधिक की 103 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, डमी चेक व स्वीकृति पत्र आदि का भी वितरण किया। बाद इसके कालीमिट्टी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में जनसभा को संबोधित किया। जय श्री राम, भारत माता की जय के साथ अबकी बार 400 पार का उदघोष कर अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि शहीद गुलाब सिंह लोधी जी ने इसी चंद्रिका खेड़ा गांव में जन्म लेकर देश की स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और शहीद हुए। उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। 1935 में उन्नाव से लखनऊ जाकर रेजीडेंसी के पास तिरंगा फहराने का काम किया और हमे स्वतंत्र भारत देने का काम किया। अनगिनत बलिदानियों ने अपने आपको बलिदान किया। मोदी जी ने भी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा लहराने का काम किया । हम सब का संकल्प विकसित भारत, हर नागरिक के लिए पांच प्रण की बात मोदी जी ने की है। कहा कि विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश हो आज हम सब 241 करोड रुपए की कार्य परियोजनाओं को लेकर उन्नाव आए हैं। उन्नाव साहित्यकारों की भूमि है वीरों की भूमि है क्रांतिकारियों की भूमि है। शहीद चंद्रशेखर आजाद ने इसी धरती से आजादी का बिगुल फूंके थे।

कौन नहीं जानता है यह धरती पंडित प्रताप नारायण मिश्र की धरती है सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी की धरती है। गया प्रसाद शुक्ला आचार्य नंददुलारे वाजपेई जी की धरती है। शिवमंगल सिंह सुमन जी की धरती है। हमारे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित जी की भी पावन धरती है। कभी पुलिस की गोली से गुलाब सिंह लोधी शहीद हुए थे और आज उत्तर प्रदेश पुलिस की ट्रेनिंग का बेहतरीन केंद्र है वह शहीद गुलाब सिंह लोधी जी के नाम पर ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है उत्तर प्रदेश पुलिस को प्रशिक्षण देती है। सीएम ने कहा कि सांसद साक्षी महाराज ने उन्नाव से हरदोई को जाने वाले मार्ग की बात कही है यह सड़क भी छूटेगी नहीं इस सड़क को भी फोर लेन करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर गरीब के पास अपना मकान हो सिर ढकने के लिए छत हो हर गरीब के पास अपना रोजगार हो फैमिली आईडी कार्ड हम बहुत जल्द जारी करने जा रहे हैं। 15 करोड लोगों को हमने उसमें फीड कर दिया है। अभी उसे पर कुछ काम चल रहा है जिस दिन हम लागू करेंगे उसे दिन उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ में हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ने के अलावा 100त्न लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक बड़ी कार्य योजना को आगे बढ़ाया है। आपका आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो अयोध्या में भव्य श्री राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ क्या अयोध्या में रामलला का मंदिर कांग्रेस के लोग बना पाए समाजवादी पार्टी के लोग बना पाए। होली के शुभकामनाओं को देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सरकार सभी सुविधाओं को बेहतर रूप से दे उन्हें को सत्ता में आने का अधिकार देना चाहिए। फिर एक बार 2024 में मोदी सरकार आनी ही चाहिए। इस मौके पर सांसद साक्षी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक सदर पंकज गुप्ता, आशुतोष शुक्ला सहित सभी विधायक, ब्लॉक प्रमुख, निकाय अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## आठ माह पहले चोरी हुई अष्टधातु की मूर्तियां हुई बरामद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



आठ माह पूर्व पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव त्रिपुरारिपुर में छः दशक पुराने ठाकुरद्वारा से राधा व सीता की बेशकीमती मूर्तियां चोरी हो गयी थीं। जिन्हें कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की देर रात पुरवा-पाटन मार्ग के लखमंदेमऊ तिराहा से बरामद कर लिया है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम त्रिपुरारिपुर निवासी संजय त्रिपाठी के पुश्तैनी ठाकुरद्वारा में राम, लक्ष्मण, सीता, राधा व कृष्ण की मूर्तियां बीते छः दशक से स्थापित थीं। बीते 11 जुलाई की रात गर्भ गृह का ताला व खिड़की तोड़कर राधा व सीता की मूर्तियों को अज्ञात चोर उठा ले गए थे।घटना बाद ठाकुर द्वारा के सरंक्षक संजय त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।और बीते आठ माह से पीड़ित परिवार बराबर खुलासे की मांग पर अड़ा रहा। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना बाद नगर के वार्ड चंदीगढ़ी तिराहे के पास से काली पल्सर मोटर साईकिल सवार युवकों का पुलिस के पीछा करने पर लखमंदेमऊ तिराहे के पास दोनों मूर्तियों को डालकर भाग निकले। हालांकि पुलिस ने पल्सर मोटर साईकिल सवारों का पीछा भी किया। लेकिन चोर भागने में सफल रहे।जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।पुलिस ने ठाकुर द्वारा के संरक्षक संजय त्रिपाठी से दोनों मूर्तियों की पहचान कराई। जिस पर संजय त्रिपाठी ने मूर्तियों की पहचान कर ठाकुर द्वारा की होनी बताया हैं।

बता दें कि वर्ष 2004 के अगस्त माह में ठाकुरद्वारा से राधा, राम व लक्ष्मण की तीन मूर्तियों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था।लेकिन कोतवाली पुलिस व ग्रामीणों की सक्रियता के चलते चोर मूर्तियों को गांव से बाहर ले जाने में सफल नहीं हुए थे।जिस पर कोतवाली पुलिस ने दो सप्ताह में ही गांव स्थित जूनियर विद्यालय के निकट स्थित तालाब से तीनों मूर्तियां बरामद कर ली थीं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मूर्तियों कि पहचान हो गई है। मूर्तियों को थाने में रखा गया है।

## प्रेमी ने युवती की खुरपे से काट डाली कलाई

- शादी दूसरे से तय होने पर दिया घटना को अंजाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

युवती की शादी दूसरे से तय होने से नाराज प्रेमी ने उसे खेत बुलाया। जहां झगड़े के बाद गुस्से में खुरपे से बाएं हाथ का पंजा कलाई के पास से काटकर अलग कर दिया गया। खुरपा व युवती का मोबाइल लेकर आरोपी भाग निकला। खेत पहुंचे पिता ने बेटी को बेहोश पड़ा देख सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती का गांव के ही रिंकू से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन परिजनों ने युवती की दूसरी जगह शादी तय कर दी। 14 अप्रैल को सगाई व 19 अप्रैल को बरात की तारीख भी निकल आई। प्रेमिका की शादी दूसरी जगह तय होने की बात बौखलाया प्रेमी रिंकू फोन कर युवती को यह शादी न करने और भागकर एक दूसरे से शादी करने की जिद करने लगा। मंगलवार शाम रिंकू ने फोन कर युवती को आखिरी बार मिलने के लिए खेत पर बुलाया। घास काटने की बात कह वह खुरपा लेकर खेत पहुंची। उसे देखते ही प्रेमी रिंकू फिर से शादी की जिद करने लगा। युवती के मना करने पर दोनों में झगड़ा हो गया। इसी बीच रिंकू ने गुस्से में उसके ही खुरपे से बाएं हाथ का पंजा कलाई के पास से काटकर अलग कर दिया।

खुरपा व युवती का मोबाइल लेकर भाग निकला। पांच मिनट बाद पीछे से खेत पहुंचा पिता बेटी की हालत देख बेहाल हो गया। ग्रामीणों की मदद से आनन फानन बेटी को सीएचसी पहुंचाया। डाक्टर ने हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया गया।

डॉक्टर ने कटे पंजे को बर्फ में रखकर युवती के साथ भेज दिया है। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि युवती के बयान के आधार पर हमलावर रिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। परिजनों से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाएगा।

## मैथानी ने तीन सड़कों का किया लोकार्पण



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अपने विधानसभा क्षेत्र वार्ड 60 की तीन सड़कों का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया रावतपुर अंतर्गत सुरेंद्रनगर शनेश्वर मंदिर नमक फैक्ट्री चौराहा की इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन किया विधायक ने इस दौरान बताया कि हमारे प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री सबका साथ सबका विकास के संकल्प के तहत बिना जाति भेदभाव के साथ काम कर रही है उसी कड़ी में मुस्लिम बहुल क्षेत्र की तीन सड़कों का आज पूजन किया गया है कई वर्षों से जनता जल भराव और टूटे सड़कों का दर्द झेल रही थी जिसके संज्ञान में आते ही नाली सड़क का निर्माण क्षेत्रीय जनता के साथ पूजन किया गया इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद पति विनय शुक्ला पूर्व पार्षद जितेंद्र गांधी कुशवाहा धीरज वर्मा शुभम कुशवाहा मनोज सिंह दीपक शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएम के कार्यक्रम से लौटे परिवहन मंत्री ने पकड़ा ओवरलोड डंपर

- एआरटीओ को मौके पर बुला कर दिए कार्रवाई के निर्देश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सीएम योगी के कार्यक्रम से लौट रहे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ओवरलोड डंपर पड़कर एआरटीओ को कार्यवाही के लिए सौप दिया। एआरटीओ ने कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट पुलिस को दी। पुलिस ने मौरंग लदे ओवरलोड डंपर को सीज कर दिया है। बांगरमऊ क्षेत्र के नेवल गांव के पास सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रोग्राम से फतेहपुर चौरासी से लौट रहे परिवहन मंत्री दयाशंकर ने एक ओवरलोड मौरंग लदे डंपर को रोक लिया और उससे पूछताछ करने लगे। इसके बाद मंत्री ने एआरटीओ को बुलाकर ओवरलोड डंपर को सौंप दिया। उसके बाद मंत्री दयाशंकर लखनऊ के लिए रवाना हो गए। सूचना पर पहुंची एआरटीओ प्रतिभा गौतम ने ओवरलोड डंपर पर कार्यवाही करते हुए धर्म कांटे पर डंपर का वजन कराकर रिपोर्ट कोतवाली पुलिस को सौंप दी। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि एआरटीओ की रिपोर्ट के आधार पर ओवरलोड डंपर को सीज कर नवीन गल्ला मंडी परिसर में खड़ा कर दिया गया है।

## शिवराजपुर बीआरसी कार्यालय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक शिवराजपुर के बर्राजपुर बीआरसी कार्यालय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया खंड शिक्षा अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर संबोधन करते हुए बच्चो को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया था। बुधवार को बीआरसी कार्यालय में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई, खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव ने कहा की सरकार की तरफ से चल रही योजनाओं का भरपूर बच्चो को लाभ दिया जा रहा है बच्चो को अच्छी शिक्षा ड्रेस अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन के साथ बैठने के लिए अच्छी सीट उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद मिश्रा ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान सरकार में बच्चो को अच्छी सुवधाए दी जा रही है। बच्चो को दी गई शिक्षा को वह अपने भविष्य पर निर्धारित करेंगे जिससे उनके उज्जवल भविष्य की कामना करना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की क्षेत्र के मुंहपोछा गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चो को अच्छी ड्रेस व पिट्ठू बैग निशुल्क दिए जाएंगे।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद मिश्रा एआरपी दिलीप यादव वरुण प्रजापति सुबोध कुमार शुक्ला गजेंद्र सिंह सरिता कटियार अरविंद शुक्ला राजीव मिश्रा शिवेंद्र सिंह अलका गौरी सीमा कुमारी सुनीता शुक्ला पदमा के साथ आधा सैकड़ा अध्यापक मौजूद रहे।

## ढलान पर खड़ा ऑटो चला, चपेट में आकर किशोर की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीघापुर के मैकूतेली सिकंदरपुर मार्ग पर ढलान पर खड़ा ऑटो अचानक चलाने लगा जिसकी चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए अचलगंज लोहचा स्वस्थ केंद लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर करण निवासी मुनेंद्र कुमार का 13 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार अपने साथियों के साथ खेलने गया था। सिकंदरपुर कर्ण मैकू तेली मार्ग पर स्थित काली दवी मंदिर के बगल में ढालान पर ऑटो रिक्शा खड़ा था। बच्चों के खेलने के दौरान ढालान पर खड़ा ऑटो चलने लगा तभी विवेक को टक्कर मार दी। ऑटो की टक्कर लगने से घायल हो गया। पूजन में आए लोगो ने इलाज के उसे सीएचसी अचलगंज ले गए। जहां मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक माता पिता का इकलौता पुत्र था। मृतक के दो बहने अंशिका (10), वैष्णवी (8) हैं। परिजनो की सूचना पर लाल कुआं चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार दिवाकर ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबध में एसओ राजपाल ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पकड़े जाने के डर से प्रेमी ने भी फंदे से लटक कर दी जान

- सोमवार को युवती का दही थाना क्षेत्र में फंदे से लटका मिला था शव
- मृतका के परिजनों ने मंगलवार शाम दर्ज कराया था युवक पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सोमवार को दही थाना क्षेत्र में युवती का शव फंदे से लटका मिलने के मामले में पुलिस ने मंगलवार उसके प्रेमी आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद बुधवार को जेल जाने के डर से प्रेमी ने भी फंदे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माखी थाना क्षेत्र के विजयीखेड़ा गांव निवासी बेचेलाल गौतम के पुत्र अतुल (21) मजदूरी करता था। अतुल का दही थाना क्षेत्र के टीकरगढ़ी में रहने वाली निधि पाल (20) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार को युवती का शव शिवनगर मोहल्ले में रहने वाले फुफेरे भाई के घर में रस्सी के फंदे से लटका मिला था। मंगलवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर सड़क जाम कर हंगामा किया था। दही एसओ अनुराग सिंह और सदर कोतवाल पीके मिश्रा ने समझा बुझा कर परिजनों को शांत कराया। जिसके बाद शाम को दही पुलिस ने प्रेमी अतुल गौतम पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। पकड़े जाने और जेल जाने के डर से अतुल ने माखी थाना क्षेत्र में विजयखेड़ा गांव के बाहर बेरी के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि युवक का शव लटका मिला है। परिजनों का अभी कोई आरोप नहीं है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मौसम ने फिर एक बार बदली अपनी करवट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 30.8 और न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 75 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 40 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व रहीं जिनकी औसत गति 3.4 किमी प्रति घंटा रही।

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों में बीच बीच हल्के ऊंचे बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है लेकिन ज्यादातर आसमान साफ रहने के कारण कानपुर मण्डल में वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है।

# अजय कपूर ने थामा बीजेपी का दामन




जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रहे अजय कपूर ने बुधवार को भाजपा जॉइन कर ली। उन्होंने दिल्ली भाजपा कार्यालय में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली। दिल्ली के भाजपा ऑफिस में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने अजय कपूर को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजा। अजय कपूर कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय सचिव और बिहार के प्रभारी भी थे। अजय कपूर कानपुर की गोविंद नगर विधानसभा से एक बार और किदवई नगर विधानसभा दो बार विधायक रह चुके हैं। अजय कपूर के बड़े भाई विजय कपूर बड़े उद्योगपति हैं। विजय कपूर कोपेस्टेट के चेयरमैन हैं। छोटे भाई संजय कपूर के कई स्कूल और कारखाने हैं।

सूत्रों का दावा है कि अजय कपूर कानपुर से बीजेपी के प्रत्याशी बनाए जायेंगे। अजय कपूर कांग्रेस से विधायक भी रह चुके हैं और कानपुर में प्रभावशाली नेता के तौर पर उनकी गिनती होती है। विधानसभा स्पीकर सतीश महाना उनके नजदीकी रिश्तेदार हैं। कांग्रेस के लिए ये बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।

### कांग्रेस से दिया इस्तीफा

अजय कपूर ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि मैं बीते 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की निरंतर निस्वार्थ भाव से सेवा करता आ रहा हूं। अब मैं अपने पद और पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं। आप से निवेदन है कि आप मेरे इस्तीफे को स्वीकार करें। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे को भेज दिया है।

### इस कारण आये बीजेपी में

अजय कपूर अभी तक कांग्रेस से ही कानपुर में लोकसभा का टिकट मांग रहे थे। लेकिन कांग्रेस के ही एक अन्य स्थानीय नेता आलोक मिश्रा से उन्हें कड़ी चुनौती मिल रही है। आलोक मिश्रा ने कानपुर में जिस तरह लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं, पार्टी नेता मानते हैं कि इस बार आलाकमान उन पर भरोसा जता सकता है। अजय कपूर पिछला दो चुनाव हार चुके हैं, इस कारण भी कांग्रेस नेतृत्व को लग रहा था कि अजय कपूर इस चुनाव में भी जीत हासिल नहीं कर पाएंगे। वहीं अजय कपूर कांग्रेस में रहने के बाद भले ही कमजोर रहे हों लेकिन भाजपा में आने के बाद उनकी मजबूती और जीत पक्की मानी जा रही है।

### भाजपा में शामिल होने के बाद अजय कपूर ने कहा

अजय कपूर ने कहा देश के लिए काम करना भाजपा में ही संभव है। 36 साल तक कांग्रेस में रहने के बाद आज मोदी परिवार में शामिल हुआ हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया है। वहीं, अजय कपूर के भाई विजय कपूर ने भी उनके भाजपा में शामिल होने पर खुशी जताई है।

## 37 थानों के बीच 70 जनसभाएं आयोजित करेगी सपा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के 43 लोकसभा क्षेत्र के गोविंद नगर आर्य नगर सीसामाऊ किदवई नगर कैंट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रणनीतिकारों की एक बैठक महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में शांय 4 बजे सपा कार्यालय नवीन मार्केट में आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा ने 43 लोकसभा क्षेत्र के 1607 बूथों पर पांच सदस्यीय टीम गठित कर दी गयी है जो बूथों के पास रहने वाले परिवारों में पहुंचकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की आर्थिक नीतियों बेरोजगारी तथा बढ़ती महंगाई के साथ पीडीए की नीतियों को अवगत कराकर आगामी लोकसभा चुनाव में विजय हासिल की जाएगी। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे कहा कि पांचो विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्र के लिए 21 21 सदस्यीय टीम चुनाव की रणनीति तथा तैयारी के लिए गठित कर दी गई है तथा 21 सदस्य समिति महानगर 43 लोकसभा की चुनाव समिति गठन कर पूरा विवरण तैयार कर लिया गया है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे कहा कि 37 थानों के बीच 70 जनसभाएं सपा करेगी जिसके लिए 21 सदस्यीय वक्ताओं की टीम गठित कर उसका रिहर्सल पूरा कर लिया गया है जो चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए सभाओ में संबोधन करेंगे इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार करके राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव को भेज दी गई है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने चुनाव रणनीति कारों का बढ़ता उत्साह तथा नीतियों को लेकर चुनाव की घोषणा होते ही बूथों के लिए टीम रात्रि निवास भी क्षेत्र में करेगी बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ला महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर परमवीर सिंह गंभीर सत्यनारायण गहरवार नंदलाल जायसवाल अर्पित त्रिवेदी अनुराग पांडे सुलेखा यादव वंदना दिवाकर संजय निषाद अंश राजपूत मुमताज मंसूरी वरुण जयसवाल अल्तमश सिद्दीकी जसवेंद्र प्रताप निषाद अनिल चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## किन्नर के विरुद्ध दर्ज हुआ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सराय चंदन गांव में मंगलवार को एक युवक का शव फंदे से लटका मिला था। मृतक के मामा ने पुलिस को तहरीर देकर निशा किन्नर के विरुद्ध आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सराय चंदन मजरा धौकल खेड़ा गांव में मंगलवार को देर शाम आम के पेड़ से जनपद अमेठी थाना पीपरपुर के गांव इस्माइल पुर निवासी इस्तियाक (23) पुत्र मो.शकील का शव लटकता पाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा था। सूचना पर बुधवार को पहुंचे मृतक के मामा मोबीन अली पुत्र रोजन अली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि करीब 6 महीने पहले प्रेम प्रसंग में फसा कर निशा किन्नर पुत्र छोटेलाल निवासी सराय चन्दन ने बुलाया था तब से निशा किन्नर के साथ इस्तियाक रह रहा था। लेकिन आये दिन निशा किन्नर की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर इस्तियाक ने गांव के बाहर पेड़ से फाँसी लगा कर आत्म हत्या कर ली।

# चुनाव से पहले कांग्रेस ने की नारी न्याय गारंटी योजना की घोषणा

## गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना मदद, सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना का वादा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया। इसके तहत कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जाएगा।



### कांग्रेस ने 5 योजनाओं का ऐलान किया...

- **महालक्ष्मी गारंटी:** इसके तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।
- **आधी आबादी-पूरा हक:** इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।
- **शक्ति का सम्मान:** इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा।
- **अधिकार मैत्री:** इसके तहत हर पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार मैत्री के रूप में एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक की नियुक्ति की जाएगी।
- **सावित्री बाई फुले हॉस्टल:** सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक होस्टल बनाएंगे और पूरे देश में इन होस्टल की संख्या दोगुनी की जाएगी।

### नई भर्तियों में आधे से ज्यादा पदों पर महिलाओं का अधिकार

खरगे ने कहा कि कांग्रेस की महालक्ष्मी गारंटी के तहत हर गरीब परिवार की एक-एक महिला को सालाना एक लाख रुपये की मदद दी जाएगी। दूसरी घोषणा-आधी आबादी पूरा हक के तहत केंद्र सरकार के स्तर पर होने वाली नई भर्तियों में आधे से ज्यादा पदों पर महिलाओं का अधिकार होगा।

### कार्यकर्ता बोलेंगे तो लोकसभा चुनाव लड़ूंगा

इससे पहले खड़गे ने उन दावों को खारिज किया था कि पार्टी के वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर कार्यकर्ता उनसे चुनाव लड़ने के लिए कहेंगे तो वह ऐसा कर सकते हैं। हालाँकि, उन्होंने संकेत दिया कि बढ़ती उम्र के चलते वह इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतरेंगे। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए खड़गे ने कहा- यह गलत है कि हम पीछे हट रहे हैं। मैं 83 साल का हूं, आप (पत्रकार) 65 साल में रिटायर होते हैं, मैं तो 83 साल का हो गया।

### खड़गे बोले, हमारी गारंटी खोखले वादे नहीं होते

खड़गे ने कहा कि इसके पहले हमने भागीदारी न्याय, किसान न्याय और युवा न्याय घोषित किए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि कहने की जरूरत नहीं कि हमारी गारंटी खोखले वादे और जुमले नहीं होते। हमारा कहा पत्थर की लकीर होता है। यही हमारा 1926 से अब तक का रिकॉर्ड है, जब हमारे विरोधियों का जन्म हो रहा था तब से हम मैनिफेस्टो बना रहे हैं, और उन घोषणाओं को पूरा कर रहे हैं।

### महिलाओं की शिक्षा पर भी जोर

कांग्रेस ने जिस पांचवीं गारंटी का जिक्र किया है, इसमें शिक्षा पर फोकस करने का वादा किया गया है। सावित्रीबाई फुले छात्रावास गारंटी के तहत भारत सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए जिला मुख्यालयों पर कम से कम एक छात्रावास बनाएगी। देश भर में इन छात्रावासों की संख्या दोगुनी करने का वादा भी किया गया है।

### आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं पर भी ध्यान

तीसरी गारंटी- शक्ति का सम्मान के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा। चौथी गारंटी- अधिकार मैत्री है। कांग्रेस इसके तहत महिलाओं के बीच जागरूकता पैदा करने का प्रयास करेगी। हर पंचायत में एक पैरालीगल नियुक्त किया जाएगा। उनके अधिकारों की रक्षा के अलावा महिलाओं की मदद भी की जाएगी।

### इससे पहले आदिवासियों के लिए छह संकल्प

गौरतलब है कि कांग्रेस प्रमुख खरगे ने आदिवासियों से जुड़े छह संकल्पों की घोषणा की थी। खरगे ने कहा था कि उनकी पार्टी जल-जंगल और जमीन को बचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने आदिवासी लोगों के लिए कांग्रेस पार्टी के छह संकल्पों का भी जिक्र किया। सुशासन, सुधार, सुरक्षा, स्वशासन, स्वाभिमान और सब प्लान के रूप में पार्टी के संकल्पों का ब्यौरा भी पेश किया। खरगे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हैशटैग आदिवासी संकल्प का भी जिक्र किया।




# पटना के सिविल कोर्ट में धमाका, एक की मौत, दो गंभीर, ट्रांसफार्मर फटने से मची अफरातफरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**



पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में गेट नंबर एक के पास ट्रांसफॉमर ब्लास्ट हुआ है। हादसे दुकानदार और वकील समेत चार लोग झुलस गए। इसमें वकील देवेंद्र प्रसाद की मौत हो गई। घटना के बाद अशोक राजपथ में हड़कंप मच गया। फौरान पीरबहोर थाना पुलिस और कोर्ट परिसर में मौजूद वकीलों ने सभी को पीएमसीएम में सभी करवाया। इसमें से एक की मौत हो गई। इधर, सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रांसफॉर्मर में लगी आग पर काबू पाया। इधर, घटना के बाद अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट गेट पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यहां सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। लोगों का कहना है कि गेट नंबर के पास एक बड़े ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से विस्फोट हो गया। भीषण विस्फोट में ट्रांसफार्मर का खौलता तेल दूर तक जा गिरा। खौलते तेल की जद में वहां मौजूद वकील और दुकानदार समेत चार लोग आ गए। वकील देवेंद्र प्रसाद के पास जब तक लोग पहुंचते तब तक उनकी मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को फौरन अस्पातल में भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद अशोक राजपथ में जाम लग गया। काफी देर तक अफरा-तफरी की स्थिति मची रही।

### हादसे के बाद धरने पर बैठ गए वकील

इधर, घटना से आक्रोशित वकील कोर्ट परिसर में ही धरने पर बैठ गए। वह हंगामा कर रहे हैं। उनका कहना है सुरक्षा ऑडिट कई सालों से नहीं हुआ है। ट्रांसफरमर बहुत पुराना था, राजधानी के जिला न्यायालय में मुलभुत सुबिधाओं का बहुत आभाव है। इस कारण मजबूर होकर वकीलों जहां-तहां बैठना पडता है। वकील पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## पहली परीक्षा में पास हुए नायब सैनी, विधानसभा में बिना मतदान ध्वनिमत से पारित हुआ विश्वास प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने सदन में बहुमत हासिल कर लिया है। बुधवार को सदन में पेश प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया। सुबह ठीक 11 बजे सीएम नायब सिंह सैनी सदन में पहुंचे और शोक प्रस्ताव पढ़ने के बाद विश्वास प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। स्पीकर ने सदन में एक घंटा विपक्ष और एक घंटा सत्तापक्ष को विश्वास मत पर बोलने का समय तय किया था। चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक रघुबीर कादियान ने कहा कि 11 मार्च को पीएम हरियाणा आते हैं तो वहां पर पूर्व सीएम मनोहर लाल की तारीफों के पुल बांधे जाते हैं। अगले दिन यह घटना घटती है, इसका असर जनता पर भी पड़ता है। जो वोट बैंक किसी राजनीतिक पार्टी का था उसमें एंटी इंकम्बेंसी आ जाती है। मनोहर लाल के साथ हमारी संवेदना है, उन्हें बड़े बेआबरू होकर बाहर निकाला गया। इतना बड़ा चीरहरण तो द्रौपदी का भी नहीं हुआ था। वहीं विधायक राव दान सिंह ने कहा कि क्या इमरजेंसी थी कि अचानक विश्वास मत हासिल करने की जरूरत पड़ी। 11 मार्च को पीएम पूर्व मुख्यमंत्री की तारीफों के पुल बांधते हैं और रातोंरात पूरा सीन बदल जाता है। मुझे लगता है कि इस सरकार में कुछ न कुछ कमियां जरूर रही होंगी, इसलिए यह कदम उठाना पड़ा। अपने बदतर हालात को छिपाने के लिए सरकार ने यह परिवर्तन किया। इधर उधर की बात मत कर यह बता कि यह कारवां क्यों लुटा। राव दान सिंह ने कहा कि मैं इस विश्वास मत का विरोध करता हूं, इसका चुनाव सीक्रेट बैलेट पर करवाया जाए। चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने निर्दलीय विधायकों को बेचारा कहा। इस शब्द पर नयनपाल रावत ने आपत्ति जताई, जिसके बाद शर्मा ने शब्द वापस लिए। वहीं नयनपाल रावत ने कहा ये हुड्डा की सरकार नहीं जहां हजकां के विधायक खरीदकर सरकार बनाई थी। इस पर विपक्ष के विधायक खड़े हो गए और हंगामे का माहौल बन गया। वहीं मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि ये बात पूरा हरियाणा जानता है, इस बात में क्या संदेह है। पूर्व सीएम भूपेन्द्र हुड्डा खड़े हुए और कहा कि लोग जानते हैं मैं बोलकर पोल खोलूं अभी? इसके बाद स्पीकर ने मामला शांत कराया।

### हमारी सरकार ने गरीब के हाथ में सत्ता दी

प्रस्ताव के पक्ष में मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मैं विश्वास मत के समर्थन में हूं। एक गरीब किसान के घर में पैदा हुआ बच्चा इस पद पर पहुंचा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवार की राजनीति करने वाले हैरान हैं। इनके सदस्य कहते है सीक्रेट वोटिंग होनी चाहिए। कांग्रेस के लोग अपने साथियों को इकट्ठा करके दिखाएं तब ये कह सकते है कि विश्वास मत के खिलाफ हैं। हमारी सरकार ने गरीब के हाथ में सत्ता दी है। किसानों के खातों में पैसे डाले है। जेपी दलाल ने कहा मनोहर लाल इससे भी ऊंचे पद पर जाएंगे। कांग्रेस के साथियों का पूर्व मुख्यमंत्री को ईमानदार बताने और नए मुख्यमंत्री को शरीफ बताने पर धन्यवाद करता हूं।



## दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी, 8400 करोड़ रुपये होंगे खर्च, कैबिनेट में फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इन पर 8400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि पहला कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगा। इसकी लंबाई 8.4 किलोमीटर होगी। वहीं, दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच होगा जिसकी लंबाई 12.4 किलोमीटर होगी। इन दोनों कॉरिडॉर का काम मार्च 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि लाजपत नगर से साकेत के बीच बनने वाला मेट्रो ब्लॉक सिल्वर, मेजेंटा, पिंक और वॉयलट लाइन्स को जोड़ेगा। इस पर आठ स्टेशन होंगे और यह पूरी तरह से एलिवेटेड होगा।केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इंद्रलोक और इंद्रप्रस्थ के बीच बनने वाले 12.377 किलोमीटर के कॉरिडोर के जरिए ग्रीन लाइन का एक्सटेंशन किया जाएगा। इसके यात्रियों को रेड, यलो, एयरपोर्ट लाइन, मेजेंटा, वॉयलट और ब्लू लाइन से इंटरचेंज करने की सुविधा मिलेगी। इस कॉरिडोर के जरिए हरियाणा के बहादुरगढ़ रीजन के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# सुरेश मिश्र को मिला साने गुरुजी राष्ट्रीय एकता जीवन गौरव पुरस्कार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला साने गुरुजी राष्ट्रीय एकता जीवन गौरव पुरस्कार इस बार प्रसिद्ध हास्य कवि एवं तमाम पुस्तकों के रचयिता सुरेश चंद्र मिश्र को चर्चगेट मुंबई स्थित रमेश पामी थडवानी सभागृह जयहिंद महाविद्यालय में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के तहत सुरेश मिश्र को इक्यावन हजार रुपए, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाणपत्र वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधाकर मिश्र, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दूबे, पत्रकार विमल मिश्र, साहित्यकार व अकादमी सदस्य प्रमोद शुक्ल और उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू लोढ़ा के कर कमलों से प्रदान किया गया। इससे पूर्व भी मिश्र जी को दर्जनों राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उनकी लिखी दो कविताएं महाराष्ट्र शिक्षा बोर्ड पुणे के कक्षा नौवीं और कक्षा छठवीं के पाठ्यक्रम में शामिल की गई हैं।साहित्यकारों और पत्रकारों से खचाखच भरे सभागृह में सुरेश मिश्र ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सम्मान जीवन गौरव हिंदी सेवी पुरस्कार आचार्य उदयन मीमांसक, अखिल भारतीय डाक्टर राममनोहर त्रिपाठी पुरस्कार पं. राम बोध पांडेय को दिया गया। पत्रकार कृष्ण चंद्र दूबे, संजय भारद्वाज, संध्या पांडेय,गणपत राठौड़, अतुल कुमार अग्रवाल, डाक्टर नीला बोर्दणकर, कुलदीप कुमार श्रीवास्तव को भी विविध क्षेत्रों में योगदान के लिए जीवन गौरव पुरस्कार दिए गये। विधा पुरस्कारों में श्रीमती सुधा झालानी, डाक्टर उमेशचंद्र शुक्ल, संतोष कुमार झा, मनोज कुमार गोयल, राकेश त्रिवेदी, श्रीमती प्रतिभा सिंह, श्रीमती ममता सिंह, सहित कविता, कहानी, उपन्यास, निबंध आदि विधाओं में में पुरस्कार दिए गये। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक रहे आनंद सिंह ने किया। इससे पहले अकादमी के कार्याध्यक्ष डाक्टर शीतला प्रसाद दूबे ने अकादमी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)